Page 11



खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10



देश

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, शतभिषा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • गुरूवार • 30 मई 2024 • वर्ष 26 • अंक 169 • पृष्ठ 12

गंभीर का टीम इंडिया का हेड कोच बनना लगभग तय, 2021 में हेड कोच बने थे...

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा : चार जून को इंडिया गठबंधन बनायेगा सरकार...

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹73, 200 | ₹97,700 |



## आज का इतिहास

- 2010 : 8 भारतीयों के जहाजों का अपहरण कर लिया जाता है और 120 विक्रेताओं को छोटे समुद्री डाकू और किसमायो के तट से अगवा कर लिया जाता है।
- 2013 : उहुरू केन्याटा को केन्या के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा केन्या के राष्ट्रपति चुनाव का सही विजेता घोषित किया जाता है।

## न्यूज बाइट्स

### जल्द केरल पहुंच रहा मानसून

**नई दिल्ली (ए.)।** देशभर में भीषण गर्मी पड़ रही है। दिल्ली-एनसीआर राजस्थान समेत कई राज्यों में तापामान 49 डिग्री तक पहुंच चुका है। दिल्ली के उप राज्यपाल वी के सक्सेना ने भयंकर गर्मी को देखते हुये लेबर एवं श्रमिकों के लिये दोपहर 12-3 बजे सवेतन छुट्टी रखने के आदेश दिए हैं। देशवासियों को मानसून का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच भारतीय मौसम विभाग ने बारिश को लेकर पूर्वानुमान जताया है। आईएमडी ने जानकारी दी कि 30 मई को दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब सहित राजस्थान सहित बारिश हो सकती है।

### बिहार के मेडिकल कॉलेजों में हिंदी में हो सकेगी एमबीबीएस की पढ़ाई

**पटना (नि.सं.)।** बिहार के मेडिकल कॉलेजों में छात्र-छात्राओं को अपनी मातृभाषा में मेडिकल की पढ़ाई को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने पहल शुरू कर दी है। वर्तमान में मध्य प्रदेश में राज्य सरकार की ओर से वहां मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में कराई जा रही है। बिहार में भी हिंदी में मेडिकल की पढ़ाई शुरू करने को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तीन सदस्यीय टीम का गठन कर दिया है।

### उप राष्ट्रपित ने चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि की अर्पित

**नई दिल्ली (ए.)।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को बुधवार को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री धनखड़ सुबह राष्ट्रीय राजधानी के किसान घाट गये और पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। श्री धनखड़ के साथ राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष एवं चौधरी चरण सिंह के पौत्र एवं राज्यसभा सांसद जयंत चौधरी भी थे। इस अवसर पर किसान घाट पर एक प्रार्थना सभा का आयोजन भी किया जिसमें कई किसान नेताओं और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। पूर्व प्रधानमंत्री को दूर दराज से आये लोगों ने भी पुष्प अर्पित किये।

### चार नाबालिग समेत 10 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ (छत्तीसगढ़) (ए.)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को बड़ी सफलता मिली है। दंतेवाड़ा में बुधवार को चार नाबालिगों समेत 10 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वाले सभी नक्सली पड़ोसी नारायणपुर जिले के रेखावाया गांव के रहने वाले हैं।

गर्मी का तांडव

बिहार में भीषण गर्मी और उमस के कारण स्कूलों में बच्चों की हालत होती जा रही खराब

# बच्चे हो रहे बेहोश, 50 से ज्यादा बीमार

- अपर मुख्य सचिव के निर्देशानुसार, विद्यालय का संचालन सुबह छह बजे से दोपहर एक बजे के बीच किया जा रहा है। ऐसे में भीषण गर्मी की चपेट में आने से बच्चे तो बच्चे शिक्षक, सफाई कर्मी व रसोइया तक बेहोश हो रहे हैं।

निज संवाददाता | मुंगेर, बांका, शेखपुरा

बिहार में पारा 48 डिग्री के पास है। गर्मी से बुधवार को कई जिलों में 80 बच्चे बेहोश हो गए। इनमें से कई का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। भीषण गर्मी और उमस के कारण स्कूलों में बच्चों की हालत खराब होती जा रही है। शेखपुरा, मुंगेर समेत अन्य जिलों के विभिन्न स्कूलों में 50 से ज्यादा छात्र-छात्राएं बीमार हो गए। इनमें से कई बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। इससे स्कूलों में अफरातफरी मच गई। इनके नाक से खून बहने लगा, उल्टी भी हुई। कई जगहों पर शिक्षक और अन्य कर्मचारी भी हीट स्ट्रोक से बेहोश हो गए। मूर्छित बच्चों को शिक्षक एवं अन्य लोग आनन-फानन में अस्पताल ले गए और उनका इलाज कराया गया। अभिभावकों में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के खिलाफ रोष बढ़ता जा रहा है। भीषण गर्मी और लू के बावजूद स्कूलों में न तो छुट्टी की जा रही है और न ही समय में बदलाव किया जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक शेखपुरा जिले के अरियारी स्थित मनकोल गांव के हाई स्कूल में एक के बाद एक दर्जनों छात्राएं बेहोश होकर गिरने लगीं। यह नजारा देख शिक्षकों के हाथ-पैर फूल गए। ग्रामीणों को जैसे ही सूचना मिली वे दौड़े-दौड़े स्कूल पहुंचे और सभी बच्चों को अस्पताल ले जाया गया।



### मिड डे मील पकाते समय रसोइया बेहोश होकर गिरी

बांका जिले के शंभूगंज प्रखंड क्षेत्र के मिर्जापुर पंचायत स्थित ललवामोड़ गांव के प्रोन्नत मध्य विद्यालय में बुधवार को खाना बनाने के दौरान रसोईया मुर्छित होकर जमीन पर गिर पड़ी। पीड़ित महिला रीना देवी स्कूल में बेहोश हो गई। विद्यालय के शिक्षकों ने इलाज के लिए आनन-फानन में रीना को ग्रामीण डाक्टर के निजी क्लीनिक में भर्ती कराया। इलाज कर रहे डॉक्टर ने बताया कि उमस भरी गर्मी में आग के पास खाना बनाने से महिला अचेत हो गई।

## प्रचंड गर्मी के कारण आठ जून तक स्कूल बंद

निज संवाददाता | पटना

भीषण गर्मी के कारण बिहार के सभी सरकारी व निजी स्कूल, आंगनबाड़ी और कोचिंग संस्थान 30 मई से आठ जून तक बंद रहेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा ने सभी जिलाधिकारियों को इसका आदेश बुधवार को जारी किया है। साथ ही शिक्षा विभाग और समाज कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव को भी इस संबंध में पत्र भेजा गया है। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा है कि पिछले कुछ दिनों से अप्रत्याशित भीषण गर्मी के साथ लू के प्रकोप में बिहार के अधिकांश जिले हैं। कुछ जिलों में यथा गया, औरंगाबाद, कैमूर में तामपान 46 डिग्री से भई ज्यादा दर्ज किया जा रहा है। यह स्थिति कमोबेश अन्य सभी जिलों की भी है। 29 मई को हुई आपदा प्रबंधन समूह की बैठक में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के प्रतिनिधि के द्वारा यह अनुमान बताया गया है कि ऐसी गर्मी की स्थिति आठ जून तक बने रहने की संभावना है। अतः यह निर्णय लिया गया है कि सभी स्कूल, आंगनबाड़ी और कोचिंग संस्थान में शिक्षण कार्य 30 मई से आठ जून तक बंद रखा जाये, ताकि भीषण कर्मी के प्रकोप से बच्चों को बचाया जा सके। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को यह भी कहा है कि भीषण गर्मी एवं लू से बचाव के लिए आपदा प्रबंधन विभाग के माध्यम से चार अप्रैल, 2024 को जारी दिशा-निर्देश तथा इस संबंध में विभिन्न विभागों के द्वारा निर्गत मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप कार्रवाई करना सुनिश्चत करें। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को दिये निर्देश में कहा था कि भीषण गर्मी और भयंकर लू की चपेट से राज्य में आपदा की स्थिति बन रही है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए स्कूलों को बंद करने के संबंध में समुचित कार्रवाई सुनिश्चत करें।

## पटना हाईकोर्ट ने बीपीएससी शिक्षक भर्ती पर लगाई रोक

निज संवाददाता | पटना



पटना हाईकोर्ट ने राज्य के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों (सेकेंडरी स्कूलों) में अतिथि शिक्षकों को बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में शिक्षक भर्ती परीक्षाओं में वरीयता/वेटेज के लिए (प्रतिवर्ष पांच अंक और अधिकतम 25 अंक) प्रदान करने के मामले में राज्य सरकार को एक माह में निर्णय लेने का निर्देश दिया है। न्यायाधीश अंजनी कुमार शरण ने संदीप कुमार झा एवं अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए शिक्षक नियुक्ति के लिए बीपीएससी द्वारा जारी विज्ञापन पर रोक लगा दी है। बीपीएससी ने राज्य में 85 हजार शिक्षकों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन संख्या 22/24, दिनांक 07 फरवरी, 2024 को निकाला था। पहली बार प्रश्न पत्र लीक होने पर मार्च, 2024 को परीक्षा रद्द कर दी गई थी। कोर्ट ने जानना चाहा कि जब अतिथि शिक्षकों व संविदा शिक्षकों के कार्य समान हैं, तो अतिथि शिक्षकों को अनुभव के आधार पर प्रतिवर्ष पांच अंकों का लाभ क्यों नहीं दिया जाए? कोर्ट ने राज्य सरकार को इस बारे में एक माह के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि पिछड़ा और अति पिछड़ा विभाग के शिक्षकों को प्रतिवर्ष के अनुभव के लिए पांच अंक दिया जाता है, जो कि अधिकतम 25 अंकों तक होता है।

## 25 जिलों के 4 करोड़ बच्चों को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल की गोलियां

**पटना (नि.सं.)।** इस वर्ष राज्य के 25 जिले में 1 से 19 वर्ष के लगभग 4 करोड़ बच्चों को कृमि मुक्ति दवा की खुराक खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इस संबंध में राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने राज्य के 25 जिलों के सिविल सर्जन को पत्र भेजकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के दूसरे चरण का अभियान अगस्त में चलाने का निर्देश दिया है। अभियान से संबंधित सभी प्रकार की तैयारियां 31 जुलाई तक सुनिश्चित करने को कहा है। राज्य में प्रतिवर्ष दो चरणों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान का आयोजन किया जाता है। पहला चरण फरवरी में होता है, जबकि दूसरे चरण का अभियान अगस्त में चलाया जाएगा। अभियान के दौरान एक वर्ष से लेकर 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि से मुक्ति के लिए एल्बेंडाजोल दवा की खुराक दी जाती है। यह कार्यक्रम सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों के अलावा सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर संचालित होता है। इसके लिए 15 जुलाई तक जिलों में दवा की आपूर्ति सुनिश्चित की जानी है।

## केंद्रीय संचार ब्यूरो पटना द्वारा चार दिवसीय मतदाता जागरूकता अभियान का हुआ समापन

निज संवाददाता | पटना




भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो,सीबीसी, पटना इकाई द्वारा पटना साहिब संसदीय क्षेत्र में चलाए जा रहे चार दिवसीय विशेष मतदाता जागरूकता अभियान का दिनांक 29 मई 2024 को चौथा व अंतिम दिन था । इस अवसर पर नगर के इको पार्क परिसर में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय संचार ब्यूरो पटना द्वारा विशेष हस्ताक्षर अभियान, स्टैंडी तथा अन्य प्रचार सामग्रियों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर आम जनता से बढ़ चढ़ कर आगामी एक जून को मतदान करने की अपील की गई। आपसी परिचर्चा कार्यक्रम द्वारा केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा आम जनता को आगामी एक जून को पटना साहिब तथा पाटलिपुत्र लोक सभा क्षेत्र में होने वाले लोक सभा मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी प्रकाश कुमार सिंह ने आम जनों को मतदान के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि विशेष रूप से पहली बार मत देने वाले मतदाताओं, युवा, महिला, वृद्धजनों तथा दिव्यांग मतदाताओं को मतदान करने के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया जा रहा है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि आगामी लोक सभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से पहली बार मत दे रहे मतदाताओं पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा मतदान के महत्व को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित आम लोगों को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर एक प्रश्नोत्तरी तथा परिचर्चा भी आयोजित की गई, जिसमें सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मंत्रालय से संबद्ध सुरांगन पटना के कलाकारों द्वारा मतदाता जागरूकता गीत तथा "पहले मतदान फिर जलपान" नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई जिसका उपस्थित दर्शकों द्वारा भरपूर आनंद लिया गया। इस कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के राजू कुमार तथा सुरेंद्र चौधरी तथा स्थानीय नागरिकों की प्रमुख भूमिका रही। पूर्व में नगर के प्रमुख स्थलों- पी एंड एम मॉल ,मैरिन ड्राइव तथा गांधी मैदान में ऐसा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया था। आज के कार्यक्रम के साथ ही चार दिवसीय जागरूकता अभियान का समापन किया गया।

## इंटरमीडिएट और मैट्रिक की विशेष व कंपार्टमेंटल परीक्षा का परिणाम जारी

- इंटरमीडिएट विशेष परीक्षा 2024 में उत्तीर्णता प्रतिशत रहा 59.68 प्रतिशत रहा।

निज संवाददाता | पटना

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने बुधवार को इंटरमीडिएट एवं मैट्रिक विशेष तथा कंपार्टमेंटल परीक्षा 2024 का रिजल्ट जारी कर दिया। परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि इंटरमीडिएट विशेष व कंपार्टमेंटल परीक्षाफल वेबसाइट http://seniorsecondary.biharboardonline.com पर तथा मैट्रिक के परीक्षा फल को वेबसाइट https://results.biharboardonline.com पर जाकर देख सकते हैं। इंटरमीडिएट विशेष परीक्षा 2024 में उत्तीर्णता प्रतिशत रहा 59.68 प्रतिशत रहा। वहीं, इंटरमीडिएट कंपार्टमेंटल परीक्षा 2024 में उत्तीर्णता का प्रतिशत रहा 57.88 प्रतिशत रहा। इसके साथ मैट्रिक की विशेष परीक्षा 2024 में 63.72 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

### संकायवार परीक्षा फल

**विज्ञान संकाय** - इस संकाय में 4,907 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिसमें 3,016 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

**कला संकाय** - इस संकाय में 5,701 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिसमें 3,233 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

**वाणिज्य संकाय** - इस संकाय में 441 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिसमें 344 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2024 के एक या दो विषयों में असफल विद्यार्थियों में 35.47 प्रतिशत विद्यार्थी मैट्रिक कंपार्टमेंटल परीक्षा 2024 के तहत उत्तीर्ण हुए हैं। इंटरमीडिएट विशेष परीक्षा 2024 में 6,283 छात्र एवं 4,768 छात्राओं सहित कुल 11,051 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे, जिसमें 3,565 छात्र एवं 3,030 छात्राओं सहित कुल 6,595 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इस परीक्षा में उत्तीर्णता 59.68 प्रतिशत रहा। इस परीक्षा में 2,290 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 3,155 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी एवं 850 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं।

बिहार सरकार स्वास्थ्य विभाग एवं स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त

श्री राज नर्सिंग एंड पारा मेडिकल इंस्टीच्यूट

मीठापुर बस स्टैंड रोड, जक्कनपुर पुलिस थाना के पास, पटना

Paramedical Course

» BPT » BOT

» BMLT » BHM

Students Credit Card Facility Available

Nursing Courses

» B.Sc. Nursing

» GNM

» ANM

Registration for Session 2024




प्रशिक्षण हेतु संस्थान का अपना आधुनिक अस्पताल

Ph. 0612-2360081, 9155558888, 9162413233

E-mail: srthospital@gmail.com, Web : www.biharparamedical.org

## सीजेआई चंद्रचूड़ के बाद सात साल में होंगे आठ सीजेआई

एजेंसी | नई दिल्ली

देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ इसी साल 10 नवंबर को रिटायर हो रहे हैं। उन्होंने देश के 50वें सीजेआई के रूप में 9 नवंबर 2022 को पदभार संभाला था। उनका कार्यकाल दो साल का रहने वाला है। उनके बाद जस्टिस संजीव खन्ना देश के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। हालांकि, वह छह महीने बाद ही रिटायर हो जाएंगे। उनके बाद भी कई चीफ जस्टिस होंगे जो छह महीने से पहले ही रिटायर हो जाएंगे। इस तरह अगले सात साल में देश को कुल आठ मुख्य न्यायाधीश मिलने जा रहे हैं। इनमें से अधिकांश का कार्यकाल दो साल से छोटा रहने वाला है। सीजेआई चंद्रचूड़ के बाद जस्टिस संजीव खन्ना 11 नवंबर, 2024 को देश के 51वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण करेंगे। उनका कार्यकाल मात्र 6 महीने का रहने वाला है। वह 13 मई, 2025 को सेवानिवृत्ति हो जाएंगे। जनवरी 2019 में जस्टिस खन्ना को दिल्ली हाई कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नत किया गया था। वे फिलहाल कंपनी कानून, सेवा कानून, नागरिक कानून, वाणिज्यिक कानून और मध्यस्थता सहित अन्य मामलों की सुनवाई के रोस्टर पर हैं।

## 15 जून को ब्लॉक हो जाएगा राशन कार्ड, नहीं मिलेगा अनाज

निज संवाददाता | पटना

राशन कार्ड पर अंकित सभी पारिवारिक सदस्यों को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके लिए तिथि निर्धारित की गई है। 15 जून तक अगर ई-केवाईसी नहीं कराया तो लाभुकों को खाद्यान्न लाभ लेने से वंचित होना पड़ेगा। उक्त आदेश अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी अमित कुमार ने जारी किया है। इससे सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी और जनवितरण प्रणाली दुकानदारों को अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कहा है कि सभी लाभुक निर्धारित तिथि के अंदर अपने निकटतम जविप्र दुकानों पर जाकर अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी करा लें। उक्त प्रक्रिया दुकानों पर लगाए गए पास मशीन के माध्यम से निशुल्क की जाएगी। अगर तय समय के अंदर लाभुकों द्वारा ई-केवाईसी नहीं कराया जाता है तो राशन कार्ड से उनका स्वतः विलोपित हो जाएगा। अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी ने सभी जविप्र दुकानदारों को निर्धारित तिथि के अंदर अपने-अपने क्षेत्र के लाभुकों को इससे अवगत कराने को कहा है। अगर लाभुक के पास आधार कार्ड नहीं है तो यह उनकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी, इसलिए निर्धारित तिथि से पहले आधार कार्ड भी बनवा लें।

बिहार में दुकानों और प्रतिष्ठानों में काम करने वाली महिलाओं को सीएम की ओर से खास सुविधा

## कामकाजी महिलाओं के लिए नीतीश सरकार लाने जा रही नया कानून

- कामकाजी महिलाओं को खास सुविधा, जबरन नाइट शिफ्ट नहीं लगेगी

निज संवाददाता | पटना

बिहार में दुकानों और प्रतिष्ठानों में काम करने वाली महिलाओं को नीतीश सरकार खास सुविधा देने वाली है। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। कार्यस्थल पर अनिवार्य रूप से महिलाओं को विशेष सुविधा देने के लिए श्रम संसाधन विभाग एक विशेष विधेयक बना रहा है। इसका ड्राफ्ट तैयार हो गया है। लोकसभा चुनाव के बाद इसे मंजूरी के लिए नीतीश कैबिनेट में भेजा जाएगा। इसके जरिए महिलाओं के कामकाजी घंटों का समय निर्धारित किया जाएगा।



श्रम संसाधन विभाग ने बिहार राज्य दुकान और प्रतिष्ठान (रोजगार विनियमन और सेवा शर्त) विधेयक, 2023 का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। नियम लागू होने के बाद महिला कर्मचारियों को सुविधा नहीं देने पर सख्त कार्रवाई होगी। कोई भी संचालक अपनी दुकान या प्रतिष्ठान में महिला कर्मचारी को सुबह 6 बजे से पहले और रात 9 बजे के बाद काम करने के लिए जबरदस्ती नहीं कर सकेंगे। यानी कि महिला कर्मचारियों की जबरन नाइट शिफ्ट नहीं लगाई जा सकेगी। इसके अलावा 10 या इससे अधिक कर्मचारियों के रहने पर सभी दुकान एवं प्रतिष्ठानों का निबंधन अनिवार्य किया जाएगा। प्रतिष्ठानों में काम करने वाले कर्मचारियों का पहचान पत्र अनिवार्य रहेगा। मजदूरी एवं अन्य बकाया का भुगतान कर्मचारी के बैंक, डाकघर खाता में किया जाएगा। अगर कर्मचारी का बैंक खाता, डाकघर में खाता नहीं है तो नियोजक कर्मचारी का 30 दिनों के भीतर खाता खुलवाने में सहायता करेंगे। श्रम संसाधन विभाग की ओर से नए कानून का ड्राफ्ट राज्य कैबिनेट के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। नीतीश कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद इसे बिहार विधानमंडल में चर्चा के लिए रखा जाएगा। दोनों सदनों से पारित होने के बाद इस पर राज्यपाल की मुहर लगवाई जाएगी। इसके बाद गजट नोटिफिकेशन जारी कर इसे लागू कर दिया जाएगा।

BAYC Institute

स्थापित : 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY




Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है। सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें।

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### निर्जला एकादशी : आरक्षी हो प्रतिनियुक्त

**गया।** 17 जून को निर्जला एकादशी का पर्व है। इस दिन विश्व प्रसिद्ध श्री विष्णुपद में श्रद्धालुओं की आपार भीड़ लगेगी। श्री विष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति के सचिव गजाधरलाल पाठक ने सदर एसडीओ के पास आवेदन देकर इस दिन आरक्षी व महिला आरक्षी की प्रतिनियुक्ति की मांग की है, ताकि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

### जीबीएम कॉलेज में मनाया मासिक धर्म स्वच्छता दिवस

**गया।** गौतम बुद्ध महिला कॉलेज, गया के सेहत केंद्र और एनएसएस इकाई की ओर से मंगलवार को को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. सहदेव बाउरी के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी सह जिला नोडल पदाधिकारी व सेहत केंद्र की नोडल पदाधिकारी डॉ. प्रियंका कुमारी द्वारा किया गया। जीव विज्ञान विभाग की प्राध्यापक डॉ. फरहीन वजीरी ने मासिक धर्म की प्रक्रिया और फिजियोलॉजी को विस्तार रूप से बताते हुए मासिक धर्म में स्वच्छता पर विशेष प्रकाश डाला। डॉ शगुफ्ता अंसारी ने मेंसुरेशन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इससे जुड़े सामाजिक भ्रांतियां से बचने को कहा। सुश्री प्रीति शेखर ने मासिक धर्म में होने वाले मानसिक स्थिति में बदलाव व नियंत्रण पर प्रकाश डाला। डॉ. प्रियंका ने मासिक धर्म में प्रयोग किए जाने वाले सेनेटरी नैपकिन के उपयोग में स्वच्छता पर विशेष जानकारी दी।

### छिनतई मामले में 72 घंटे बाद भी एफआईआर नहीं

**मानपुर।** मुफस्सिल पुलिस लूट छिनतई जैसे मामले की कितनी संवेदनशील है उसका ही बानगी है कि तीन दिन पूर्व हुए घटना का अब तक एफआईआर तक दर्ज नहीं किया है।पीड़ित कमालपुर रोड नम्बर 3रामकृष्ण नगर निवासी विध्यांचल सिंह ने बताया कि बीते 25मई के देर रात लगभग 11.45 बजे ड्यूटी से ऑफ होकर अपने घर जा रहा था।तभी एन एच 82स्थित होटल कार्निवाल के सामने चार अज्ञात युवकों द्वारा बाइक रुकवा कर मारपीट की और मोबाइल व पर्स छीन लिया। घटना की त्वरित सूचना डायल 112 को दी। ।पीड़ित ने कहा कि मामले की लिखित तहरीर स्थानीय थाना में दी।पीड़ित की माने तो स्थानीय थाना द्वारा एक पुलिस अधिकारी को भेज कर मामले की जांच करवाई गई है,बावजूद इसके प्राथमिकी दर्ज नहीं होना कई सवाल खड़ा कर रहा है।

### एकल अभियान के तहत मासिक अभ्यास वर्ग आयोजित

**टिकारी।** एकल अभियान, टिकारी संच के तत्वावधान में मंगलवार को मासिक अभ्यास वर्ग का आयोजन टिकारी स्थित विश्व हिंदू परिषद प्रांगण में किया गया। अभ्यास वर्ग में जून माह में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रत्येक केंद्र पर पांच जून को एक-एक फलदार, लकड़ीदार पौधा लगाने का निर्देश दिया गया और विश्व योग दिवस पर अपने ग्राम समिति, बच्चों के साथ योग करने का भी निर्देश दिया गया। बढ़ती गर्मी के देखते हुए अपने अपने केंद्र पर पढ़ाई की भी बात किया गया। अभ्यास वर्ग में आचार्य-आचार्या में रजनी कुमारी, ज्योति पाठक, तनु कुमार, अखिलेश कुमार, बिन्नी कुमारी, अंजू देवी, ज्ञानती कुमारी के साथ संच अध्यक्ष गणेश प्रसाद, सचिव शिवबल्लभ मिश्र, माता समिति की अध्यक्ष सिंधु जैन, कोषाध्यक्ष रामनिवास ठाकुर, संच प्रमुख महेश कुमार, अंचल कार्यालय प्रमुख संजय यादव, साधक ब्यास आशुतोष कुमार मिश्र सहित अन्य उपस्थित थे।

### चार हजार से अधिक छात्रों ने दी मिशन दक्ष की परीक्षा

**गया।** जिले के तीन हजार विद्यालयों में मंगलवार को मिशन दक्ष की विशेष परीक्षा हुई। इस परीक्षा के प्रश्न पत्र में दिए गए कैलेण्डर से दिन मंगलवार को ही गायब कर दिया गया। यानी इस प्रश्न पत्र के कैलेण्डर के मुताबिक सप्ताह में सिर्फ छह दिन होते हैं। गलत कैलेण्डर वाला प्रश्न पत्र व्हाट्सएप ग्रुप में खूब वायरल हो रहा है। लोग तरह-तरह के कंमेंट्स कर रहे हैं। शिक्षा विभाग के जिस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम मिशन दक्ष की विशेष कक्षा संचालन के लिए सभी छुट्टियों को खत्म कर दिया गया। फिर पूरी गर्मी की छुट्टी में विद्यालय खुला रखा गया, सुबह 8 से 10 बजे और फिर चिलचिलाती गर्मी में 6 से 1:30 बजे तक। मिशन दक्ष के परीक्षा का प्रश्न पत्र ही गलत छपना यह विभाग की व्यवस्था के प्रति कई प्रश्न खड़ा करता है। कक्षा छह के खंड-ख (गणित) के प्रश्न पत्र में एक प्रश्न पूछा गया जिसमें फरवरी माह के कैलेण्डर के आधार पर नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर देना था। इसमें एक-एक नंबर के फरवरी माह में कितने दिन थे? वसंत पंचमी का त्योहार किस तारीख को था? आदि प्रश्न पूछे गए थे। प्रश्न पत्र में बने कैलेण्डर में दिन मंगलवार नहीं है। शिक्षकों ने कमेंट में लिखा है कि हमलोग प्रश्न देखकर दंग हैं, हैरान हैं और धन्य हुए जा रहे हैं....। बता दें कि गर्मी की छुट्टी में एक अप्रैल से 15 मई तक मिशन दक्ष के तहत चिन्हित बच्चों के लिए दो घंटे का विशेष कक्षा का संचालन किया गया। इस परीक्षा में कक्षा तीन, चार, छह और सातवीं के 72 हजार 88 छात्र-छात्राओं को शामिल होना था। टिकारी |प्रखंड के 27 संकुलों में मंगलवार को चार हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने मिशन दक्ष की परीक्षा दी। इस परीक्षा में वर्ग एक से लेकर आठ तक के विद्यार्थी शामिल हुए। परीक्षा वर्ग के वैसे विद्यार्थियों के लिए विभाग के निर्देश पर आयोजित किया गया था, जो सामान्य वर्ग में पढ़ाई के दौरान पीछे रह जाते हैं। परीक्षा में हिंदी, गणित एवं अंग्रेजी विषयों में 40-40 अंकों की परीक्षा हो रही है।बच्चों को दूसरे विद्यालय में जाने में परेशानी ना हो इसलिए अपने विद्यालय में ही यह कार्य हो रहा है। उनकी उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन निकट के दूसरे विद्यालय से संबद्ध करते हुए किया जाएगा।

### सड़क किनारे खड़े एक बाइक सवार को कार ने कुचला, मौत

**वजीरगंज।** फोरलेन बाईपास दखिनगांव के निकट बीती रात्रि सड़क किनारे खड़े एक बाइक सवार को एक अनियंत्रित कार ने कुचल दिया, जिससे बाइक सवार की मौत इलाज के दौरान हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के सिकंदपुर निवासी 42 वर्षीय अशोक मिस्त्री के रुप में हुई है। जो अपनी दुकान बंद कर घर जाने की तैयारी में था। तभी हिसुआ की ओर से आ रहे एक अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से इलाज के लिए उसे सीएचसी लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद एएनएमएमसीएच रेफर कर दिया गया।

### रायफल के साथ अपराधी गिरफ्तार, पुलिस की गाड़ी देख भाग रहा था बदमाश



**नालंदा।** नालंदा की कल्याण विगहा पुलिस ने एक अपराधी को हथियार-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। अपराधी कल्याण विगहा थाना क्षेत्र के कोलावां गांव निवासी स्व. दुलारचंद पासवान का (50) वर्षीय पुत्र मंगल पासवान है। हरनौत डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव के आलोक में सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध कल्याण विगहा थाना अध्यक्ष की नेतृत्व में सघन गश्ती और छापेमारी की जा रही थी। इसी दौरान कोलावां गांव के समीप एक व्यक्ति पुलिस की गाड़ी को देखकर भागने लगा। पुलिस बल ने पीछा कर उसे पकड़ा और उसकी तलाशी ली। तलाशी लेने के दौरान एक लोडेड राइफल और 2 जिंदा कारतूस बरामद किया गया। बरामद कारतूस और हथियार के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। इसके बाद मंगल पासवान को गिरफ्तार कर लिया गया। मंगल पासवान के पास 2 कारतूस और एक मैगजीन युक्त रायफल बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष के बयान पपर मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है।

# जमीन पर नाला का पानी गिराने का विरोध, वोट बहिष्कार का लिया निर्णय

♦ कहा- 20 वर्षों से नहीं हुआ है समस्या का निदान

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में इन दिनों कई वर्षों से समस्याओं से जूझ रहे ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोग वोट बहिष्कार कर रहे। ऐसा ही एक मामला जिला मुख्यालय बिहार शरीफ के नगर निगम क्षेत्र का है। जहां समस्याओं का निराकरण नहीं होता देख मोहल्ले वासियों ने वोट बहिष्कार का निर्णय किया है। बिहार शरीफ नगर निगम के वार्ड नंबर-33 के मोहल्ले वासियों ने कृषि युक्त भूमि पर नाला का पानी गिरने के विरोध में वोट बहिष्कार का निर्णय लिया। मोहल्ले वासियों ने एक सुर में कहा कि जब तक नाला का पानी बंद नहीं होगा। तब तक वे लोग वोट नहीं करेंगे। अविनाश कुमार, चंदन कुमार, आदम कुमार, परमानंद कुमार, नरेश कुमार, किशोरी महतो, विकी कुमार, सागर कुमार, गौतम कुमार, अजय कुमार ,आलोक कुमार, विक्रम कुमार, कमलेश कुमार ने कहा कि पहले इस 50 एकड़ भूमि में फसलें लहलहाती थी। जिससे जीवकोपार्जन होता था। लेकिन विगत 20 वर्षों से यहां दर्जनों मोहल्ले और गांव का पानी डंप हो रहा है। जिसके कारण 50 एकड़ भूमि पूरी तरह से जलमग्न हो गई है। जिसके कारण यहां के लोगों के समक्ष भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई। लोग अन्य प्रदेश में मजदूरी करने को मजबूर हो गए। नाला का पानी गिरने से पूरे वार्ड में गंदगी फैल रही।

**सांसद, विधायक और प्रशासन को समस्या बताई पर पहल नहीं:** स्थानीय जनप्रतिनिधि से लेकर विधायक, नगर निगम प्रशासन, जिला प्रशासन समेत सांसद को भी इस स्थिति के बारे में अवगत कराया गया है। अब तक इसका कोई निष्कर्ष नहीं निकल सका है। इसी को लेकर वार्ड नंबर-33 महलपर, खैराबाद के लोगों ने वोट बहिष्कार का निर्णय लिया है। महल पर और खैराबाद में करीब 500 घर अवस्थित है। मोहल्ले वासियों ने बैनर और तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया और जब तक नाला का पानी बंद नहीं होगा तो वोट नहीं का नारा लगाया।

# डॉक्टर के इंतजार में थम गई नवजात की सांसें

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा के हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में डॉक्टर की बड़ी लापरवाही सामने आई है। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर का घंटों इंतजार करते-करते नवजात बच्चे ने मां के गोद मे ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिजन डॉक्टर व अस्पताल कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगा रहे है। हिलसा थाना क्षेत्र के गनपत विगहा गांव निवासी इंद्रजीत कुमार की पत्नी का प्रसव पीड़ा के उपरांत पटना के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। बीते 23 मई को नॉर्मल डिलीवरी हुआ। और बच्चा को जन्म दी। प्रसव के बाद डॉक्टर ने जच्चा बच्चा को स्वस्थ बताया। दो दिन पूर्व डॉक्टर के कहने पर वे घर चले आये। मंगलवार की सुवह नवजात बच्चे की तवियत पर थोड़ा संदेह हुआ। उसके बाद दिखाने के लिए हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में लेकर आए। जहाँ डॉक्टर के इंतजार करते करते मां की गोद मे ही नवजात की सांस थम गई। घँटों बाद आए डॉक्टर ने नवजात को मृत घोषित कर दिया। इतना सुनते ही परिजन अस्पताल के डॉक्टर व कर्मी पर लापरवाही का आरोप लगाते ही हंगामा करने लगे। यहां तक कि घटना के बाद परिजन को एम्बुलेंस तक मुहैया नही कराया गया। निजी वाहन भी नहीं मिली, तब जाकर चिलचिलाती धूप में शव को गोद मे लेकर परिजन को घर जाना पड़ा। मृतक के पिता इंद्रजीत कुमार ने दावे के साथ कहा कि अस्पताल में डॉक्टर के इंतजार में दो घण्टे तक करते रहे। सुवह में जब बच्चे की तवियत पर संदेह हुआ तो ठीक 11:30 बजे हिलसा अनुमण्डलीय अस्पताल बच्चे को लेकर पहुचे, जहाँ चैम्बर में कोई डॉक्टर नही बैठे थे। कुर्सी खाली पड़ी थी। जब एक स्टाफ से डॉक्टर साहब के बारे में पूछा तो उसने कहा आएंगे उधर बैठ जाइए। डॉक्टर साहब का इंतजार करते करते दो घण्टे बीत गए तभी एक स्टाफ से पूछने पर बोला यहां कोई नही आएंगे पुरानी बिल्डिंग में लेकर चले जाओ। जैसे ही पुरानी बिल्डिंग में ले गए वहां एक डॉक्टर व पाँच छह नर्सिंग स्टाफ गप्पे मार रहे थे।

# जमींदार पर 5 बार चाकू से किया हमला

निज संवाददाता। गया



चंदौती थाना क्षेत्र के प्रेतशिला के निकट देर शाम कुछ अपराधियों ने 20 वर्षीय एक युवक को चाकू मार दिया। युवक जमींदर कुमार घायल हो गया। उसे स्थानीय लोगों की मदद से जेपीएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जख्मी युवक चंदौती थाना क्षेत्र के अगरैली गांव का रहने वाला है। घायल के परिजनों ने स्थानीय थाना पुलिस को सूचना दी है। घटना स्थल पर डायल 112 की टीम भी पहुंची थी। बताया जा रहा है कि चाकू मारने वाले दो अपराधी अगरैली के थे और अन्य दूसरे गांव के थे। जमींदर के भाई अनिल यादव ने बताया कि कोसमा पहाड़ी स्थित प्रेतशिला के पास मंगलवार को मेला लगता है। उसी मेले में जमींदर भी अपने साथियों के साथ आया था। मेला में घूमने में काफी शाम हो गई थी। देर शाम वह अपने घर अगरैली लौट रहा था। तभी घात लगाए बदमाशों ने रास्ते में हमला बोल दिया। जमींदर को बदमाशों ने बदन के विभिन्न जगहों पर 5 बार चाकू से हमला किया। सड़क पर जमींदर के गिरते ही सभी अपराधी मौके से भाग गए। स्थानीय लोगों की मदद से जमींदर जेपीएन अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। पीड़ित पक्ष की ओर से थाने में कोई आवेदन नहीं दिया गया है।

# घर से 4 किमी दूर युवती की मिली लाश, देर रात लापता लड़की की सुबह मिली मौत की सूचना

निज संवाददाता। गया



♦ प्रेम-प्रसंग की जताई जा रही आशंका

गया जिले के अति नक्सल प्रभावित इमामगंज थाना क्षेत्र के परसिया गांव के समीप पटेल आहार पर 18 वर्षीय युवती का पेड़ से लटका शव बरामद हुआ है। लोगों को सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों के भीड़ उमड़ने लगी है। घटना की सूचना इमामगंज पुलिस को दी गई है। मौके पर पुलिस पहुंच चुकी है। घटना की पड़ताल में जुटी है। शव के पोस्टमॉर्टम की तैयारी में पुलिस जुट गई। मृतका की पहचान मैगरा थाना क्षेत्र के सेवरा पंचायत अंतर्गत कसियाडीह गांव निवासी स्व. सरदारी भुईया की 18 वर्षीय बेटी गीता कुमारी के रूप में हुई है।

**जांच और लोगों से पूछताछ चल रही:** गीता मंगलवार रात 11 बजे से घर से लापता थी। रात में घर वालों ने खोजबीन की पर कहीं कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस के मुताबिक मामला प्रेम-प्रसंग का है। जांच और लोगों से पूछताछ चल रही है। मृतका के घर से घटना स्थल की दूरी करीब 4 किलोमीटर है। मृतका का घर मैगरा थाना क्षेत्र के कसियाडीह में है, जबकि घटना स्थल इमामगंज थाना क्षेत्र के परसिया में गांव पतरकी नहर है। मृतका का गांव दलित टोला में है जो कि पहाड़ की तलहटी में बसा है।

**घर वाले सो रहे थे, तभी गीता घर से लापता हुई:** मृतका की भाभी वैजयंती देवी ने कहा कि गीता के पिता नहीं हैं। मंगलवार की रात घर के सभी लोग खाना खाकर घर के आंगन में एक साथ सो रहे थे। 11 बजे रात को मां बोली कि गीता नहीं है। रातभर छानबीन की पर पता नहीं चला। सुबह हुई तो पता चला कि गीता की लाश पेड़ से लटकी हुई है। ग्रामीणों के बीच से कई तरह की बातें सामने आ रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हत्या कहीं और साक्ष्य छुपाने को लेकर पेड़ से लटका दिया गया है। हत्या या आत्महत्या पुलिस दोनों एंगल से जांच कर रही है। इमामगंज थाना प्रभारी रास बिहारी सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# JDU नेता समेत 53 लोगों पर लगा CCA

## दो आरोपियों को किया गया जिला बदर, 200 से अधिक अभियुक्तों पर हो चुकी है कार्रवाई

निज संवाददाता। नालंदा



लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने सीसीए के तहत 53 आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की है। इन्हें थाना बदर किया गया है। इनमें से दो आरोपितों को जिला बदर कर दिया गया है। डीएम शशांक शुभंकर ने सुनवाई के बाद यह निर्णय सुनाया है। इससे पहले भी कई चरणों में 200 से अधिक अभियुक्तों के खिलाफ यह कार्रवाई की गयी है। थाना बदर किये गये अभियुक्तों को जिले के दूसरे थानों में अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। वहीं, जिला बदर किये गये आरोपितों को दूसरे जिले में अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। जिन 53 लोगों पर सीसीए के तहत कार्रवाई हुई है। उनमें एक नाम चौंकाने वाला है। जदयू के पूर्व मीडिया सेल के प्रभारी रिशु कुमार जो कि बिहार थाना क्षेत्र के डॉक्टर कॉलनी के रहने वाले है। इन पर भी सीसीए लगाया गया है। इन्हें करायपरसुराय थाना में में अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। जबकि मनीष पांडे ,अभय कुमार उर्फ अभय यादव को जिला बदर किया गया है।

**इन पर की गई है कार्रवाई:** रहुई के अनिल महतो उर्फ अनिल यादव, कमलेश यादव, शैलेन्द्र कुमार, उपेन्द्र यादव उर्फ फटल यादव, कारु यादव, लाल यादव, नूरसराय के बाले चौहान, त्यागी पासवान, लाल बादशाह पासवान, विपिन चौहान, तेल्हाड़ा के रौशन कुमार, अभय कुमार उर्फ अभय यादव, नगरनौसा के दिनेश पासवान, विजय पासवान, सत्येन्द्र पासवान, जयपत पासवान, योगेन्द्र पासवान, बल्लभ पासवान, राजबल्लभ पासवान, दीपनगर के धनराज यादव, राजपाल कुमार, राहुल कुमार उर्फ बाबा, धनपत पासवान, वेद प्रकाश उर्फ वेदू यादव, नागो पासवान, ब्रजेश कुमार उर्फ नाटा, विनेशर पासवान, नालंदा के गोलू कुमार, बलराम कुमार, विनय कुमार, शंकर सिंह उर्फ दादा ठाकुर, अजय कुमार, गोपाल कुमार, गुड्डु कुमार, विपिन सिंह, मृत्युंजय राय, मेवा मिस्त्री, इस्लामपुर के परमजीत कुमार उर्फ अमृत रविदास, मुकेश यादव, निरंजन कुमार उर्फ पिंटू, सौदागर बिंद उर्फ सौदागर, गोखुलपुर के रंजीत कुमार, बेन के रोहित कुमार उर्फ रवि, रवि कुमार उर्फ आर्यन, संजय कुमार उर्फ संजू सिंह, संतोष कुमार, कुलेश पासवान उर्फ संजय कुमार, शिवनाथ पंडित उर्फ अखिलेश कुमार, रंजीत कुमार उर्फ कारु यादव, सिलाव के विकास कुमार उर्फ मक्को, खुदागंज के वीरमणि यादव और पीरबिगहा के मनीष पांडेय। वहीं जदयू नेता रिशु कुमार ने सीसीए लगाए जाने के मामलें में बताया कि जनहित समस्यों को शोशल मीडिया पर उठाए जानें के कारण जिला प्रशासन के द्वारा उनके ऊपर यह कार्रवाई की गई है। जबकि पूर्व में और अब भी जनहित के लिए कई ऐसे कार्य किए हैं। जिसे लेकर उन्हें जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ मुख्यमंत्री भी सम्मानित कर चुके हैं।

# शहर में डेढ़ घंटे तक बिजली कटेगी, इमरजेंसी शटडाउन की घोषणा

निज संवाददाता। गया



♦ डेढ़ बजे तक सप्लाई रहेगी बाधित

गया शहर में अगले डेढ़ घंटे तक बिजली बाधित रहेगी। बिजली विभाग ने तत्काल इमरजेंसी शटडाउन की घोषणा की है। जिसका असर पूरे शहर में होगा। शहर के अंदर आने वाले सभी गली मोहल्ले में बिजली नहीं होगी। बिजली विभाग का कहना है कि चंदौसी ग्रिड (ट्रांसमिशन) के मेन बस बार के जंफर में कट आ गया है। इसे दुरुस्त किया जाना है। करीब 12 बजे से लेकर डेढ़ बजे तक बिजली प्रभावित रहेगी। बिजली विभाग का करना है कि भीषण गर्मी पड़ने की वजह से बिजली की खपत में वृद्धि हो गई। प्रतिदिन 180 मेगावाट बिजली की खपत जिले में हो रही है। जो की सामान्य से तिगुना है। यही वजह है कि सप्लाई और डिस्ट्रीब्यूशन में काफी परेशानी आ रही है। कहीं ट्रिप की समस्या आ रही है तो कहीं ट्रांसफार्मर के जलने की शिकायत आ रही है।

**पावर ट्रांसफार्मर हीट हो रहा रहा:** बिजली विभाग के इंजीनियर प्रेम कुमार मणि ने बताया कि 230 केवी बस बार में कट की समस्या आई है। उसे तेजी से विभाग की ओर से दुरुस्त किया जा रहा है। करीब एक बजे तक समस्या दूर हो जाएगी। गर्मी का आलम यह है कि पावर ट्रांसफार्मर पूरी तरह से गर्म हो जा रहा है। हीट के कारण काफी समस्या आ रही है।

# NOU द्वारा आयोजित MA पार्ट टू पेपर 11, 12 स्थगित

निज संवाददाता। नालंदा



नालन्दा खुला विश्वविद्यालय द्वारा 28 मई से 31 मई तक पटना कॉलेज, पटना एवं पटना साईस कॉलेज, पटना में आयोजित होने वाली स्नातकोत्तर पेपर 11 एवं पेपर 12 की परीक्षा अपरिहार्य कारणवश स्थगित की गयी है।

**कुलसचिव ने दी जानकारी:** विश्वविद्यालय की कुलसचिव (परीक्षा) डॉ नीलम कुमारी ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि स्थगित दोनों पत्रों ( पेपर XI और XII) की परीक्षा से सम्बन्धित सूचना 16वें पत्र की परीक्षा दिवस को दी जायेगी। उन्होंने बताया कि स्नातकोत्तर हिंदी, पॉलिटिकल साइंस, हिस्ट्री, सोशियोलॉजी, संस्कृत, एजुकेशन, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, उर्दू, रुलर डेवलपमेंट, एमजेएमसी, एम. कॉम, एमए - एमएससी एनवायरमेंटल, एमए-एमएससी डिजास्टर मैनेजमेंट पार्ट 2 की परीक्षा 28-31 मई तक पटना कॉलेज, पटना एवं साईस कॉलेज, पटना में होने वाली परीक्षा अपरिहार्य कारणवश स्थगित की गयी है। शेष चार पत्रों पेपर -XIII, XIV, XV और XVI की परीक्षा 05.06.2024 से अपने पूर्व निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर आयोजित होगी।विस्तृत जानकारी के लिए परीक्षार्थी विश्वविद्यालय के website: www.nou.ac.in का अवलोकन कर सकते हैं।

# नालंदा के हरनौत में रोड नहीं तो वोट नहीं, ग्रामीणों ने कहा- 20 वर्षों से मांग नहीं हुई पूरी

निज संवाददाता। नालंदा




इस बार करेंगे वोट का बहिष्कार

नालंदा के हरनौत प्रखंड के सोराडीह पंचायत अंतर्गत जगतपुर गांव में ग्रामीणें ने रोड नहीं तो वोट नहीं नारा के साथ मंगलवार को प्रर्दशन किया तथा जनप्रतिनिधि व प्रशासन के विरोध में जमकर नारेबाजी की।

**क्या है ग्रामीणों की मांग:** प्रदर्शनकारियों में मुन्ना , संभू , प्रवीण ,नीतीश ,रौशन ,राजू ,राजेश ,श्रवण सहित अन्य शामिल थे। उक्त ग्रामीणों का कहना कि विगत 20 वर्षों से लगातार सड़क निर्माण हेतु( जगतपुर छठ घाट से जगतपुर गांव तक एवं देवी स्थान से होते हुए जगतपुर गांव तक )जनप्रतिनिधियों से मांग करने के बावजूद आज तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है। जगतपुर गांव का मुख्य निकास का पक्कीकरण न होने से समस्त ग्राम वासियों को पूरे वर्ष काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बरसात के मौसम में 3 महीना आवागमन पूर्ण रूप से बंद हो जाने के कारण समस्त ग्राम वासियों का जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। बार-बार जनप्रतिनिधियों से सड़क का मांग करने के बावजूद सड़क का निर्माण न कराया जाना समस्त ग्राम वासियों के अनुरोध को अनदेखा करने जैसा है।

**ग्रामीणों को होती है परेशानी:** यही कारण है कि समस्त ग्रामवासियों ने निर्णय लिया है कि लोस आम निर्वाचन 2024 का पूर्ण रूप से बहिष्कार करूंगा। ग्रामीणों ने कहा कि इस कच्ची पगडंडी के सहारे गॉव के लोगों का छठ घाठ ,खेतों में फसल लाने हेतु आवागमन ,अर्थी, शादी-ब्याह समारोह सम्पन्न होता है। लेकिन एकबार भी गांव का न निरीक्षण किया और न निर्माण को लेकर कोई पहल की गई। इस बार रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा देकर ग्रामीण वोट का बहिष्कार करेंगे।

**क्या कहते हैं BDO:** वहीं इस संबंध बीडीओ उज्जवल कांत ने बताया कि जगतपुर गांव में वोट बहिष्कार करने की सूचना मिली है । वहां पर सेक्टर पदाधिकारी को भेजा गया है। बताया कि अभी आचार संहिता संहिता लगा है नया काम नहीं होगा। ग्रामीणों से जाकर हम खुद मिलेंगे।

# जिला निबंधन कार्यालय का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

निज संवाददाता



**नवादा**। जिला पदाधिकारी प्रशांत कुमार सी.एच. द्वारा जिला निबंधन कार्यालय नवादा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला अवर निबंधन पदाधिकारी निलेश कुमार उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम अभिलेखागार का निरीक्षण किया गया जहां वर्ष 1990- 1997 से लेकर अद्यतन वर्ष तक अभिलेखों को स्थाई रूप से नियमित रैक पर संधारित पाया गया। अभिलेखागार के एक कोने में लोहे के रखे टीन के रैक पर कुछ पुराने अभिलेख पाए गए जिन्हें जिला पदाधिकारी द्वारा नियमित स्थाई रैक पर नियमानुसार रखने का निर्देश दिया गया। अभिलेखागार के पश्चिमी दीवार के पास वर्ष 1996, 97, 98 के रैक में रखे गए अभिलेख पर धूल पड़ा हुआ था जिसे साफ सफाई शीघ्र कराने का निर्देश उपस्थित अभिलेखापाल अभय रंजन झा एवं जिला अवर निबंधन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। प्रधान सहायक कक्ष के निरीक्षण के क्रम में राम प्रवेश पासवान उपस्थित पाए गए उनके कर्म पुस्तिका का अवलोकन से स्पष्ट हुआ कि दिनांक 24 मई 2024 तक कर्म पुस्त किया गया है। किंतु कर्म पुस्त में प्रत्येक माह के अंत में सारांश अब तक नहीं किया गया प्रधान सहायक सहित सभी सहायकों को निर्देश दिया गया कि कर्म पुस्त में माह के अंतिम मंगलवार को कुल प्राप्त पत्रों की संख्या, निष्पादित पत्रों की संख्या एवं लंबित पत्रों की संख्या लाल स्याही से अंकित करते हुए गत माह में पत्रों की स्थिति भी अंकित करने का निर्देश दिया गया। कार्यालय में कार्यरत निम्न वर्गीय लिपिक विभूति नारायण सिंह के कार्यकलापों से बिक्षुब्ध होकर अगले आदेश तक वेतन अवरुद्ध करते हुए प्रपत्र 'क' समर्पित करने का निर्देश जिला अवर निबंधन पदाधिकारी को दिया गया। श्री सिंह द्वारा स्कोर से संबंधित संचिका का उपस्थापन दिनांक 12.11.2023 के बाद नहीं किया गया था साथ ही श्री सिंह द्वारा स्कोर का कार्य नहीं करने पर जिला पदाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। निरीक्षण के दौरान तक 104 कागजात निबंध हेतु काउंटर पर उपस्थित किए जा चुके थे जिसमें से 83 कागजातों का काउंटर पर एंट्री किया जा चुका था तथा 32 जमीनों का निबंधन किया जा चुका था। जिला निबंधन कार्यालय के भ्रमण में पाया गया कि भ्रमण के दौरान जिला अवर निबंधन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि निबंधन कार्यालय परिसर में निर्मित प्रतीक्षालय भवन को और अधिक सुदृढ़ीकरण करते हुए उक्त प्रतीक्षालय में पर्याप्त संख्या में रोशनी की व्यवस्था, पंखा, कूलर की व्यवस्था तथा आम नागरिकों को बैठने हेतु कुर्सियों की व्यवस्था शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। निरीक्षण के क्रम में कंप्यूटर रूम में सभी ऑपरेटर काम करते दिखे। कार्यालय परिसर में धूप और वर्षा से बचाव हेतु शेड निर्माण करने का निर्देश जिला अवर निबंधन प्राधिकारी को दिया गया।

# चक्रपाणि फ्यूल सर्विस के दूसरे प्रतिष्ठान का एनएच

**नवादा (नि.सं.)**। जिले के लाइफ लाइन रजौली-बख्तियारपुर एनएच 20 पर खरांट मोड़ के पास चक्रपाणि फ्यूल सर्विस के दूसरे प्रतिष्ठान का उद्घाटन 2 जून को होगा। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन द्वारा पंप चालू करने की हरी झंडी दे दी गई है। 2 जून को शुभ मुहूर्त में पंप का नोजल चालू हो जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां पंप संचालक द्वारा लगभग पूरी कर ली गयी है। इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के विक्रय प्रबंधक पटना अतुल कुमार के हाथों उद्घाटन होना तय किया गया है। पेट्रोल पंप वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र के बाली गांव के पूर्व जिला पार्षद मथुरा प्रसाद के नाम स्वीकृत है। यह उनका दूसरा पंप होगा। इसके पहले भारत पेट्रोलियम का चक्रपाणि फ्यूल स्टेशन के नाम से नवादा-जमुई पथ पर बाघीबरडीहा में पंप संचालित है। पंप के प्रोप्राईटर मथुरा प्रसाद ने बताया कि दूसरा प्रतिष्ठान भी सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। कंपनी के सभी मापदंडों को पूरा करने का हरसंभव प्रयास किया गया है। 2 जून को विधिवत इसका शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल डीजल-पेट्रोल के अलावा चार्जिंग प्वाइंट की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। आने वाले दिनों में सीएनजी की सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। वाहन चालकों के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं पंप पर उपलब्ध है। यूरिनल, शौचालय, आरओ का पानी, वाटर कूलर आदि सुविधाएं दी गई है। 24 गुना 7 यानि रात-दिन ग्राहकों के लिए पंप खुला रहेगा। उद्घाटन समारोह में भाग लेने के लिए विशिष्ट व सम्मानित लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है।

# हैंड पम्प की मरम्मति के लिए करें सम्पर्क

निज संवाददाता

**नवादा**। प्रशांत कुमार सी.एच. जिला पदाधिकारी, नवादा के आदेश के आलोक में कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, नवादा द्वारा बताया गया कि आपदा/सुखाड़ के मद्देनजर कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल नवादा के कार्यालय में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष संख्या 06324-210036 है, जिसपर पेयजल से संबंधित शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इसके अतिरिक्त प्रखंड स्तर पर कनीय अभियंता/सहायक अभियंता के मोबाइल नंबर पर भी संपर्क किया जा सकता है, जो निम्नवत है। सहायक अभियंता सुश्री ज्योतिस्ना सिंह मोबाइल नंबर 7992280893, कनीय अभियंता प्रखंड नवादा के लिए - प्यारेलाल मंडल मोबाइल नंबर 9199636016, नरहट के लिए - शिव कुमार मोबाइल नंबर 8989163374, हिसुआ के लिए - प्रिंस कुमार मोबाइल नंबर 8544428871 एवम नारदीगंज के लिए - प्रिंस कुमार मोबाइल नंबर 8544428871 है। सहायक अभियंता आशुतोष कुमार मोबाइल नंबर 8544428800, वारिसलीगंज और काशीचक के लिए कनीय अभियंता शिव कुमार, मोबाइल नंबर 8989163374, कौआकोल एवं पकरीबरामा के लिए कनीय अभियंता प्यारेलाल मंडल, मोबाइल नंबर- 9199636016 है। सहायक अभियंता सौरभ कुमार राय, मोबाइल नंबर- 8544428654, गोविंदपुर, रोह एवं अकबरपुर के लिए कनीय अभियंता प्रिंस कुमार जिनका मोबाइल नंबर- 8544428871 है। सहायक अभियंता राजेश कुमार सिंह मोबाइल नंबर-7033879021, मेसकौर, रजौली और सिरदला के लिए कनीय अभियंता श्री चंदन कुमार मोबाइल नंबर- 9955229286 है। दिनांक 28 मई 2024 को चापाकल की मरम्मति का प्रखंडवार प्रतिवेदन निम्नवत हैः- नरहट-दर्ज शिकायत की संख्या 01 एवं मरम्मति की संख्या 05, नवादा- दर्ज शिकायत की संख्या 02 एवं मरम्मति की संख्या 01, नारदीगंज- दर्ज शिकायत की संख्या 02 एवं मरम्मति की संख्या 01, हिसुआ- दर्ज शिकायत की संख्या 04 एवं मरम्मति की संख्या 04, अकबरपुर- दर्ज शिकायत की संख्या 06 एवं मरम्मति की संख्या 04, गोविंदपुर- दर्ज शिकायत की संख्या शून्य एवं मरम्मति की संख्या 05 एवं मरम्मति की संख्या 02 एवं मरम्मति की संख्या 03, पकरीबरावां- दर्ज शिकायत की संख्या 01 एवं मरम्मति की संख्या 04, रजौली- दर्ज शिकायत की संख्या 01 एवं मरम्मति की संख्या 10, मेसकौर- दर्ज शिकायत की संख्या 06 एवं मरम्मति की संख्या 03 एवं सिरदला- दर्ज शिकायत की संख्या 01 एवं मरम्मति की संख्या 05 है।

# पुरानी रंजिश को लेकर दो गुटों में मारपीट एक युवक घायल, रेफर

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)**। बुधवार की दोपहर में थाना क्षेत्र के एसबीआइ बैंक के समीप दो गुटों में पुरानी रंजिश को लेकर जमकर मार-पीट हुआ। जिसमें एक युवक बुरी तरह से जख्मी हो गया।घायल युवक के दोस्तों के सहयोग से आनन-फानन में अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी में तैनात चिकित्सक राघवेंद्र भारती ने घायल युवक का प्राथमिक उपचार किया। अधिक जख्म रहने के कारण बेहतर इलाज के लिए चिकित्सक ने नवादा रेफर कर दिया। घायल युवक की पहचान गंगाबीघा गांव निवासी दिलीप यादव का पुत्र प्रदीप कुमार उर्फ पाकुम है। घायल युवक ने बताया है कि मै अपने निजी काम से बाजार आया था, उसकी क्रम में कुछ अज्ञात लोगों ने मुझे उठकर रजौली अंबेडकर विद्यालय के पास ले चला गए और वहीं पर जमकर मारपीट करने लगा। मारपीट के दौरान हम अपना जान बचाकर भाग पड़े और अपने दोस्तों को फोन कर बताया दोस्त लोग मौके पर पहुंचकर रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राजेश कुमार और एसआइ गौतम कुमार ने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना के बारे में बारीकी से जाया जा लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मारपीट के बारे में जांच की जा रही है। जांच करने के बाद कानून कारवाई की जाएगी।

# 24 घंटे के अंदर 37 फरार अपरधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

**नवादा (नि.सं.)**। कार्तिकेय के. शर्मा पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि 28 मई 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, डकैती में 01, अनुसूचित जाति/जनजाति में 16, साईबर क्राईम में 01, हत्या के प्रयास में 01, मद्य निषेध में 01 एवं अन्य गिरफ्तारी 17 कुल 37 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 05 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या 02 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या 02 है। 391 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 22 हजार रूपया वसूला गया है। 01, गैस सिलेंडर 01, गैस चुल्हा 02, तसला 02 एवं ट्रैक्टर 02 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस के द्वारा इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों के गिरफ्तारी एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है।

# मैत्री परियोजना के तहत 5000 अनामांकित बच्चों का नामांकन करवाने का रखा गया लक्ष्य

निज संवाददाता



**कौआकोल (नवादा)**। ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा द्वारा संचालित मैत्री परियोजना के अंतर्गत प्रखंड समन्वयकों एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुरुआत बुधवार को प्रखण्ड के जेपी आश्रम परिसर अवस्थित राजेंद्र भवन में किया गया। राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने बताया कि इस परियोजना के तहत ड्रॉप आउट और आनामांकित 7 से 14 वर्ष की लड़कियों का सर्वे के माध्यम से चयन कर स्थानीय सरकारी विद्यालय में नामांकन कराया जाना है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में नवादा जिले के चार प्रखंडों में 4246 नामांकन कराया गया था। इस वर्ष भी पांच प्रखंडों यथा वारसलीगंज, हिसुआ, नारदीगंज, सिरदला तथा गोविंदपुर में 5000 बच्चों का नामांकन कराने का लक्ष्य रखा गया है। जिसको लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। परियोजना निदेशक डॉ. भारत भूषण शर्मा ने प्रखंड समन्वयकों एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं को संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण दिया। मौके पर सुभादीप भंडारी, अभिषेक विजय, धीरेंद्र कुमार मन्नू आदि लोग मौजूद थे।

# ऑटो के तहखाने से 70 लीटर विदेशी शराब जब्त

**नवादा (नि.सं.)**। जिले के बिहार-झारखंड सीमा पर गोविंदपुर थाना क्षेत्र के गोविंदपुर-बरेव मुख्य मार्ग पर विनोवा नगर के समीप वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने ऑटो से 70 लीटर विदेशी शराब जब्त कर धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान अकबरपुर थाना क्षेत्र के अकबरपुर नाला निवासी कारू चौधरी के 20 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार के रूप में की गयी है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार पटेल ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि झारखंड से एक शराब धंधेबाज ऑटो में भरकर गोविंदपुर की ओर शराब ले जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना क्षेत्र के बिनोवा नगर के समीप एएसआइ आजाद सिंह ने पुलिस बल के साथ वाहन चेकिंग चलाया। इसी दरम्यान झारखंड दिशा की ओर से आ रहे पटना नंबर की ऑटो संख्या-बीआर 01 पीइ 1254 को रुकवाकर तलाशी ली गयी। इस दौरान ऑटो के अंदर बने तहखाने से विभिन्न ब्रांड के अलग-अलग साइज में भारी मात्रा में शराब पायी गयी।

# पुलिस ने कट्टा के साथ एक को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता



**नवादा**। जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र में एक भाई ने अपने गुर्गों के साथ मिलकर अपने ही भाई को धमकाने और मारपीट करने पहुंचा था। वहीं पीड़ित भाई ने इस बात जानकारी फोन करके डायल 112 के टीम को दी। 112 की पुलिस ने धमकाने और मारपीट करने गए भाई और उसके गुर्गे को अवैध हथियार के साथ दबोचा लिया। इस मामले में हिसुआ थाना की पुलिस ने आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज करते हुए भाई और उसके गुर्गे को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में एसडीपीओ सुनील कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस का मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया की हिसुआ थाना को सूचना मिली की महादेव मोड़ पर कुछ लोग मारपीट कर रहे हैं तथा उनके पास हथियार भी है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक नवादा के निर्देशानुसार हिसुआ थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर उक्त स्थान पर पहुंची। पुलिस की टीम को देख कर 04 लोग भागने लगे जिसमें पुलिस ने घेराबंदी कर 02 व्यक्ति को गिरफ्तार किया तथा उनके पास से एक देशी कट्टा, एक 315 बोर का जिंदा कारतूस तथा 02 मोबाइल फोन बरामद किया गया। बरामद समान तथा गिरफ्तार व्यक्ति को थाना परिसर लाया गया तथा पूछताछ की गई। उन्होंने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया की इस घटना में 02 अन्य लोगों की भी संलिप्तता थी। इस संदर्भ में हिसुआ थाना कांड संख्या 304/24 दिनांक 29.05.2024 धारा 25 (1-b)a/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया। शेष अन्य अभियुक्त के विरुद्ध लगातार छापेमारी जारी है जल्द ही उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित कर ली जाएगी गिरफ्तार अभियुक्त में छोटू कुमार उम्र 29 वर्ष पिता कृष्ण साव ग्राम पर हिसुआ थाना एवं पंकज कुमार उम्र 32 वर्ष पिता कृष्णा चौधरी ग्राम महादेव मोड़ थाना हिसुआ का है गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक देशी कट्टा एवं थ्री फिफ्टीन का एक जिन्दा कारतूस समेत दो मोबाइल बरामद किये गए हैं।

# घसियाडीह विद्यालय में बिना पंखे के बच्चे हो रहे बेहाल, दो छात्रा की बिगड़ी तबियत

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)**। प्रखण्ड क्षेत्र में भीषण गर्मी में प्रत्येक दिन स्कूली बच्चे पढ़ाई करने के दौरान उनकी तबियत खराब हो जा रही है। बच्चों की तबियत बिगड़ने के बाद प्रधानध्यापक के अलावे शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के चेहरे मुरझा जाते हैं। उन्हें किसी प्रकार के अनहोनी होने का डर सताने लगता है। बुधवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय घसियाडीह में कक्षा 3 की दो छात्राएं अचानक गर्मी की वजह से बेसुध होकर जमीन पर गिर पड़ी। कक्षा में शिक्षक ने तुरंत छात्राओं को उठाया एवं घटना की सूचना प्रधानध्यापक विजय कुमार को दी। जिसके बाद प्रधानध्यापक ने पास में रहे ग्रामीण चिकित्सक के सहयोग से एक छात्रा का इलाज किया गया। किन्तु दूसरी छात्रा की तबियत ज्यादा बिगड़ जाने के कारण ग्रामीण चिकित्सक ने प्रधानाध्यापक को अनुमंडलीय अस्पताल ले जाने की सलाह दी। जिसके बाद प्रधानध्यापक द्वारा छात्रा के परिजनों को सूचना देते हुए इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. सतीश चन्द्र सिन्हा ने कहा कि छात्रा की पहचान कौआकोल गांव निवासी सुरेश मांझी की 9 वर्षीय पुत्री शिवानी कुमारी के रूप में हुई है। छात्रा को जरूरी सुई एवं स्लाइन दिया गया है। छात्रा की तबियत में सुधार होने के बाद घर वापस भेजने की बात कही।वहीं अस्पताल पहुंची छात्रा की मां ने कहा कि मेरी बेटी सुबह 6 बजे बिना खाये पीये घर से बाहर निकलती है और फिर दोपहर 12:30 बजे दोपहर में वापस आती है। पीड़ित छात्रा की मां ने सरकार को भीषण गर्मी में भी छुट्टी नहीं देने पर बहुत दुहाई दी। उत्क्रमित मध्य विद्यालय घसियाडीह में वर्ग 1 से 8 तक मे कुल 350 छात्र-छात्राओं का नामांकन है। विद्यालय में प्रधानध्यापक विजय कुमार के अलावे शिक्षक मो नसीम अंसारी, मो इंतेखाब अली, सुजीत कुमार व सकेन्द्र कुमार, शिक्षिकाएं संजना कुमारी, सत्या कुमारी, कुमारी उषा व वंदना कुमारी की प्रतिनियुक्ति है। वहीं विद्यालय में कुल चार छोटे एवं बड़े कमरों में सभी की पढ़ाई सुनिश्चित होती है। कक्षाओं में पंखे तो लगे हुए, किन्तु बिजली के लो वोल्टेज होने के कारण पंखे नाम मात्र के घूमते रहते हैं। वहीं कक्षाओं में छात्र-छात्राएं कॉपी-किताब आदि हिलाकर से खुद को गर्मी से राहत पहुंचाती हुई दिखाई दी। इस गर्मी में बच्चों के साथ-साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं का भी हाल बुरा है।

# राजद जिला मीडिया प्रभारी ने भाजपा और पीएम मोदी पर जमकर साधा निशाना

निज संवाददाता

**नवादा**। जिला राजद प्रवक्ता चंदन कुमार चौधरी ने पीएम मोदी के बयान को लेकर भाजपा और पीएम पर निशाना साधा है. पीएम के बयान के बाद आरजेडी के जिला प्रवक्ता चंदन कुमार चौधरी ने पीएम मोदी पर बड़ा हमला किया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी गरिमा विहीन हो गये हैं और विरोधियों को गीदड़भभकी दे रहे हैं। चंदन चौधरी ने कहा प्रधानमंत्री पर लोगों को मुद्दों से भटकाने और गलत बयानबाजी का भी आरोप लगाया है।

'तेजस्वी से क्या परेशानी है' : चंदन कुमार चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत क़े दौरान कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी लगातार तेजस्वी यादव को जेल भेजने की धमकी दे रहे हैं। क्या कानून पर नियंत्रण आप रख रहे हैं प्रधानमंत्री जी आपको तेजस्वी से क्या परेशानी है तेजस्वी से बेहतर करने का दावा आपको करना चाहिए। मुजरा जैसे शब्द का इस्तेमाल हुआ, यह गीदड़भभकी नहीं चलेगी। मामला बहुत आगे जा चुका है।

'पीएम झूठ बोल रहे हैं' : आरजेडी क़े जिला प्रवक्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गलत बयानबाजी करने का भी आरोप लगाया और कहा कि 'प्रधानमंत्री नौकरी के बदले जमीन की बात जो कहते हैं वह गलत कहते हैं। इस मामले में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट है। उसमें साफ लिखा हुआ है इस मामले में प्रधानमंत्री झूठ बोल रहे हैं। 'केंद्र की सरकार ने पहले सरकारी नौकरी खत्म कर दी। क्या ये आरक्षण खत्म करना नहीं आरक्षण का दायरा बिहार में बढ़ा, लेकिन उसे नौवीं अनुसूची मे नहीं डाला गया। जातीय गणना आपने क्यों नहीं की पीएम कहते हैं वो दैवीय रास्ते से आए हैं,बायोलॉजिकल रास्ते से वो नहीं आए। जो दैवीय रास्ते से आया है वो मुजरा जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर रहा है।

'लठैती की भाषा बोल रहे हैं पीएम' : पीएम के बयान पर आरजेडी के जिला प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पाटलिपुत्र में चुनाव प्रचार करने के लिए आए थे, लेकिन उनको अपने किए हुए कामों की याद नहीं रहती है। बिहार आते ही उनको लालटेन की याद आने लगती है। पीए यहां आकर लठैती की भाषा बोल रहे हैं बिहार की जनता ये स्वीकार नहीं करती है, इस भाषा का जवाब जनता वोट से देगी।

# निगरानी और परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित

**नवादा (नि.सं.)**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के निर्देश पर आज दिनांक 29.05.2024 को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, कुमारी सरोज कीर्ति के प्रकोष्ठ में देशमुख, विशेष न्यायाधीश अनु0जाति/जनजाति, नवादा, के अध्यक्षता में निगरानी और परामर्शदात्री समिति नवादा की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। विक्टम कम्पेंसेशन स्कीम-2014, लिगल एवर्नेस प्रोग्राम ऑफ द टॉपिक ऑफ आरटीआई एण्ड आरटीई एक्ट एण्ड लिगल एवर्नेस प्रोग्राम द टॉपिक ऑफ मेडिएशन पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम हेतु पैनल अधिवक्ताओं एवं पारा विधिक स्वयं सेवकों को प्रशिक्षित किये।

# विश्व हिंदी पत्रिका दिवस 30 मई पर विशेष हिंदी पत्रिका के सामने कई चुनौतियां

निज संवाददाता

**नवादा**। जनतंत्र के संबंध में आम लोगों के साथ बुद्धिजीवियों की समझ और सोच अब्राहम लिंकन की यह परिभाषा कि जनतंत्र जनता के लिए जनता के द्वारा, जनता की सरकार है। जनता खुद सरकार नहीं चलाती है। अपने निर्वाचित प्रतिनिधियों के माध्यम से काम करती है। एक बार चुने जाने के बाद यह निश्चित नहीं है कि सरकार जनता के लिए चलाएंगे या अपने व्यक्तिगत स्वार्थ साधन के लिए। यही नहीं बाहुबल और धनबल के कारण साधन संपन्न प्रत्याशी अपने मुकाबले खड़े योग्य लेकिन साधनहीन प्रत्याशियों को आसानी से पराजित कर पाते हैं। प्रायः सभी राजनीतिक दल बहुमत सुनिश्चित करने के लिए वोट बैंकों का सहारा लेते रहे हैं, इस कारण धर्म, जाति, क्षेत्रीयता, सिद्धांतों एवं मूल्यों को हासिए से भी परे धकेलने में सफल हुए हैं। यह मिथक कई दशकों से है कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के कारण देश में लोकतंत्र है या लोकतांत्रिक व्यवस्था संचालित है। लेकिन यह भी मानना पड़ेगा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र नहीं रहा है। देश में गैर कांग्रेसवाद का ज्वार चढ़ा तो देश और कई प्रदेशों में गैर-कांग्रेसी दलों की सरकारें सत्ता में आईं लेकिन खुदगर्ज मौकापरस्ती, संकीर्ण क्षेत्रीयता, भाई- भतीजावाद भ्रष्टाचार के आचरण में कांग्रेसी सरकारों को मात करते दिखाई दिए हैं। 2014 को संपन्न लोकसभा के चुनाव में थोकभाव से करोड़पतियों को सफलता मिली है। कार्यकर्ता प्रधान राजनीति और कमजोर हुई है। नीति और नैतिकता भ्रांति के मायाजाल में जकड़ा है, वहीं कई वाचाल लोग देश के समन्वयकारी परंपरा को ही चुनौती दे रहे हैं। जनतंत्र का अर्थ निर्भय-निष्पक्ष चुनाव तक सीमित नहीं है। महज सरकार बदलने से व्यवस्था नहीं बदलती है। जाहिर है कि एक व्यक्ति चाहे वह कितना ही करिश्माई महामानव क्यों न हो भारत जैसे विविधता से भरे विशाल देश में अपनी इच्छानुसार जनतंत्र आरोपित नहीं कर सकता। आज तक संपन्न अधिकांश चुनावों में हार-जीत भावात्मक कारणों से भी होता रहा है। इस कारण आर्थिक गैर बराबरी बढ़ी है और भारत- इंडिया के बीच खाई चौड़ी हुई है। इसका ही असर है कि पिछले तीन दशक में गरीबों की उस अनुपात में हालत नहीं सुधरी, जिस अनुपात में करोड़पतियों की हालत सुधरी है। पैसे वाले और मालदार हुए हैं। अब उन्हें अपने धन के अश्लील प्रदर्शन से परहेज भी नहीं रहा। लोकतंत्र का चौथा स्तंभ मीडिया में जन सरोकारों का महत्व घटता जा रहा है। ऐसा इसलिए हो रहा है कि मीडिया मिशन से प्रोफेशन बन गई है। मीडिया व्यवसाय में वैसे पूँजीपति उद्यमी आ रहे हैं जिनका मकसद समाज और सत्ता के रिश्तों के बीच हस्तक्षेप से कहीं ज्यादा आर्थिक लाभ और पक्षपाती राजनीतिक ताकत हासिल करना है। साक्षरतादर बढ़ने से अखबार और टीवी देखने वालों की संख्या बढ़ी है। वहीं चैनलों और अखबारों में स्थानीयता आई है। इससे समाचारों की संख्या बढ़ी है लेकिन उसकी ताकत घटी है। या मानें जन सरोकारों का दायरा जन शिकायतों तक सीमित होता जा रहा है। हिंदी के... मूर्धन्य संपादक बाबूराव विष्णुराव पराड़कर की वह उक्ति कि आने वाले समय में अखबार रंगीन स्याही में अच्छे कागज पर छपेंगे। उनकी साज-सज्जा बहुत सुन्दर होगी लेकिन उनकी वैसी स्वायत्तता नहीं होगी, जैसे आज हैं। आज का मीडिया जनसरोकारों से विमुख होता जा रहा है। मीडिया में जिस सार्वजनिक स्थल की कल्पना की गई है वह लगातार विशिष्ट स्थल बन गए हैं। उस पर कभी फिल्मी कलाकार, कभी क्रिकेट के खिलाड़ी तो सफल उद्योगपतियों तो कभी विशिष्ट राजनेता हावी हो गए हैं। आजादी के समय की पत्रकारिता एक मिशन थी गुलामी से मुक्ति, रूढ़ियों अंधविश्वासों के प्रति सजग करना और समाज परिवार के प्रति सहिष्णुता का व्यवहार की सीख देना । कमोवेश सत्तर से अस्सी के दशक तक यह स्थिति कायम रही। बिहार में तो उस काल खंड के पत्र-पत्रिकाओं में शहर तो शहर ठहरा ग्रामवासी रचनाकारों को भी स्थान प्राप्त था। उस काल खंड में जो पत्रकार बने उनमें अधिकांश लोगों के मन पर समाज बदलने और व्यवस्था में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने का जज्बा था। वैसे लोग आज भी पत्रकारिता के लिए खतरनाक माने जाते हैं। उनकी चेतना कारपोरेट चेतना और हितों के विरुद्ध जाती है। वे आज भी कंपनी के हितों से ज्यादा समाज के बारे में सोचते हैं। प्रिंट मीडिया पिछले तीन सौ सालों में सच को उजागर करते हुए और तमाम क्रांतिकारी और राष्ट्रीय आंदोलनों को स्थान देते हुए बड़ा हुआ है। वहीं तेजी से विकसित हुआ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया या तो आतंकवादी और उग्रवादी हिंसा को देखते हुए या सांप्रदायिक आंदोलनों को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाते हुए। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने देश के सामने क्रिकेट, क्राइम, कास्ट सिनेमा, ग्लैमर और फैशन के माध्यम से वास्तविक स्थितियों से भटकाने में बड़ी भूमिका निभाई है।

दो अलगग-अलग घटनाओं में दो लोगों की हुई मौत एवं पांच लोग घाायल

# व्यक्ति को जहरीले सांप ने काटा अस्पताल में इलाज के दौरान मौत



निज संवाददाता

**दुर्गावती (कैमूर)।** कैमूर के दुर्गावती थाना क्षेत्र के माधोपुर गांव में खुले में शौच करने के लिए एक युवक गया था। इसी दौरान उसे किसी जहरीले सांप ने काट लिया। इस कारण वह अचेत होकर गिर गया। दो घंटा तक वह वापस नहीं लौटा, तो उसके परिजनों ने खोजबीन शुरू की। वह गांव के ही बधार में अचेत अवस्था में गिरा हुआ था। लोगों ने देखा कि उसकी सांस चल रही थी। उसको लेकर दुर्गावती के अस्पताल पहुंचा गया। यहां इलाज के बाद चिकित्सकों की ओर से उसे रेफर दिया गया। बीच रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान दुर्गावती थाना क्षेत्र के माधोपुर गांव के रामनाथ बिंद के बेटे चंद्रशेखर कुमार के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए मृतक के बड़े भाई रामचंद्र कुमार ने बताया कि उसका छोटा भाई घर से बाहर खेतों में शौच करने के लिए गया हुआ था। इस दौरान किसी जहरीले सांप ने उसे काट लिया और खेतों में ही वह गिर गया। इसके बाद हम लोगों ने काफी देर तक खोजबीन की। काफी देर तक उसका पता नहीं चला। इसके बाद खोजते हुए हम लोग बधार की तरफ गए, तो खेतों में वह गिरे पड़े थे। उसे उपचार करने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गावती ले गए। यहां बोतल से पानी उनके शरीर में चढ़ाया जाने लगा, उसे इंजेक्शन भी दिया गया, फिर भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। लेकिन, बीच रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। फिर इनको हम लोग लेकर सदर अस्पताल भभुआ गए। यहां पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## कुदरा में कंटेनर पलटने से चालक की मौत

निज संवाददाता

**कुदरा (कैमूर)।** कुदरा थाना क्षेत्र के सकरी सती माई मंदिर स्थित साईं धर्मकांटा के पास अनियंत्रित कंटेनर ट्रक के पलट जाने से उसके चालक की मौत बुधवार की रात हो गई। हालांकि उसे घायलावस्था में स्थानीय लोगों द्वारा इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरा ले जाया गया। प्राथमिक उपचार करने के बाद वहां के चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। उसे एंबुलेंस से सदर अस्पताल लाया गया। स्वास्थ्य जांच के बाद चिकित्सक द्वारा रात करीब 8:30 बजे उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक झारखंड के गिरीडीह जिले के राजधनवार थाना क्षेत्र के कैलपुर निवासी कार्तिक दास के 45 वर्षीय पुत्र विजय दास था। वह कंटेनर लेकर दिल्ली से कोलकाता जा रहा था। इसी दौरान उक्त स्थल पर उसका ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया।

## सड़क दुर्घटनाओं में तीन महिला सहित पांच घायल

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** जिले के विभिन्न इलाकों में बुधवार को हुई सड़क दुर्घटनाओं में तीन महिला सहित पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उनके परिजनों द्वारा सदर अस्पताल लाया गया, जहां कि चिकित्सक द्वारा उन्हें भर्ती कर उनका इलाज किया गया। घायलों में बेलवा थाना क्षेत्र के राजा के अकोढ़ी गांव निवासी विजेंद्र मिश्रा के 14 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार मिश्रा, भभुआ थाना क्षेत्र के कोरी गांव निवासी गुड्डू राम की 30 वर्षीया पत्नी सोनी देवी, प्रेमचंद साह की पुत्री रिंकी कुमारी, दिनेश राम की 30 वर्षीया पत्नी ममता देवी, सेमरिया गांव निवासी मुकेश यादव की 27 वर्षीया पत्नी प्रियंका देवी शामिल हैं। घायल प्रिंस मिश्र के परिजनों ने बताया कि वह साइकिल से बेलांव में अपने पिताजी के लिए कपड़े की दुकान पर खाना लेकर जा रहा था। इसी दौरान बेलांव पथ में करौंढा के पास बोलेरो ने उसकी साइकिल में धक्का मार दिया, जिससे वह घायल हो गया। कोरी नदी के पास अनियंत्रित ई रिक्शा के पलटने से सोनी देवी, रिंकी कुमारी, ममता देवी घायल हो गईं। वह भभुआ से बाजार कर ई रिक्शा से अपने घर जा रही थीं।

# छह चरणों के चुनाव में ही बहुमत का आंकड़ा मोदी सरकार पार कर गई : प्रेम कुमार



निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** बिहार सरकार के मंत्री प्रेम कुमार कैमूर के भभुआ पहुंचे। यहां उन्होंने राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि देश में बीते छह चरणों के चुनाव में ही बहुमत का आंकड़ा मोदी सरकार पार कर गई है। चार जून का जो रिजल्ट आएगा, उसके बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपने ननिहाल इटली जाना पड़ेगा। मंत्री प्रेम कुमार ने बताया कि छह चरण के चुनाव में देशवासियों ने मतदान करके नरेंद्र भाई मोदी को मजबूत करने का काम किया है। निश्चित तौर पर नरेंद्र भाई मोदी और अमित शाह सभी के साथ दिल्ली में रहेंगे। लेकिन, राहुल गांधी को 4 जून के बाद दिल्ली छोड़कर ननिहाल इटली जाना होगा। इसलिए, वह जान चुके हैं कि कुछ उनके पक्ष में आने वाला नहीं है। साल 2019 में भी आपने देखा कि विपक्ष में बैठने के लायक भी जनता ने उन्हें नहीं छोड़ा था। आने वाले समय में उससे भी खराब स्थिति होगा। 55 सालों तक कांग्रेस का देश में राज रहा है और लूट का बाजार रहा है। कांग्रेस सरकार में कई घोटाले हुए है।

वह जब सरकार में थे, तो उन्हें रोजगार याद नहीं आया और जब चुनाव आया, तो उन्हें रोजगार याद आ रहा है। मोदी जी को काम के आधार पर जनता साथ दे रही है। दूसरी तरफ बिहार में 15 वर्षों तक जंगल राज रहा है। हमारी सरकार अलग-अलग क्षेत्र में साढ़े सात लाख से अधिक नौकरी दे चुकी है। मोदी जी ने यह ऐलान किया है कि आगे आने वाले समय में पीएम सूर्य योजना के माध्यम से बिजली का बिल गरीबों का जीरो होगा। राहुल गांधी,अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव को जनता आजमा चुकी है। पहले बिहारी कहलाना शर्म की बात होती थी, लेकिन हम लोगों ने जंगल राज से मुक्त कराया है।

## ड्रोन कैमरा उड़ा उपकरण व शराब भट्ठी को किया ध्वस्त

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** उत्पाद पुलिस ने ड्रोन कैमूर उड़ाकर न सिर्फ शराब भट्ठी का पता लगाया, बल्कि जावा महुआ शराब चुलाई शराब भी बरामद किया। ड्रोन टीम के प्रभारी राज कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर जांच व तलाशी अभियान तेज कर दिया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर बल्लीपुर नदी के पास ड्रोन कैमरा उड़ाया गया। उसमें आई तस्वीर के आधार पर तलाशी के दौरान 7800 किलो जावा महुआ शराब व 702 लीटर चुलाई शराब बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि बरामद शराब को वहीं की नदी में बहा दिया गया, जबकि शराब बनाने के उपकरण व भट्ठी को ध्वस्त कर दिया गया। हालांकि उत्पाद अधिकारी सुरेश कुमार सिंह की टीम द्वारा की गई तलाशी के दौरान कारोबारी नहीं पकड़े गए। अज्ञात कारोबारियों के खिलाफ मद्य निषेध अधिनियम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनके संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। इस कार्रवाई की सूचना वरीय अधिकारी को दे दी गई है।

# चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरी



निज संवाददाता

**कुर्था(जहानाबाद)।** जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र के कुर्था विधानसभा के कुर्था प्रखंड में चुनाव को लेकर प्रशानिक तैयारियां आखरी चरण में है। प्रखंड निर्वाचन अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. ज़ियाउल हक ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी वर्षा सिंह के निर्देशानुसार शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने हेतु प्रखंड क्षेत्र के सभी 98 बूथो का प्रशासन के द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान सभी बूथो पर पेयजल, बिजलीं, रैम, शौचालय, सेड, रास्ता, सफाई इत्यादि की जांच की गई। कुल 96 बूथो में से 50 प्रतिशत बूथो क्रिटीकल श्रेणी में रखा गया है। वही इन क्रिटीकल बूथो पर वेवटेलिकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। कुर्था प्रखंड में कुल मतदाताओं की संख्या 89706 है जिसमे महिला मतदाताओं की संख्या 46456 और पुरूष मतदाताओं की संख्या 43250 है। इस लोकसभा चुनाव में नए वोटर 6000 के आस पास जोड़े गए वही यूवा वोटरों की संख्या 5500 के करीब है। उन्होंने बताया कि कुर्था में एक बूथ संख्या 237 को उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुर्था को पीडब्ल्यूडी बूथ, प्रखंड कार्यालय स्थित बूथ संख्या 234 को पिंक बूथ तो प्रखंड परिसर स्थित नया समुदायिक भवन बूथ संख्या 233 को यूथ बूथ तो प्रखंड कार्यालय स्थित बूथ संख्या 235 को मॉडल बूथ बनाया गया है। पीडब्ल्यूडी बूथ पर दिव्यंगों के लिए ट्राइसाइकिल तो पिंक बूथ पर चॉकलेट व महिला कर्मियों की तैनाती की जाएगी । साथ ही सभी बूथो पर पेयजल, सेड, शौचालय, बिजलीं, पंखा इत्यादि सुविधाएं उपलब्ध होगी । 1 जून को हो रहे मतदान को लेकर भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी है। इसको लेकर कुर्था व मानिकपुर थाना क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में कुर्था व मानिकपुर पुलिस और पारामिलिट्री फोर्स व बीएमपी ने फ्लैग मार्च निकाल कर लोगों को निर्भिक होकर मतदान करने का संदेश दिया।

## मां, बेटी एवं बहू की पिटाई

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में छींटाकशी करने का विरोध करने पर शराबी ने मां-बेटी व बहू की पिटाई कर घायल कर दिया। तीनों घायलों को उनके परिजनों द्वारा सदर अस्पताल में लाया गया, जहां के चिकित्सक द्वारा इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर उनका इलाज कराया। घायल महिलाओं ने बताया कि वह तीनों अपने घर के पास स्थित पोखरा के पास थीं। इसी दौरान गांव का ही एक व्यक्ति शराब के नशे में लड़खड़ाते कदम से आता दिखाई दिया। उन्होंने बताया कि वह जैसे ही उनके समीप आया, उन्हें देखते ही छींटाकशी करते हुए गाली-ग्लौज करने लगा। जब महिलाओं ने इसका विरोध किया तो शराबी के घर वाले भी लाठी-डंडा लेकर पहुंच गए और मां-बेटी व बहू को लाठी-डंडे से मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। घायल महिलाओं ने बताया कि इस संबंध में भभुआ थाने में आवेदन देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई जाएगी।

# माले नेता दीपांकर भट्टाचार्य और मुकेश सहनी के साथ रामगढ़ विधानसभा के देवहलिया पहुंचे तेजस्वी यादव



निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव कैमूर के बक्सर संसदीय क्षेत्र स्थित रामगढ़ विधानसभा के देवहलिया पहुंचे। यहां माले नेता दीपांकर भट्टाचार्य और मुकेश सहनी भी मौजूद रहे। इन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला है। इनके ऊपर इस दौरान जेसीबी से लोगों ने फूल की बारिश की है। हजारों की संख्या में ग्रामीण इन नेताओं को सुनने के लिए पहुंचे। यहां बक्सर संसदीय क्षेत्र के रामगढ़ विधानसभा के हाई स्कूल देवहलीया के मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित किया गया। भीड़ नेताओं को देखने के लिए बैरिकेडिंग तोड़कर मंच तक पहुंच गई। तेजस्वी यादव ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी ने देश को ठगा है। बिहार के साथ सौतेला व्यवहार किया है। रामगढ़ के लिए कोई काम मोदी जी ने नहीं किया है। लगातार यहां का सांसद भाजपा से जीत रहे है। लेकिन, कोई काम नहीं किया गया है। केवल ठगने का काम किया गया है। 34 साल के नौजवान ने मोदी जी को रोजगार के नाम पर जमीन पर लाने का काम किया है। मोदी जी ने 10 साल में क्या किया, वह यह बात नहीं कर रहे हैं। 5 साल और जीतेंगे, तो वह क्या करेंगे, उस पर बात नहीं कर रहे हैं। कह रहे हैं कि तेजस्वी को जेल भेज देंगे। हिसाब मांगने पर सभी को जेल भेजेंगे। आपको डर लग गया कि देशभर में नौकरी एजेंडा बन गया। आप जेल भेजने का डर दिखा रहे हैं। दूसरी पार्टी से भाग कर भाजपा में जाने वाले लोगों को आप हरिश्चंद्र बना दे रहे हैं। मंत्री बना दे रहे हैं। वहीं, जो साथ नहीं जा रहा है, उसको जेल भेज रहे है। लोकतंत्र को खत्म कर रहे हैं, संविधान बदल रहे हैं। जांच एजेंसी को बर्बाद कर रहे हैं। हमारे बाबूजी नहीं डरे, तो आपसे हम कैसे डरेंगे। हम लोग लड़ेंगे और जीतेंगे। हम बिहारी गुजराती से डरने वाले नहीं है। हम सभी को एकजुट रहना है। इधर-उधर नहीं बिखरना है। तेजस्वी के हाथ को मजबूत करना है। जैसे सुभाष चंद्र बोस ने कहा था कि तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। इस तरह से आप मुझे वोट दीजिए, मैं आपको नौकरी दूंगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने इस दौरान भाजपा भगाओ, देश बचाओ का नारा दिया है।

# एसी क्लास में अवैध रूप से 521 यात्री सहित कुल 21 हजार से अधिक यात्री बिना टिकट/अनियमित यात्रा करते पकड़े गए

**जुर्माना स्वरूप रिकॉर्ड 1.54 करोड़ रूपए हुए प्राप्त**

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** ट्रेनों में बिना टिकट अथवा अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों की धर-पकड़ हेतु पूर्व मध्य रेलवे द्वारा विषेष टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है। यह जांच अभियान स्टेषन के साथ-साथ ट्रेनों में भी सघन रूप से जारी है। इसी क्रम में अवैध रूप से वातानुकूलित श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों के विरूद्ध भी जांच अभियान चलाया जा रहा है। दिनांक 28.05.2024 को देर रात तक चले टिकट जांच अभियान के दौरान पूर्व मध्य रेल से खुलने तथा गुजरने वाली विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के कुल 268 वातानुकूलित कोचों की जांच की गयी जिसमें अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वाले 521 यात्रियों को जुर्माना के बाद ट्रेन से उतारा गया। एसी क्लास में यात्रा करने वाले इन यात्रियों से जुर्माने रूप में 03 लाख 15 हजार रूपए वसूल किए गए। दिनांक 28.05.2024 के विषेष टिकट जांच अभियान में दानापुर, सोनपुर, समस्तीपुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय एवं धनबाद मंडलों के लगभग सभी प्रमुख स्टेषनों और ट्रेनों में एक साथ 1018 टीटीई, मुख्यालय और मंडलों के वाणिज्य विभाग के अधिकारी और कार्यालयों से अतिरिक्त कर्मचारी तथा रेल सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी थी।

टिकट जांच अभियान के दौरान 21,270 यात्री बिना टिकट/उचित प्राधिकार के यात्रा करते हुए पकड़े गए इसमें एसी क्लास में अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वाले 521 यात्री भी शामिल हैं। इन यात्रियों से रिकॉर्ड 01 करोड़ 54 लाख रूपए से अधिक की राषि जुर्माने के रूप में वसूल की गयी। यह राषि अब तक किसी भी एक दिन में प्राप्त जुर्माने की राषि की तुलना में सर्वाधिक है। विदित हो कि चालू वित्त वर्ष के 28 मई तक (01 अप्रैल, 2024 से 28 मई, 2024 तक) टिकट जांच के दौरान पूर्व मध्य रेल में बिना टिकट/अनिमियत करते हुए 6.64 लाख लोगों को पकड़ा गया है जिनसे जुर्मानास्वरूप 43.68 करोड़ रूपए प्राप्त हुए जो पिछली अवधि की तुलना में 12.45 प्रतिषत अधिक है। जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि (01 अप्रैल, 2023 से 28 मई, 2023 तक) बिना टिकट यात्रा के 6.53 लाख मामले सामने आए जिनसे जुर्माने के रूप में 38.84 करोड़ रूपए वसूल किए गए थे। चालू वित्त वर्ष के 28 मई तक दानापुर मंडल में बिना टिकट/अनियमित यात्रा करते हुए 1,69,800 यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे जुर्मानास्वरूप 11.06 करोड़ रूपए वसूल किए गए । इसी तरह पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में बिना टिकट/अनियमित यात्रा करते हुए 1,11,870 यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे जुर्मानास्वरूप 7.14 करोड़ रूपए, धनबाद मंडल में बिना टिकट/अनियमित यात्रा करते हुए 86,490 यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे जुर्मानास्वरूप 4.96 करोड़ रूपए वसूल किए गए। जबकि सोनपुर मंडल में इस दौरान 1,56,090 लोगों को बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़ा गया जिनसे 10.09 करोड़ रूपए एवं समस्तीपुर मंडल में 1,39,290 लोग बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़े गए जिनसे जांच टीम द्वारा जुर्माना के रूप में 10.42 करोड़ की राषि वसूल की गई। पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों में बिना टिकट अथवा बिना उचित प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों की धरपकड़ हेतु निरंतर टिकट जांच की जा रही है तथा भविष्य में भी यह जारी रहेगी। यात्रियों से अपील है कि वे हमेषा उचित यात्रा टिकट लेकर ही यात्रा करें।

## आवास नहीं तो वोट नहीं का लगा नारा

**सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)।** रोहतास के डालमियानगर उद्योग समूह के आवासीय परिसर में रह रहे लोगों ने वोट बहिष्कार का निर्णय लिया है। बुधवार को डालमिया नगर हनुमान मंदिर परिसर में बैठक कर इसका ऐलान किया गया और आवासीय परिसर में जगह-जगह वोट बहिष्कार का बैनर लगाया गया। हनुमान मंदिर में जुटे स्थानीय लोगों ने आवास नहीं तो वोट नहीं का नारा लगाया। ज्ञात हो कि डालमियानगर परिसर में दशकों में रहे परिवारों को हाईकोर्ट के द्वारा परिसर खाली करने का निर्देश दिया गया है। उच्च न्यायालय का फैसले से एक साथ 813 घर खाली हो जाएंगे, तथा डालमियानगर वीरान हो जाएगा। सभी इसी बात से चिंतित हो रहे हैं कि एक साथ 813 परिवार कहां जाएंगे। इन परिस्थिति में एक बसा बसाया शहर उजड़ जाएगा।

# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर ड्रोन के माध्यम से असामाजिक तत्वों की जा रही है निगरानी



निज संवाददाता

**अरवल।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी को लेकर सदर थाना अध्यक्ष मोहम्मद अली साबरी के द्वारा भदासी और फखरपुर पंचायत के कई गांव में घूम घूम कर ड्रोन के माध्यम से निगरानी कर असामाजिक तत्वों वाले लोगों को संदेश देने का काम किया कि आगामी 1 जून को होने वाले लोकसभा चुनाव में किसी प्रकार से कोई भी गड़बड़ी न करें शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराए जाने को लेकर पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। इस मामले को लेकर थाना अध्यक्ष के द्वारा बताया गया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार थाना क्षेत्र के कई गांव में घूम घूम कर ड्रोन के माध्यम से असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखने का काम किया जा रहा है ताकि लोकसभा चुनाव में किसी प्रकार से कोई भी गड़बड़ी न हो और वैसे लोगों पर विशेष नगर रखी जा रही है जो पूर्व के चुनाव में किसी प्रकार से कोई भी गड़बड़ी करने की कोशिश किया है और तो और गांव के सुनसान जगह के अलावे चौक चौराहों पर ड्रोन के माध्यम से निगरानी की गई। इस मौके पर आसपास के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# डेहरी रेलवे स्टेशन पर स्टेशन पर प्रसव पीड़ित महिला को ट्रेन से उतारकर सुरक्षित कराया गया प्रसव



निज संवाददाता

**डेहरी-ऑन-सोन (रोहतास)।** डेहरी रेलवे स्टेशन पर प्रसव पीड़ित महिला को ट्रेन से उतारकर सुरक्षित प्रसव कराया गया। निरीक्षक प्रभारी राम विलास राम ने बताया कि बुधवार को सुरक्षा नियंत्रण कक्ष डी.डी. यू द्वारा गाड़ी संख्या-12382 डाउन मे प्रसव पीड़ा से पीड़ित महिला को मेडिकल सुविधा के लिए रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डेहरी ऑन सोन को सूचना प्रदान की गई। प्लेटफार्म ड्यूटी मे तैनात आरक्षी अभिमन्यु सिंह ने प्लेटफार्म संख्या-4 के पश्चिमी छोर पर गाड़ी संख्या-12382 डाउन से उतारी गई एक महिला के प्रसव पीड़ा होने के बारे मे सूचना दी। सूचना के अनुपालन में निरीक्षक प्रभारी राम विलास राम, उप निरीक्षक शिव राज शाह साथ स्टाफ और राजकीय रेल थाना के उप निरीक्षक कमल किशोर सिंह मौके पर पहुंचे। पूछने पर उसके पति नागेंद्र मांझी ने पीड़िता के बारे में बताया। मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक ने महिला कर्मचारी सरिता देवी और चंदा देवी के साथ अन्य महिला सदस्यों ने प्रसव कराया। महिला ने एक स्वस्थ नवजात बालक को जन्म दिया। मौके पर रेल हेल्थ यूनिट डेहरी ऑन सोन के डॉक्टर हरदीप सिंह उपस्थित हुए। प्राथमिक चिकित्सा के बाद महिला को अनुमंडल अस्पताल ले जाने का निर्देश दिए। उनके निर्देश पर उक्त महिला को आगे के इलाज हेतु उसके परिजनों के साथ उनके परिजनों की देखरेख मे अनुमंडल अस्पताल से आये एम्बुलेंस के माध्यम से अनुमंडल अस्पताल डेहरी ऑन सोन भेजा गए।

## अफसर व जवानों ने किया फ्लैग मार्च

**भगवानपुर/चांद (कैमूर)।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को ले भगवानपुर व चांद इलाके में बुधवार को अफसर व अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने फ्लैग मार्च किया। भगवानपुर बीडीओ चंद्रभूषण कुमार और थानाध्यक्ष उदय कुमार के नेतृत्व में पैरा मिलिट्री फोर्स ने फ्लैग मार्च किया। बीडीओ ने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य प्रखंड में शांतिपूर्ण तरीके से लोकसभा चुनाव संपन्न कराना है। फ्लैग मार्च में शामिल सैकड़ों पैरा मिलिट्री फोर्स के जवानों द्वारा भगवानपुर-मुंडेश्वरी, भगवानपुर-जैतपुर सड़क सहित विभिन्न मार्गोंर् में फ्लैग मार्च किया गया, जिससे असामाजिक तत्वों और नशेड़ियों में भय दहशत का माहौल है। अफसरों मतदाताओं में निर्भीक होकर मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया गया। चांद पुलिस ने थाना क्षेत्र के दक्षिणी इलाके में जवानों संग फ्लैग मार्च किया।

# जब-तक मैं जिंदा हूं, तब-तक आरक्षण और लोकतंत्र को खतरा नहीं हैं : चिराग पासवान

**चिराग पासवान ने एनडीए प्रत्याशी शिवेश कुमार को वोट देने की अपील की**



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** सासाराम लोकसभा क्षेत्र के चेनार स्थित रामदुलारी गंगा इंटर स्तरीय विद्यालय के प्रांगण में बुधवार को चिराग पासवान ने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जब-तक वह जिंदा है, तब-तक आरक्षण और लोकतंत्र को खतरा नहीं है। चिराग पासवान ने आगे कहा कि महागठबंधन के लोग आप लोगों के बीच वोट लेने के लिए आरक्षण खत्म करने का भय दिखा रहे हैं। जबकि, हकीकत यह है कि गलती से आप लोग अगर महागठबंधन के लोगों को विजय बनाते हैं, तो आपका महीने में मिलने वाला 5 किलोग्राम अनाज के साथ तमाम सरकारी योजनाओं को बंद किया जाएगा। इतना ही नहीं आपके जमीन और गहने पर भी उनकी नजर है, उसे भी महागठबंधन के लोग ऐसा कानून बना रहे है कि टैक्स के माध्यम से यह हड़प लेंगे। चिराग पासवान ने कहा कि महागठबंधन के लोग किसे प्रधानमंत्री बनाएंगे, अब तक घोषणा नहीं किए हैं। लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने के लिए आप लोग 1 जून को एनडीए प्रत्याशी शिवेश कुमार के चुनाव चिन्ह कमल के फुल छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाएं। चिराग पासवान ने कहा कि एक तरफ इंडिया गठबंधन के लोग हैं, जो जमीन लेकर नौकरी देने का काम करते है। दूसरी तरफ देश के प्रधानमंत्री हैं, जो सभी लोगों को लेकर साथ चलते हैं। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर महिलाओं की जेवर छीन लिए जाएंगे। आपकी जमीन ले ली जाएगी। 5 किलो राशन भी नहीं मिलेगा। यह लोग आएंगे तो आपका 5 लाख का जो इलाज हो रहा है, वह भी बंद हो जाएगा। आज देश पांचवें नंबर पर अर्थव्यवस्था में दुनिया में जा रहा है, यह पीएम नरेंद्र मोदी जी के ही राज्य में सुनिश्चित हुआ है। सभी एनडीए के नेताओं ने मंच पर शिवेश कुमार को विजय का माला भी पहनाया।

## संक्षिप्त समाचार

### हत्या कांड के दो आरोपी ने किया कोर्ट में सरेंडर

**आरा**। आम तोड़ने के विवाद में चौंरी थाना के डिलिया में पिछले दिनों हुए अगहनु राम की हत्या के मामले के दो आरोपियों ने मंगलवार को आरा सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया। दोनों नामजद आरोपी चौंरी थाना क्षेत्र के चौंरी गांव निवासी अखिलेश यादव पिता मोहन यादव और संजय गोसाई पिता सुरेश भारती है। अखिलेश यादव पूर्व में भी मर्डर केस में जेल जा चुका है। पुलिस दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेने की तैयारी में जुट गई है। इस हत्याकांड में फरार चल रहा एक अन्य नामजद अभियुक्त डिलिया गांव निवासी अभिमन्यु कुमार उर्फ मनु पिता जमींदार है। एक आरोपी को पवना थाने के खोपीरा गांव से चार दिन पूर्व ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

### गड़हनी पुलिस ने किया कई गांवों में फ्लैग मार्च

**गड़हनी**। लोकसभा चुनाव को ले आज दूसरे दिन भी सैकड़ों पुलिस जवान के साथ गड़हनी थाना परिसर से फ्लैग मैच निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व थानाध्यक्ष रणवीर कुमार व एस आई कुमार गौरव ने किया। फ्लैग मार्च गड़हनी होते हुये बराप, सहँगी, मंदुरा, बगवां, सिकटी सहित बराप व बगवां पंचायत के सभी गांवों में किया गया। फ्लैग मार्च का मक़सद है कि 1 जून को चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार का कोई गड़बड़ी ना हो व शांतिपूर्ण भयमुक्त चुनाव कराया जा सके। साथ ही फ्लैग मार्च में शामिल पुलिसकर्मियों एवं पदाधिकारियों ने बताया कि किसी तरह की कोई भी गड़बड़ी होने पर कंट्रोल रूम के द्वारा कंट्रोल किया जाएगा , गड़बड़ी की सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकालने से स्थानीय अपराधियों व शराब धंधेबाजों में भय व्याप्त हो गया है। चुनाव को ले बाज़ार पर बहुत ज्यादा पुलिस बल दिख रही है, इस समय शराब धंधेबाज बिल्कुल शांत है और बाज़ार में अवैध शराब बिक्री पर भी रोक लगी है।

### संविधान और लोकतंत्र को बचाना है : भाकपा माले

**आरा**। भाकपा माले नेता ने कायमनगर और बीरमपुर में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में जनसंपर्क किया। माले नेता ललन यादव ने जनसंपर्क के दौरान कहा कि यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए है। जनता महंगाई व बेरोजगारी से परेशान है। कुछ लोग रेलवे और सड़क विभाग के काम को संसद द्वारा काम कराने की बात कहकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। सांसद महोदय सोन नहर का मरम्मत करवाए रहते तो यहाँ के लोगों का भला होता। अधिवक्ता अखिलेश्वर प्रसाद ने कहा कि नरेंद्र मोदी अग्नि वीर योजना लाकर देश के साथ धोखा किया है। सरकारी नौकरी को रोक दिया है। चुनाव में सामंती तत्वों को छोड़कर बाकी जनता सुदामा प्रसाद को सांसद बनाने के लिए तैयार है। इधर अधिवक्ता सुनील कुमार के नेतृत्व में धरहरा में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में जनसंपर्क हुआ।

### मतदान के लिए पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**आरा**। एक जून को होने वाला लोकसभा चुनाव को भयमुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए भोजपुर पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। जिसका नेतृत्व एसपी नीरज सिंह ने किया। ए एस पी परिचय कुमार ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए शहर के सभी मार्गों सहित शहर के आस - पास के इलाकों में भोजपुर पुलिस के द्वारा मंगलवार की शाम 5.30 बजे एस पी कार्यालय से फ्लैग मार्च निकला गया। जो शहर के सभी मार्गों और शहर से सटे फोर लेन पर भी गया। फ्लैग मार्च में 40 पुलिस बाइक को शामिल किया गया था। जिसमें पुलिस के जवान और पदाधिकारी सहित कुल 80 लोग थे। फ्लैग मार्च का नेतृत्व खुद एस पी नीरज सिंह कर रहे थे। एक जून को होने वाला लोकसभा चुनाव को भयमुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए लोगों से अपील की गई ।

### वेतन व पेंशन आंतरिक स्रोत से हो भुगतान

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने राज्य सरकार द्वारा लागू की जा रही वेतन और पेंशन की नई भुगतान पद्धति का विरोध किया है। संघ ने कहा कि उच्च न्यायालय पटना के आदेश के बावजूद भी शिक्षकों को अबतक चार माह से वेतन भुगतान नहीं हुआ है। संघ यह मांग करता है कि अन्य विश्वविद्यालय की तरह वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय द्वारा भी एक विरोध पत्र राज्य सरकार को प्रेषित किया जाए। जब तक शिक्षकों को वेतन/ पेंशन नहीं मिलता है तब तक के लिए आंतरिक स्रोत से भुगतान किया जाए।

### मुसाफिरगंज मोहल्ले में इलाज के दौरान संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत

**बक्सर**। शहर के नई बाजार की रहने वाली विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के परिजनों ने मामले को लेकर किसी पर आरोप नहीं लगाते हुए यूडी केस दर्ज कराया है। जानकारी के मुताबिक मुसाफिरगंज मोहल्ले के रविन्द्र कुमार सिंह का पुत्र बंटी यादव उर्फ राहुल कुमार अपनी पत्नी आंचल कुमारी के साथ नई बाजार मोहल्ले में रहता था। पिछले काफी दिनों से उसकी पत्नी की तबीयत खराब चल रही थी। आंचल को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक महिला के परिजनों ने इसकी सूचना टाउन थाना पुलिस को दिया। टाउन थाना पुलिस ने शव को कब्जा में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने मामले में यूडी केस दर्ज कराया है। टाउन थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### देश-विदेश में उच्च पदों पर हैं एमवी कॉलेज के छात्र




**बक्सर**। महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान विभाग की ओर से मंगलवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्नातकोत्तर चौथे सेमेस्टर के छात्रों को उत्साहपूर्वक सम्मान सह विदाई का कार्यक्रम सेकेंड सेमेस्टर के सहपाठियों के अनुभव को एक साथ-एक विचार के माध्यम से प्रस्तुत करने के लिए किया गया। मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र पाठक ने कहा कि महाविद्यालय मुख्य रूप से शिक्षा के दौरान सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों पहलुओं के राजनीतिक शिक्षण के माध्यम से हमारे छात्रों को एक अच्छा इंसान बनाने और एक सफल पेशेवर बनाने पर केंद्रित है। मुझे यह बात बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारे महाविद्यालय के छात्र देश-विदेश में उच्च पदों पर काम कर रहे हैं। हमारे छात्र हर तरह की परीक्षाओं में सफल हुए हैं और मुझे पूरा यकीन है कि सभी वर्तमान छात्र भी सफलता की चोटी तक पहुंचेगें। वहीं राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष अवधेश प्रसाद ने कहा कि हमारे कई छात्रों ने नेट-जेआरएफ में भी उत्तीर्ण हुए हैं। कई छात्र मीडिया के क्षेत्र में चले गए हैं और वह बेहतर कर रहे हैं। एनजीओ में भी हमारे कई छात्र उच्च पदों पर कार्यरत हैं। मौके पर राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ प्रिय रंजन ने कहा कि हमारे यहां के छात्र महाविद्यालय को एक नई ऊंचाई देने के लिए हमेशा जागरूक रहते हैं। छात्र सिर्फ किताबी ज्ञान ही नहीं बल्कि सामाजिक, राजनीतिक, मनोवैज्ञानिक, तुलनात्मक ज्ञान को राजनीति के साथ तालमेल बैठाते हुए चुनौतियों का सामना करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। सहायक प्राध्यापक डॉ निशांत कुमार ने कहा कि विभाग में अध्ययन करने वाले सभी छात्र हमारे परिवार की तरह है। इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. नवीन शंकर पाठक ने कहा कि राजनीति विज्ञान विभाग हमेशा से हर एक विभाग को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहता है। कार्यक्रम में रूनी कुमारी, रुचि कुमारी, कुमारी दीपा, स्वेता, तान्या सिंह, पूजा कुमारी, रिंकू कुमारी, एकता आदि थे।

# मतदान को लेकर तैयारी तेज, फ्लैग मार्च के जरिए पुलिस ने निर्भीक होकर मतदान करने का दिया संदेश

निज संवाददाता। बक्सर

लोकसभा क्षेत्र में चुनावों को देखते हुए बक्सर में तैयारियां तेज हो गई। बक्सर पुलिस की ओर से लगातार प्रयास जारी है। लोग भयमुक्त और शांति पूर्ण मतदान करे इसकी कोशिश जारी है। इसको लेकर एक दर्जन थाना से फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस और पैरामिलिट्री, संयुक्त बल ने घनी आबादी और संवेदनशील इलाकों से गुजरते हुए इसके जरिए चुनाव में गड़बड़ी करने वालों को संदेश दे दिया कि गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इससे साथ ही लोगो से अपील की गई है कि लोकसभा मतदान निष्पक्ष, निर्भीक और शांतिपूर्ण तरीके से करें।



**कई गांवों में पुलिस ने किया पैदल फ्लैग मार्चः** इसके लिए प्रशासन अलर्ट मोड़ है। नवानगर थानाध्यक्ष नन्दू कुमार ने चुनाव कार्य में आई हरियाणा पुलिस के साथ थाना क्षेत्र के भरौली, बिचली भरौली, पश्चिमी भरौली, किरनी, केसठ पुराना बाजार और नया बाजार सहित अन्य कई गांवों में पहुंच पैदल फ्लैग मार्च किया। थानाध्यक्ष ने कहा कि मतदान करने के लिए प्रशासन उनकी हर तरह से मदद करेगी। साथ ही सभी मतदाता को सुरक्षा स्पष्ट रूप से दी जाएगी और असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आगे लोगों से अपील की गई है कि एक दूसरे का सम्मान करें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। पैदल फ्लैग मार्च के दौरान गांव के गलियों का भ्रमण किया गया और मार्च के माध्यम से मतदान में हिस्सा लेने का संदेश दिया गया। फ्लैग मार्च में हरियाणा पुलिस के 25 जवान सहित नावानगर पुलिस के जवान, चौकीदार सहित सैप के जवान शामिल रहे। वहीं, एक जून को सांतवे चरण लोकसभा चुनाव को लेकर शत प्रतिशत मतदान के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के जरिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसके तहत रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता, संगोष्ठी, रैली, जनसंपर्क अभियान समेत संकल्प सभा का आयोजन भी किया जा रहा है। इसके अलावा जीविका दीदियों के तत्वावधान में प्रखंड के रामपुर, कुलमनपुर, सिद्धिपुर समेत अन्य गांवों में वाद्य यंत्रों पर गीत बजाकर पहले मतदान फिर जलपान का संदेश दिया जा रहा है।

**1 जून को होगी वोटिंग**

## मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय खुलेगी एक और शाखा

निज संवाददाता। बक्सर

आगामी जून के दूसरे सप्ताह में मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय आरा जिला शाखा का उद्घाटन किया जायेगा। उक्त जानकारी बिहार प्रदेश सचिव डॉ दिलशाद आलम ने दी। उन्होंने कहा की बिहार के लगभग हर जिले में संस्थान बहुत सारे सामाजिक न्याय का कार्य कर रही है। बक्सर रोहतास के अलावा अब आरा में शाहाबाद का तीसरा शाखा तैयार हो चुका है जो अपने कार्यों को बखूबी निभाएगा। संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह सहित महासचिव मुकेश सिंह, आरा जिला अध्यक्ष डॉ विजय गुप्ता, प्रदेश सचिव डॉ दिलशाद आलम, पटना जिला अध्यक्ष डॉ अभिनव आनंद समेत अन्य सदस्य मौजूद रहेंगे। मानवाधिकार अपने कार्यों हेतु कई बार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर का अवार्ड भी जीत चुकी है। न्याय दिलाना संस्थान का मूल मंत्र है। आशा है आरा के सभी सदस्यों का कार्य अच्छा होगा ताकि गरीब से लेकर मजदूर को भी हर तरह के अधिकार मिले। सदस्यों में डॉक्टर एसके सिंह, डॉ विजय कपिल मुनि, अंकित कुमार, इम्तियाज अंसारी, मनीष कुमार, अंजली, कुसुम आदि मौजूद थे।



## अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, 10 फीट उछला युवक, मौत, तीन दोस्त बाइक से निकले थे घूमने

निज संवाददाता। आरा

आरा शहर में बाइक से घूमने निकले तीन दोस्तों में एक की मौत हो गई। किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद एक युवक 10 फीट तक उछल गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक मृतक नवादा थाना क्षेत्र के नवादा मोहल्ला वार्ड-41 निवासी स्वर्गीय बबलू यादव का 18 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार है। घायल नवादा मोहल्ला निवासी राजेश राम का 23 वर्षीय पुत्र बजरंगी है। इसके अलावा एक अन्य की पहचान नहीं हो पाई है। परिजन उसका इलाज दूसरी जगह करा रहे। घायलों को आरा सदर अस्पताल लाया गया। एक की स्थिति गंभीर है। परिजनों को घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने दी। घटना नवादा थाना क्षेत्र के अनाईठ इलाके की है।



**घूमने की जिद करने लगा था दोस्तः** आदित्य और बजरंगी आसपास रहते हैं। जख्मी बजरंगी ने बताया कि मंगलवार की देर शाम तीसरा दोस्त बाइक लेकर मेरे घर आया और घूमने की जिद करने लगा। जिसके बाद मैं, आदित्य और तीसरा दोस्त बाइक से घूमने निकल गए। अनाईठ मोहल्ले के पास किसी वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी।

**भाई-बहनों में सबसे छोटा थाः** पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आरा सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवाया। बताया जाता है कि मृत आदित्य के एक भाई दीपक और दो बहन सांवली कुमारी और सिमरन कुमारी से घर में सबसे छोटा था।

♦ हादसे में दो घायल, एक की स्थिति गंभीर

## एक दिन से लापता बुजुर्ग की मिली लाश, सुबह चार बजे घर से निकलने के बाद नहीं लौटे

### परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले में एक दिन पूर्व घर से निकले बुजुर्ग का शव दूसरे दिन बरामद हुआ है। उनका शव स्थानीय थाना क्षेत्र के रूपबांध गांव स्थित बधार से मंगलवार को बरामद हुआ है। मृतक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के रूपबांध गांव निवासी 70 वर्षीय पुत्र बुधन यादव हैं। जो पेशे से किसान थे। मृतक के छोटे भाई नंद किशोर यादव ने बताया कि वह सोमवार की सुबह करीब 4 बजे घर से निकले थे। उसके बाद घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने काफी खोजबीन की। कुछ पता नहीं चल पाया। इसी बीच मंगलवार को दावां गांव के लोगों सूचना दी उनका शव दावां गांव स्थित बधार में है। परिजन वहां पहुंचे और उनके शव को वापस गांव ले आए। सूचना स्थानीय थाना को दी।



**छोटे भाई ने हत्या की जताई आशंकाः** सूचना पर स्थानीय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक के छोटे भाई नंद किशोर यादव ने उन्हें मारकर फेंकने की आशंका जताई है। बताया कि एक व्यक्ति से लेनदेन का विवाद था, लेकिन उन्होंने उक्त व्यक्ति का नाम नहीं बताया था। जबकि पुलिस आशंका जता रही कि बगीचे में गिरने के कारण चोट से मौत हुई है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चलेगा। बताया जाता है कि मृतक अपने पांच भाई व दो बहनों में बड़े थे। उनके परिवार में तीन बेटियां रीता देवी, चंद्रावती देवी, सीता देवी और 2 बेटे मंजी यादव और धनजी यादव हैं। मृतक की पत्नी कांति देवी की मौत 10 वर्ष पूर्व बीमारी के कारण हो गई थी।

## बेटे ने मां और बहन को पीटकर किया जख्मी

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के खिड़ीटाड़ गांव में मंगलवार को बड़े बेटे ने अपनी मां और बहन की जमकर पिटाई कर दी। जिससे दोनों जख्मी हो गईं। परिजन ने उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मियों में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के खिड़ीटाड़ गांव निवासी स्व. अमीरा राम की 50 वर्षीय पत्नी कश्मीरा कुंवर और जगदीशपुर थाना क्षेत्र के गणपत टोला गांव निवासी रंजीत कुमार की 26 वर्षीय पत्नी अमृता देवी है।



**शेड लगाने के विवाद पर मारपीटः** दोनों रिश्ते में मां-बेटी लगतीं हैं। अमृता देवी ने बताया कि पिता की मौत के बाद बड़े भाई अमलेश राम संपत्ति अपने नाम लिखवाने को लेकर मां से मारपीट करता है। मां की देखभाल के लिए मायके में रह रही थी। आधा घर पक्का का है और जिस हिस्से में वह लोग रहती है वह मड़ई है। उसी मड़ई के ऊपर उसके छोटे भाई अंकित राम ने शेड लगा दिया। बड़ा भाई अमलेश राम विरोध करने लगा और कहने लगा कि मेरे हिस्से में शेड नहीं लगेगा। इसी बात को लेकर कहासुनी हुई। जिसके बाद उसने अपने चाचा के साथ मिलकर दोनों मां-बेटी की पिटाई कर दी। जिससे दोनों जख्मी हो गई।

## पीट-पीटकर हत्या के मामले में दो गिरफ्तार, केस दर्ज

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में साइकिल चोरी का आरोप लगाकर एक युवक की लाठी-डंडे से पीट–पीटकर कर हत्या की गई। इस मामले में प्राथमिकी हुई है। मृतक के बड़े भाई संतोष कुमार ने स्थानीय थाना में गांव के ही वीरेंद्र साह उनके दो पुत्र पिंटू साह, संटू साह के अलावा सतेंद्र साह के खिलाफ नामजक प्राथमिक की दर्ज कराई है। प्राथमिक के आधार पर चरपोखरी थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित संटू साह और सत्येंद्र शाह को गिरफ्तार कर लिया।

**गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी हैः** पुलिस ने आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी कर रही है। थाने में दिए गए लिखित आवेदन में मृतक के बड़े भाई संतोष कुमार ने बताया कि गांव के नामजद आरोपित उसके घर में आए और पकड़कर अपने साथ ले गए। इसके बाद साइकिल चोरी की झूठा आरोप लगाकर घर के सामने पुल के पास उसे लाठी–डंडे से जमकर पिटाई कर दी। वो बेहोश हो गया। इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए चरपोखरी पीएचसी ले गए।

**इलाज के दौरान तोड़ा था दमः** प्राथमिक उपचार के बाद उसे आर्य सदस्य अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इसके बाद परिजन ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के क्रम में उसने दम तोड़ दिया। परिजन ने इसकी सूचना चरपोखरी थाना को दी। पुलिस ने शव को अपनी कब्जे में लेकर आरा सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवाया। डीएसपी राहुल सिंह ने बताया कि साइकिल चोरी का झूठा आरोप लगाकर युवक की पिटाई कर दी गई थी। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। जल्दी अन्य दो आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

## लोकसभा चुनाव की तैयारियों की गहन समीक्षा

निज संवाददाता। डुमरांव

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार एचआर श्रीनिवास, एडीजी मुख्यालय जितेंद्र सिंह गंगवार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आलोक रंजन घोष ने मंगलवार को बक्सर संसदीय क्षेत्र में होने वाला चुनाव से संबंधित कार्यों की तैयारी की समीक्षा किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के नेतृत्व में सर्वप्रथम डुमरांव नगर स्थित राज हाई स्कूल स्थित डिस्पैच सेंटर सह मतगणना केंद्र का निरीक्षण भी किया गया। मालूम हो कि बक्सर लोकसभा क्षेत्र में 5 विधानसभा क्षेत्र आते हैं।इनमें चार बक्सर जिले में,एक रोहतास जिले में स्थित है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मतगणना केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया। साथ ही केंद्र पर की गयी व्यवस्था के प्रति संतोष प्रगट किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जिला निर्वाची पदाधिकारी सह डीएम अंशुल अग्रवाल को निर्देश दिया गया कि मतगणना कार्य में संलग्न कर्मियों, उपस्थित प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं यथा पेयजल शौचालय, शुल्क एवं निःशुल्क भोजन व्यवस्था, वाटरप्रूफ पंडाल पंखों की पर्याप्त संख्या में व्यवस्था अवश्य रखी जाए।उन्होंने निदेशित किया कि सभी मतदान दलों को 30 मई 2024 को मतदान सामग्री एवं 31 मई 2024 को इवीएम-विविपैड ससमय



उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। वही तापमान को देखते हुए उन्होंने कहा कि सभी बूथों पर मतदान दलों को पीने की पानी, शौचालय आदि मूलभूत सुविधाएं भी वहाँ रखने का निदेश दिया गया। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि मतदान दल 31 मई 2024 को ईवीएम-विविपैड प्राप्त करते ही अपने संबद्ध वाहन से संबंधित मतदान केन्द्र पर पहुँच जायें। मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों पर शेड, पेयजल ,शौचालय, वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप विद्युत की व्यवस्था, वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र पर पहुंचने में परिवहन संबंधी आवश्यकताओं की समय प्रतिपूर्ति सुनिश्चित किए जाएं। वही निरीक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राज हाई स्कूल के मैदान में बने वाहन कोषांग का भी जांच किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित ड्राइवर से भी भुगतान के संबंध में वार्ता किया। वही ड्राइवर की बातों से पदाधिकारी संतुष्ट दिखे। इस दौरान जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल,अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार,प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार पांडे,सीओ शमन प्रकाश, एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी सहित अन्य भी पदाधिकारी मौजूद थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com sonvarshavani.com/epaper ई-पेपर



## संक्षिप्त समाचार

### बरारी के मुखिया को मनचले ने पीटा

**भागलपुर।** बरारी पंचायत के मुखिया जयकरण पासवान को मंगलवार की शाम मनचले ने पीट दिया। घटना देर शाम ज्योति विहार कॉलोनी में हुई। मामले में जयकरण पासवान ने जीरोमाइल पुलिस को शिकायत दी है। जयकरण ने बताया कि मैं मोहल्ले में बाइक लगाकर मोबाइल से बात कर रहा था। तभी प्रिंस नाम का शख्स आया हमला कर दिया। इस बीच उसके साथ चार-पांच युवकों ने मिलकर मारपीट की। बताया जाता है कि रास्ते के विवाद में दो लोगों के बीच झड़प हुई थी। जिसमें समझौते के लिए मुखिया पहुंचे थे।

### स्वतंत्रता सेनानी सावरकर की जयंती मनाई गई

**भागलपुर।** आनंदराम ढांढानियां सरस्वती विद्या मंदिर में मंगलवार को स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर वीर सावरकर की जयंती मनाई गई। इस मौके पर टीएनबी कॉलेज रसायन शास्त्र से सेवानिवृत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग संचालक प्रोफेसर राणा प्रताप सिंह, क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य व प्रज्ञा प्रवाह और अभिलेखागार प्रमुख (प्रमुख वक्ता) देवव्रत, भारतीय सूचना प्रोद्योगिकी संस्थान के डॉ. धीरज आदि मौजूद रहे। इस मौके पर देवव्रत ने कहा कि 28 मई 1883 को महाराष्ट्र के नासिक में दामोदर और राधाबाई सावरकर के घर जन्मे विनायक दामोदर सावरकर ने अपना जीवन भारत की स्वतंत्रता और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित कर दिया। अपनी किशोरावस्था में ही वीर सावरकर ने एक युवा संगठन मित्र मेला का गठन किया था। इस संगठन का उद्देश्य राष्ट्रीय और क्रांतिकारी विचारों को लाना था। आत्मनिर्भर भारत संबंधी विचार के पुरोधा वीर सावरकर ने 7 अक्टूबर 1905 को दशहरे के दिन, सभी विदेशी वस्तुओं को होलिका में जला दिया।

### चंपानगर में 31 को होगा जलसा, करेंगे जागरूक

**भागलपुर।** चंपानगर में जलसा का आयोजन 31 मई को होगा। इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। कार्यक्रम में कई जगहों के उलेमा-ए-कराम शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौलाना सैयद अहद नसर बनारसी, खानकाह पीर दमड़िया के सज्जादानशीं सैयद शाह फखरे आलम हसन, सैयद शाह कारी अब्दुल्ला, मौलाना मोहम्मद अकरम आदि शामिल होंगे। मदरसा इस्लाहुल मुस्लिमीन के संयुक्त सचिव मौलाना ओबैदुल रहमान ने बताया कि तामिर-ए-मस्जिद के सिलसिले में लोगों को जागरूक करने के लिए चंपानगर में जलसा का आयोजन किया गया है।

### दूसरी बार छात्र संघ चुनाव का कार्यक्रम जारी

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में दूसरी बार मंगलवा को छात्र संघ चुनाव का कार्यक्रम जारी किया गया है। इसके पहले जारी किए गए चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 30 अप्रैल को चुनाव होना था। जो स्थगित हो गया था। अब 08 अगस्त को छात्र संघ चुनाव होगा। पीआरओ डॉ प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि 15 जुलाई को मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 30 जुलाई से नामांकन प्रारंभ होगा। 01 अगस्त को स्क्रूटनी और 02 अगस्त को नाम वापसी की तिथि निर्धारित की गई है। 10 अगस्त को मतगणना और रिजल्ट की घोषणा होगी।

### बीसीसीआई सचिव की घोषणा का स्वागत किया

**मुंगेर।** जिले के खेल प्रेमियों ने बीसीसीआई सचिव जय शाह की घोषणा का स्वागत किया है। जिसमें आईपीएल स्थलों के मैदान कर्मियों और क्यूरेटरों को गुमनाम नायक बताते हुए उन्हें सराहना के रूप में 25-25 लाख रुपये देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि हमारे सफल टी-20 टीम सत्र के गुमनाम नायक मैदान कर्मी हैं, जिन्होंने कठिन मौसम में भी शानदार पिचें प्रदान करने के लिए अथक प्रयास किए। हमारी सराहना के प्रतीक के तौर पर 10 नियमित आईपीएल स्थलों पर मैदान कर्मियों और क्यूरेटर को 25 लाख रुपये मिलेंगे और तीन अतिरिक्त स्थानों पर 10 लाख रुपये मिलेंगे। खेल प्रवक्ता महमूद आलम ने बताया कि आईपीएल के 10 नियमित स्थान मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता, चंडीगढ़, हैदराबाद, बेंगलुरु, लखनऊ, अहमदाबाद और जयपुर हैं। गुवाहाटी राजस्थान रॉयल्स का दूसरा घरेलू स्थल था जब की विशाखापत्तनम ने दिल्ली कैपिटल्स के घरेलू मैचों के पहले चरण की मेजबानी की। धर्मशाला किंग्स इलेवन पंजाब के लिए दूसरे घरेलू मैदान के रूप में काम करता है।

### युवती ने गले में फांसी का फंदा लगाकर कर ली आत्महत्या

**टेटिया बंबर।** टेटिया बंबर टेटिया बंबर प्रखंड क्षेत्र के बनगामा पंचायत अंतर्गत क्षेत्र राजारानी तालाब गांव में एक युवती ने गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात्रि राजारानी तालाब गांव के रवीना कुमारी घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती के मां पिता घर से बाहर दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं। घर में मात्र एक भाई था। इधर सूचना मिलने पर बुधवार को खड़गपुर थानाध्यक्ष दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए मुंगेर भेजा है। पुलिस द्वारा पूछे जाने पर मृतका के भाई ने बताया कि घटना के बाद मै नर्वस हो गया था। जिस कारण मुझे कुछ समझ में नहीं आ रहा था मैं क्या करूं या ना करूं। जिस कारण मैं पुलिस को सूचना काफी देर के बाद दी है। थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी विकास कुमार ने बताया कि घटना के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। स्वजन शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुंगेर गए हुए हैं। लिखित आवेदन के बाद ही कारणों का पता चल सकेगा। इधर ग्रामीण सूत्रों की मानें तो घटना के पीछे प्रेम प्रसंग बताया जा रहा है। घटना की रात प्रेम प्रसंग के मामले में घर में उपस्थित सदस्य ने जमकर फटकार लगाई थी जिससे गुस्से में आकर वह अपने जीवन लीला समाप्त कर ली। गांव में कई तरह के चर्चाओं का भी बाजार गर्म है। घटना के बाद स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा है। युवती के मौत के सूचना पर दिल्ली में रहकर मजदूरी कर रहे मृतका के मां पिता राजा रानी तालाब के लिए रवाना हो गए हैं।

### सात दिवसीय मंजूषा समर कैंप का समापन




**भागलपुर।** मंजूषा कला प्रशिक्षण केंद्र काला सागर सांस्कृतिक संगठन एवं इंटेक भागलपुर चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय मंजूषा समर कैंप के समापन समारोह का उद्घाटन मंजूषा कला प्रशिक्षण केंद्र की प्राचार्य सुमना, विभु कुमार राय, मनोज कुमार सिंह, रामदेव सिंह, राजेंद्र प्रसाद गोप, नवीन सिंह कुशवाहा, कपिल देव रंग, मंजूषा गुरु मनोज कुमार पंडित, डॉ. शंभू सागर, देवाशीष पाल और उलूपी कुमारी झा ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर बच्चों द्वारा बनाए गए पेंटिंग की प्रदर्शनी लगाई गई। और जिन बच्चों ने नृत्य की प्रशिक्षण प्राप्त किया, उन्होंने झिझिया, कजरी, गणेश एवं बमबम भोले पर नृत्य की प्रस्तुती देकर लोगों का दिल जीत लिया। मंजूषा समर कैंप में 100 बच्चों ने मंजूषा चित्रकारी और नृत्य का प्रशिक्षण लिया। मंजूषा गुरु मनोज कुमार पंडित और सुमना ने बच्चों को मंजूषा कला की बारीकी को सिखाया। वहीं अमन सागर ने मंजूषा प्रशिक्षण के साथ-साथ नृत्य का भी प्रशिक्षण दिया। मंजूषा समर कैंप में शामिल सभी बच्चों को प्रमाण देकर सम्मानित किया गया।

# मुंगेर में भीषण गर्मी के कारण 17 स्कूली बच्चे बेहोश

## मुंगेर में शिक्षकों ने कहा-उमस के कारण बिगड़ी तबीयत

निज संवाददाता। मुंगेर



मुंगेर में भीषण गर्मी के कारण बुधवार को 17 स्कूली बच्चे बेहोश हो गए। इसके कारण स्कूलों में अफरा तफरी का माहौल बन गया। स्कूल के सभी शिक्षक पढ़ाना छोड़कर बेहोश बच्चों को होश में लाने के लिए लग गए। इस दौरान चेहरे पर पानी का छींटा मारकर होश में लाया गया। जमालपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय फरदा में कुल 8 बच्चे, उच्च विद्यालय फरदा में 5 बच्चे और धरहरा प्रखंड के कन्या विद्यालय अमारी में 4 बच्चे बेहोश हो गए। मध्य विद्यालय फरदा के प्रधानाचार्य ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण कई बच्चे बेहोश हो गए। इसमें कुछ बच्चों को पढ़ने के दौरान दस्त की भी शिकायत हो गई। प्रधानाचार्य ने आगे बताया कि एक तो भीषण गर्मी है दूसरी तरफ क्लास में बच्चे ज्यादा है और जगह कम है। उमस होने से कई कमरों में हवा नहीं आती है। इसलिए बच्चे बेहोश हो जा रहे है। गर्मी को देखते हुए सरकार को छुट्टी दे देनी चाहिए। वहीं मध्य विद्यालय के स्कूली बच्चों ने कहा कि भीषण गर्मी के कारण आज स्कूल के कई बच्चे बेहोश हो गए। क्लास रूम में हवा नहीं जाने के कारण सभी छात्र बेहोश हो रहे है। इसके अलावा शहरी क्षेत्र के मध्य विद्यायल माधोपुर में गर्मी के कारण तीन छात्राएं बेहोश हो गई। उनका इलाज निजी अस्पताल में जारी है। अभिवावक सतीश ठाकुर ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए शिक्षा विभाग के और डीएम को संज्ञान लेना चाहिए।

♦ परिजन बोले डीएम उठाए कदम

**भीषण गर्मी के कारण बेहोश हुई प्रधानाध्यापिकाः** तारापुर महावीर उच्च विद्यालय शांतिनगर सीआरसी में वीसी के दौरान कमरगामा प्राइमरी स्कूल हरिजन टोला की प्रधानाध्यापिका प्रियंका चौधरी बेहोश हो गई। वहीं वीसी के दौरान अन्य शिक्षकों ने प्रधानाध्यापिका को बेहतर इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्तपताल तारापुर में भर्ती कराया। महावीर उच्च विद्यालय शांतिनगर के प्रभारी प्रधानाचार्य रविंद्र शर्मा ने बताया कि वीसी के समय प्रधानाध्यापिका प्रियंका चौधरी हमारे बगल की कुर्सी पर बैठी थी। अचानक उनका शरीर ऐठने लगा। इसके बाद वह बेहोश हो गई। पानी का छीटा मारकर उन्हें होश में लाया गया। इसके बाद उन्हें सरकारी एम्बुलेंस से तारापुर अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया।

## नौकरानी चाहिए थी तो पति की करा दी दूसरी शादी

निज संवाददाता। भागलपुर



♦ भागलपुर में पीड़िता बोली-देवर बता करवाया विवाह, दिल्ली में सौतन ने कहा-बात नहीं मानी तो जान जाएगी

भागलपुर में पत्नी को नौकरानी की तलाश थी इसलिए उसने अपने पति की दूसरी शादी करा दी। पूरा मामला जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के सैनो गांव का है, जहां 2 मई को पीड़िता की शादी मुंगेर के खड़गपुर थाना क्षेत्र के रतनी निवासी हीरालाल दास से हुई थी। 4 मई को पीड़िता (18) और हीरालाल दास (50) दिल्ली के लिए रवाना हुए। 5 में को वह दिल्ली पहुंचे। एक-दो दिन तक तो ठीक रहा। उसके बाद प्राइवेट बैंक में मैनेजर के पद पर तैनात पहली पत्नी संगीता देवी के साथ हीरालाल दास उठने- बैठने लगा। जब पीड़िता ने हीरालाल से संगीता (42) के बारे में पूछा तो उसने बताया कि यह मेरी पत्नी है। तुम इसकी सौतन हो। नौकरानी की कमी पूरी करने के लिए मैने तुमसे शादी किया है। रहना है तो रहो, नहीं तो चली जाओ। इसके बाद जब पीड़िता ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज कर वहां से भगा दिया गया। इसके बाद काजल दिल्ली से भागलपुर पहुंची और उसने महिला थाने में लिखित शिकायत कर आरोपी पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है।

**क्या बोली पीड़िताः** पीड़िता का कहना है कि संगीता ने धोखे से अपने पति हीरालाल दास को देवर बताकर 2 मई को हिंदू रीति रिवाज से शादी करवा दिया। शादी में दहेज नहीं लिया गया था। शादी के बाद जब मैं दिल्ली पहुंची तो मुझे पूरे मामले की जानकारी हुई। इसके बाद हीरालाल ने कहा कि मैं दोनों को साथ रखुंगा। वहीं सौतन ने कहा कि मेरी सरकारी नौकरी नहीं है, तुम्हे रहना है तो नौकरानी के रूप में रहना पड़ेगा। मेरी बात नहीं मानी तो तुम्हारी हत्या कर दी जाएगी। तुम्हारे मां-पिता भी कुछ नहीं कर पाएंगे।

## मायके में करंट लगने से विवाहिता की मौत

### कमरे के दरवाजे से सटा था बिजली का तार, तीन साल पहले ही हुई थी शादी

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में करंट लगने से महिला की मौत हो गई। महिला अपने कमरे से बाहर निकल रही थी। तभी दरवाजे से बिजली का तार सटा हुआ था। गेट में विद्युत प्रवाहित हो रही थी। जिसकी चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। बुढ़िया गांव निवासी योगेंद्र यादव की पुत्री अमृता कुमारी (21) है। तीन पहले वो अपने मायके बुढ़िया गांव आई हुई थी। घटना सन्हौला थाना क्षेत्र की है।



**मुआवजे का दिया आश्वासनः** परिजनों ने कहा कि तीन साल पहले अमृता की शादी धनकुंड थाना क्षेत्र स्थित अठपहरा गांव निवासी फागो यादव से की थी। वहीं, पंचायत समिति सदस्य राहुल कुलकर्णी ने परिजनों को सरकार की तरफ से मिलने वाले मुआवजे को दिलाने का भरोसा दिलाया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई। थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## प्रिंसिपल और टीचर्स के बीच विवाद, ग्रामीणों ने किया हंगामा

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के सुलतानगंज थाना क्षेत्र के घोरघाट उर्दू मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापिका और शिक्षका के बीच हो रहे विवाद में बच्चों का पठन पाठन बाधित हो रहा है। प्रधानाध्यापक का कहना है कि शिक्षिका समय पर स्कूल नहीं आती है। समय पर स्कूल आने बोलते है तो अभद्र व्यवहार करती है। और गाली-गलौज करने लगती है। इसको लेकर प्रधानाध्यापिका और शिक्षका नेहा के बीच विवाद हो रहा है, जिससे बच्चों का पठन-पाठन बाधित होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को इसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश दिख रहा है।

ग्रामीण स्कूल में जाकर जमकर हंगामा किया। बता दें कि पिछले कई दिनों से शिक्षक और शिक्षका समय पर नहीं आ रहे हैं। इसको लेकर प्रधानाध्यापक के द्वारा लगातार शिक्षकों को निर्देश दिया जा रहा है। इसके बावजूद भी टाइम पर नहीं आते हैं। कहने पर अभद्र तरीके से बात करते हैं, जिसके कारण बच्चों का पठन-पाठन बाधित हो रहा है।

**ट्रांसफर की मांग कर रहे हैं ग्रामीणः** आक्रोशित ग्रामीणों का कहना है कि उर्दू मध्य विद्यालय में शिक्षका और प्रधानाध्यापक आपसी विवाद होने पर विद्यालय में ना तो बच्चे को सही से मध्यान भोजन दिया जा रहा है और ना ही सही से पढ़ाई हो रही है। सरकार के द्वारा विद्यालय में मिलने वाले राशि भी स्कूल पर खर्च नहीं किया जा रहे हैं। स्कूल की स्थिति दयनीय बनी हुई है। प्रधानाध्यक अंजना कुमारी ने बताया कि उर्दू मध्य विद्यालय में शिक्षक टाइम पर नहीं आते हैं। शिक्षिका नेहा भारती के द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है। इधर, आक्रोशित ग्रामीण शिक्षक और शिक्षिका नेहा भारती के ट्रांसफर की मांग कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि नेहा भारती के वजह से स्कूल में बच्चों का पढ़ाई धीरे-धीरे खत्म होते जा रहा है, जिसको लेकर लोगों में आक्रोश भी है।

**क्या बोली शिक्षिकाः** शिक्षिका नेहा भारती का कहना है कि प्रिंसिपल की सिस्टर विद्यालय आई थी। हम अटेंडेंस बनाने के लिए ऑफिस गए तो प्रिंसिपल की सिस्टर ने मुझे मना कर दिया। मैंने कहा कि यह ऑफिस है मैं अटेंडेंस बनाने के लिए आई हूं। इसके बाद प्रिंसिपल मैडम ने दो थप्पड़ जड़ दिया।

पूर्व रेलवे

**संक्षिप्त ई-निविदा सं. डीसीपीएम-जीएस-ईएनजी-एसडीएएच-03-24-25 (एकल पैकेट प्रणाली में खुली निविदा), दिनांकः 24.05.2024,** उप मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति इकाई, अभियांत्रिकी, पूर्व रेलवे, सियालदह, तीसरा तल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के तहत निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम** : रानाघाट-लालगोला शाखा के मुर्शिदाबाद में गुड्स शेड के विकास हेतु लोडिंग एवं अनलोडिंग प्लेटफॉर्म के निर्माण के सिलसिले में एसएसई/वर्क्स/बीपीसी के अधीन मुर्शिदाबाद में एलसी गेट नं. 141/एसपीएल को नवनिर्मित गुड्स वॉर्फ से जोड़ने वाली सड़क का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,91,85,616/- **बयाना राशि :** रु. 2,45,900/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि** : 06 माह। **खुलने की तिथि** : दिनांक 11.06.2024, 15.00 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइटः **www. ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए कोई मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। SDAH-68/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## नकली पेट्रोल बनाने वाले स्पिरिट के साथ चालक-खलासी गिरफ्तार

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में खड़गपुर थाना की पुलिस ने नकली पेट्रोल, डीजल व शराब बनाने में प्रयोग होने वाले स्पिरिट से भरे एक टैंकर के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार बोकारो से नकली डीजल व पेट्रोल बनाने के लिए इसे लाया जा रहा था। टैंकर में 12000 लीटर स्पिरिट मौजूद है । गिरफ्तार दो लोगों में एक उत्तर प्रदेश के देवरिया का रहने वाला निजामुद्दीन अंसारी है और दूसरा पटना के नौबतपुर का रहने वाला मनीष कुमार है।

टैंकर का नंबर WB11C5627 है। वहीं मामले को लेकर प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के कच्ची मोड़ के पास स्पिरिट इथेनॉल जैसा रसायन पदार्थ से भरा एक कंटेनर को जब्त किया गया है। फिलहाल जांच की जा रही है। वहीं पुलिस ने आगे बताया की लगातार नकली पेट्रोल, डीजल और शराब को लेकर शिकायतें मिल रही थी। इसी कड़ी में कार्रवाई की गई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि बोकारो से टैंकर को रानीगंज लेकर जा रहे था। इसके अलावा बताया कि सैंपल को जांच के लिए भेजा जाएगा।

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी आमंत्रण सूचना

**सं. सीओएम/पार्सल/लीजिंग/लाँग टर्म ई-ऑक/एचडब्ल्यूएच/2023/पार्ट-II, दिनांक 27.05.2024** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ मंजिल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा **हावड़ा मंडल से शुरू होने वाली 03 यात्रीवाही ट्रेनों में 03 एसएलआर की पार्सल जगह को लीज पर देने** के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। (1) रेल प्रशासन आईआरईपीएस वेबसाइट के ई-ऑक्शन मॉड्यूल के माध्यम से दो वर्षों के लिए हावड़ा मंडल से शुरू होने वाली 03 यात्रीवाही ट्रेनों में 03 एसएलआर के लिए ई-नीलामी आमंत्रित करता है। (2) विस्तृत नियम और शर्तों से संलग्न अहस्तांतरणीय नीलामी सूची **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। वर्तमान ई-नीलामी के लिए बोली **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से जमा की जाएगी। ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए, वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से व्यापारियों का एक बार के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। व्यापारियों को क्लास-III का डिजिटल हस्ताक्षर लेने की भी आवश्यकता पड़ेगी। **ऑक्शन कैटलॉग सं. पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-एल-24-6ए । ट्रेन नंबरः** 03 यात्रीवाही ट्रेनों में 03 एसएलआर, **नीलामी शुरू होने की तिथि और समयः** 10.06.2024 को 13.00 बजे। HWH-74/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### रोती लड़की की आवाज सुन ट्रांसफर किए रुपए, हुई ठगी

**भागलपुर।** डिजिटल अरेस्टिंग का झांसा देकर साइबर ठग ने शाहकुंड के सरकारी शिक्षक से 22 हजार रुपए की ठगी कर ली। आरोपी ने शिक्षक को उनकी बेटी को अरेस्ट होने का झांसा दिया और यूपीआई से खाते में नकदी ट्रांसफर करा लिया। मामले में सत्यजीत कुमार बीते पांच दिन से ठगी का केस दर्ज कराने के लिए साइबर थाने का चक्कर लगा रहे थे। पीड़ित की बेटी ने बताया कि 22 मई को पापा के मोबाइल पर अनजान नंबर से व्हाटसएप कॉल आया। कॉल करने वाले ने पापा से कहा- आपकी बेटी किसी लड़के साथ पकड़ी गई है। बचाना चाहते हैं तो इस खाते में पैसा भेज दीजिए। साथ ही कॉल काटने से मना किया। ठग ने पापा को विश्वास दिलाने के लिए किसी लड़की के रोने की आवाज भी सुनाई। जो उसकी आवाज से मिलती-जुलती थी। इसके बाद पापा ने दबाव में आकर शातिर के बताए यूपीआई नंबर पर 22 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। कुछ देर बाद पता चला कि फर्जी कॉल था। रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए 22 मई से ही साइबर थाने का चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन हर बार आवेदन में गलती होने की बात कर वापस कर दिया जाता है।

पूर्व रेलवे

हावड़ा मंडल के तहत पार्सल जगह को लीज पर देना

**सं. सीओएम/पार्सल/लीजिंग/लाँग टर्म ई-ऑक/एचडब्ल्यूएच/2023/पार्ट-II, दिनांक 28.05.2024** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा. चतुर्थ मंजिल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल से शुरू होने वाली 07 यात्रीवाही ट्रेनों में 11 एसएलआर और 03 यात्रीवाही ट्रेनों में 03 आरटीवीपी को लीज पर देने के लिए आईआरईपीएस पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर ई-ऑक्शन मॉड्यूल के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। **एडमिन यूनिट/जोनः** हावड़ा मंडल-वाणिज्यिक/पूर्व रेलवे। **नीलामी करने वाले अधिकारीः** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा। **ऑक्शन कैटलॉग सं.:** पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-एल-24-6बी, **नीलामी की किस्म** : क्लोज एंडेड, **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 11.06.2024, 13.00.00, **नीलामी की अंतिम तिथि/समयः** 11.06.2024, 15.40.00, **ऑटो एक्सटेंशन जोनः** 120 सेकंड। **ऑटो एक्सटेंशन अवधिः** 120 सेकंड। **प्रारंभिक कूलिंग ऑफ अवधिः** 30 मिनट। **लगातार लॉट का समापन अंतराल** : 10 मिनट। **अधिकतम ऑटो एक्सटेंशन** : 10 बार। ई-नीलामी सूची का विवरण निम्नानुसार हैः **क्रम सं.; लॉट सं./कैटेगरी; विवरण; ट्रिप/दिन; लॉट की अंतिम तिथि और समय** निम्नानुसार हैंः **एए/1**; 13033-एसएलआर-एफ2-एचडब्ल्यूएच-केआईआर-23-2 (पार्सल-एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 730; 11.06.2024 को 13:30:00; **एए/2**; 13015-एसएलआर-एफ2-एचडब्ल्यूएच-जेएमपी-24-1 (पार्सल-एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 730; 11.06.2024 को 13:40:00; **एए/3**; 13063-एसएलआर-एफ1-एचडब्ल्यूएच-बीएलजीटी-23-1 (पार्सल-एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 522; 11.06.2024 को 13:50:00; **एए/4**; 13063-एसएलआर-आर1-एचडब्ल्यूएच-बीएलजीटी-23-1 (पार्सल-एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 522; 11.06.2024 को 14:00:00; **एए/5**; 13023-एसएलआर-एफ2-एचडब्ल्यूएच-जीएवाईए-23-1 (पार्सल-एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 730; 11.06.2024 को 14:10:00; **एए/6**; 12353-एसएलआर-एफ1-एचडब्ल्यूएच-एलकेयू-23-2 (पार्सल-एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 105; 11.06.2024 को 14:20:00; **एए/7**; 13033-एसएलआर-एफ1-एचडब्ल्यूएच-केआईआर-23-2 (पार्सल-एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 730; 11.06.2024 को 14:30:00; **एए/8**; 13043-एसएलआर-एफ1-एचडब्ल्यूएच-आरएक्सएल-23-1 (पार्सल-एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 209; 11.06.2024 को 14:40:00; **एए/9**; 13015-एसएलआर-आर1-एचडब्ल्यूएच-जेएमपी-23-2 (पार्सल-एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 730; 11.06.2024 को 14:50:00; **एए/10**; 13063-एसएलआर-एफ2-एचडब्ल्यूएच-बीएलजीटी-23-1 (पार्सल-एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 522; 11.06.2024 को 15:00:00; **एए/11**; 12177-एसएलआर-एफ1-एचडब्ल्यूएच-एमटीजे-23-1 (पार्सल-एसएलआर); एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट); 105; 11.06.2024 को 15:10:00; **एबी/1**; 13033-13034-वीपी-1-एचडब्ल्यूएच-केआईआर-24-1 (पार्सल-पार्सल वैन); पार्सल वैन में पार्सल जगह ; 730; 11.06.2024 को 15:20:00; **एबी/2**; 13031-13032-वीपी-1-एचडब्ल्यूएच-जेवाईजी-24-1 (पार्सल-पार्सल वैन); पार्सल वैन में पार्सल जगह ; 730; 11.06.2024 को 15:30:00; **एबी/3**; 13025-13026-वीपी-1-एचडब्ल्यूएच-बीपीएल-24-1 (पार्सल-पार्सल वैन); पार्सल वैन में पार्सल जगह ; 104; 11.06.2024 को 15:40:00; **रेट यूनिटः** क्रम सं. एए/1 से एए/11 हेतु प्रति ट्रिप लाइसेंसिंग शुल्क और क्रम सं. एबी/1 से एबी/3 हेतु प्रति राउंड ट्रिप (टू वे)। **न्यूनतम वृद्धि (%)** : प्रत्येक हेतु 0.2, **लॉट की वस्तु-स्थिति** : ड्रॉफ्ट कैटलॉग में नया। HWH-73/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/24/31, दिनांकः 28.05.2024,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, फेयरली प्लेस, दूसरी मंजिल, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैंः (1) **22245349**; रेडियोमीटर के एक्यूटी90 फ्लेक्स एनालाइज़र के लिए ट्रोपोनिन I टेस्ट कार्ट्रिज, 160 टेस्ट का पैक; रु.59,140; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 12.06.2024 को 13.30 बजे; (2) **12245069**; एफआरएम मशीन के लिए कटिंग चेन ; रु.60,180; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 14.06.2024 को 13.30 बजे; (3) **12245210**; ट्रैक मशीन स्पेयर्स का क्रय ; रु.66,700; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 18.06.2024 को 13.30 बजे;(4) **07241083**; आरडीएसओ के स्पेसि. नं. सी-9407, टाइप-II, (फरवरी 2007 का रिव.03) के तहत 04 अमेंडमेंट- अंतिम अमेंडमेंट स्लिप नं.-04 जो जुलाई-2019 में जारी किया गया, के साथ और जून, 2015 के शुद्धिपत्र नं. 1 के साथ साइजः (3350% बी1 10 मिमी)X(770%बी1 5 मिमी) X12 मिमी के एक सरफेस पर वुड बेस्ड इम्प्रेग्नेटेड कम्प्रेस्ड लैमिनेट चेकर्ड डिजाइन का क्रय; रु.81,880 ; (5) **15235200**ए; ईओटी क्रेन 30 टन की आपूर्ति, संस्थापन एवं आरंभ करना आदि; रु.1,40,000, **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 19.06.2024 को 13.30 बजे (क्रम सं. 4 एवं 5 हेतु); (6) **05241251**; हाई परफॉर्मेंस क्षयरोधी एपॉक्सी कोटिंग (दो पैक) का क्रय; रु.94,870; (7) **08231307**; 90 लीटर क्षमता के बॉटल कूलर का क्रय आदि; रु.0; (8) **21241532**; न्यू डोरवे स्टिफनर क्रॉसबार आदि; रु.5,83,660; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 24.06.2024 को 13.30 बजे (क्रम सं. 6 से 8 हेतु); (9) **05241116**; एपॉक्सी टॉप कोट इलास्टिफाइड पेंट के उपयुक्त एपॉक्सी थिनर का क्रय; रु.0, (10) **10241797**; मोटर के साथ मेन कम्प्रेसर; रु.2,47,660; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 25.06.2024 को 13.30 बजे (क्रम सं. 9 एवं 10 हेतु); (11) **05231004**; पेंट एनामेल सिंथेटिक इंटीरियर फिनिशिंग स्मोक ग्रे का क्रय; रु.94,540; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 26.06.2024 को 13.30 बजे; (12) **10241124**; मोटर के साथ ऑयल पम्प; रु.86,850; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 08.07.2024 को 13.30 बजे ; (13) **10241323**; एक्सल बॉक्स असेंबली ;रु.9,79,650, **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 09.07.2024 को 13.30 बजे; **निविदा मूल्य :** रु.0 क्रम सं.1 से 13 प्रत्येक हेतु। **टिप्पणीः** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई-निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https:// www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें। STORES-15/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# सातवें चरण में छक्का मारने की जरूरत है, मुकेश सहनी ने इंडी गठबंधन के लिए मांगा वोट

निज संवाददाता

**पटना।** विकासशील इंसान पार्टी के संस्थापक और पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 वर्षों के शासन में युवाओं, किसानों, गरीबों से जो भी वादे किए उनमें से एक भी वादे पूरे नहीं किए। मोदी सरकार सत्ता में तो रहना चाहती है लेकिन, गरीबों को उनका अधिकार नहीं देना चाहती। सहनी मंगलवार को राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ बक्सर, रोहतास, भभुआ, गया, जहानाबाद और पटना में अलग-अलग चुनावी रैलियों को संबोधित कर रहे थे। मुकेश सहनी ने चुनावी सभाओं के दौरान बिहार के मतदाताओं से केंद्र की मोदी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंके। क्योंकि इस सरकार की नीतियों की वजह से पिछड़े और गरीब पचास साल पीछे चले गए हैं। महागठबंधन प्रत्याशियों के लिए वोट की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के हाथों और लालू प्रसाद की सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूत बनाना है। सातवें चरण का मतदान पहली जून को और सातवें चरण में छक्का मारने की जरूरत है। छह चरणों के चुनाव के बाद तय हो गया है कि इस बार देश में आईएनडीआईए की सरकार बन रही है। वीआईपी नेता ने कहा कि यह चुनाव खास है। यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने की लड़ाई है।



संविधान ही है कि आज हम लोग यहां तक पहुंचे। केंद्र की सरकार को इस संविधान पर विश्वास नहीं है। उन्होंने कहा कि आज जब जब मोदी बिहार आ रहे हैं तो मंदिर, मस्जिद की बात कर रहे हैं, रोजगार पर कोई बात करना नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता आज भी जुमला ही बोल रहे है। बोले, जनता दस सालों में भाजपा को पहचान गयी है।

## रेलवे स्टेशन जंक्शन में होगा तब्दील, पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक ने दिए निर्देश

निज संवाददाता

**पटना।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने मंगलवार को दानापुर एवं पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने यात्री प्रतीक्षालय, प्लेटफॉर्म, डिस्प्ले बोर्ड, कैटरिंग स्टॉल, पैदल ऊपरगामी पुल, सर्कुलेटिंग एरिया, साफ-सफाई, यात्री सुरक्षा सहित यात्री सुविधा/संरक्षा से जुड़े पहलुओं का जायजा लिया। पटना-गया रेलखंड के नवनिर्मित जटडुमरी स्टेशन के निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने कहा कि इसी स्टेशन से नेउरा-दनियावां व पटना-गया रेललाइन पास कर रही है। जटडुमरी स्टेशन जंक्शन के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां उपलब्ध विभिन्न यात्री सुविधाओं का अवलोकन किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी क्रम में महाप्रबंधक तारेगना और जहानाबाद स्टेशन भी गए।

## जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने सीएम की गिनाई उपलब्धियां

निज संवाददाता

**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने मंगलवार को कहा कि नालंदा के विभिन्न इलाकों 27 व 28 मई को हुए नीतीश कुमार के रोड शो में जनता ने उन्हें खुलकर आशीर्वाद दिया। नीतीश कुमार के प्रयासों से नालंदा फिर से एक बार शिक्षा के हब के रूप में उभर रहा है। वहां नालंदा विश्वविद्यालय, पावापुरी मेडिकल कॉलेज, नालंदा खुला विश्वविद्यालय और केके यूनिवर्सिटी की स्थापना की गयी। राजगीर में वन्यप्राणि सफारी, फिल्म सिटी व क्रिकेट स्टेडियम बनाने का निर्णय लिया गया। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि नीतीश कुमार ने शोषितों, वंचितों व युवाओं के हक के लिए भी कई ऐतिहासिक काम किए हैं। उन्होंने अति पिछड़ा समाज के लोगों को बदहाली से निकालने के लिए आरक्षण को बढ़ाकर 25 प्रतिशत तक कर दिया। महिलाओं को पंचायत व नगर निकायों में 50 प्रतिशत का आरक्षण मिल रहा है। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि बिहाप में निवेश और रोजगार के मौके में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जीविका के माध्यम से ग्रामीण महिलाएं तक आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। जदयू के प्रदेश प्रवक्ता अरविंद निषाद ने मंगलवार को कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर का नाम लेने से डरते हैं तेजस्वी यादव। अति पिछड़ों को राजद ने कभी उनका हक और सम्मान नहीं दिया। जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। जदयू के मीडिया पैनलिस्ट इम्तियाज अहमद अंसारी भी इस मौके पर मौजूद थे। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर के नाम राजनीति करने वाले लालू प्रसाद के मन में उनके प्रति दुराग्रह था।

# टोपी पहनकर लालू यादव ने मुसलमानों को राजद सुप्रीमो पर बोल गए भाजपा नेता

निजसंवाददाता

**पटना।** भाजपा के प्रदेश मीडिया संयोजक दानिश इकबाल ने मंगलवार को राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र के ईमारत-ए-शरिया, खानकाह-ए-मुजीबिया जाने और टोपी पहनने पर कहा कि लालू ने आज तक मुसलमानों को ठगा है। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद ने अब तक मुसलमानों की टोपी पहनकर मुसलमानों को 'टोपी' पहनाई है। उन्होंने कहा कि हकीकत में लालू ने मुसलमानों को जीवनभर मूर्ख बनाया है। जब भी सरकार में मौका मिला मुसलमानों को कभी न उप मुख्यमंत्री बनाया और न हीं कभी उन्हें अच्छा या महत्वपूर्ण विभाग



दिया। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद को जब पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र में हार का डर सताने लगा तो फिर आज टोपी पहनने और खुद को मुसलमानों के हितैषी बताने उनके बीच पहुंच गए। जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान पार्षद संजय सिंह ने मंगलवार को जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र में कई जगहों पर जदयू प्रत्याशी के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान जहानाबाद से मैदान में डटे जदयू के प्रत्याशी भी मौजूद थे। संजय ने कहा कि देश और बिहार में मजबूत लोकतंत्र एनडीए ही दे सकती है। जदयू विधान पार्षद ने कहा कि यह चुनाव जहानाबाद के लिए महत्वपूर्ण है। एनडीए उम्मीदवार के सामने आईएनडीआईए का खौफनाक चेहरा है। महिलाओं के बारे में आईएनडीआईए के प्रत्याशी अपमानजनक टिप्पणी करते रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत का गौरव बढ़ाया है, इसलिए यह जरूरी है कि लोग देशहित में मतदान करें। संजय ने जहानाबाद में घूम-घूम कर एनडीए प्रत्याशी के लिए वोट मांगे। उनके जनसंपर्क अभियान में वीरेंद्र सिंह, सप्पू सिंह मुखिया, जदयू के प्रदेश महासचिव शंकर सिंह, अवधेश सिंह मुखिया व अशोक चंद्रवंशी आदि शामिल थे।

# रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी का आदेश न मानने वाले प्रमोटरों की संपत्ति होगी जब्त

निज संवाददाता

**पटना।** रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) के आदेशों का पालन नहीं करने वाले प्रमोटरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बिहार रेरा ऐसे प्रमोटरों के खिलाफ कानून के प्रविधान के अनुसार संभावित कार्रवाई करेगा। इसके अंतर्गत जुर्माना लगाने और डिफॉल्टर की चल-अचल संपत्ति तो जब्त होगी ही, आवश्यक हो तो दोषियों को गिरफ्तार भी किया जाएगा। बिहार रेरा के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने मंगलवार को प्रमोटरों की कार्यशाला में यह बातें कहीं। इस कार्यशाला में ऐसे 41 प्रमोटरों को आमंत्रित किया गया था, जिनके रियल इस्टेट प्रोजेक्ट का निबंधन इस साल 30 सितंबर तक समाप्त होने वाला है। रेरा अध्यक्ष ने कहा कि प्राधिकरण परियोजना को समय पर पूरा करने के पक्ष में है। कार्यशाला का उद्देश्य पंजीकरण समाप्त होने से पहले



समय पर हस्तक्षेप करना है। उन्होंने प्रमोटरों से आग्रह किया कि वे अपनी परियोजनाओं को रेरा में निबंधन कराने के लिए आवेदन करने से पहले ठीक से होमवर्क कर लें तथा आवेदन के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराएं, ताकि इसका त्वरित निपटारा किया जा सके। निबंधन की अवधि सिर्फ विशेष परिस्थितियों में ही बढ़ाई जाएगी और इसके लिए प्रमोटरों से अतिरिक्त अधिभार (सरचार्ज) और आवंटियों से संबंधित अन्य विवरण भी लिया जाएगा। रेरा बिहार की सदस्य नूपुर बनर्जी ने कहा कि प्रोजेक्ट के पंजीकरण के समय से ही प्रमोटरों को सक्रिय रहने की जरूरत है, ताकि सभी काम निर्धारित समय पर पूरा हो सके। रेरा बिहार के सदस्य एसडी झा ने कहा कि जुर्माना तभी लगाया जाता है जब प्रमोटर अधिनियम के प्रविधानों और प्राधिकरण के निर्देशों का पालन करने में विफल रहते हैं। कार्यशाला में एक प्रेजेंटेशन भी दिया गया जिसमें उन बिंदुओं की जानकारी दी गई, जिसमें प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करने में सहायता मिलेगी।

## राजग क्लीन स्वीप करेगी नीतीश के मंत्री का दावा

**पटना (नि.सं.)।** स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि कांग्रेस, राजद और वाम मोर्चा की तिकड़ी राज्य में पूरी तरह से बेअसर साबित होगी। आईएनडीआईए कोई भी हथकंडा अपना ले और 2024 में सौ सीटों का आंकड़ा पार करने का भी कोई चांस नहीं है। वहीं, बिहार की जनता ने यह ठान लिया है कि इस बार 39 नहीं 40 की 40 सीट राजग की झोली में डालना है। कांग्रेस की स्थिति देशभर में 2014 से भी खराब होने वाली है, तो राजद का एक बार फिर खाता नहीं खुलने जा रहा है। कांग्रेस समेत तमाम विपक्ष सरकार बनाने का ख्वाब देख रही है, लेकिन परिणाम आने के बाद इन पार्टियों को निराशा हाथ लगना तय है। पांडेय ने कहा कि राजग क्लीन स्वीप करेगा और अपने सभी रिकॉर्ड को तोड़ देश में तीसरी बार फिर से सरकार बनाएगी। नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने से न सिर्फ अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी।

# नौकरी के नाम पर युवक को कंबोडिया भेज पाकिस्तानी को बेचा

निज संवाददाता

**पटना/गोपालगंज।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने विदेश भेजने के नाम पर मानव तस्करी करने के मामले में बिहार के गोपालगंज समेत आधा दर्जन राज्यों व केंद्रशासित प्रदेश के 15 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। एनआईए और स्थानीय पुलिस के द्वारा सोमवार को हुई इस कार्रवाई में पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें गोपालगंज से गिरफ्तार एजेंट प्रह्लाद सिंह भी शामिल है। गिरफ्तार एजेंट प्रह्लाद सिंह पर एक युवक को कंबोडिया भेजने के साथ ही पाकिस्तानी नागरिक के हाथों दो हजार डॉलर में बेचने का आरोप लगाते हुए गोपालगंज के नगर थाने में प्राथमिकी भी कराई गई है। एनआईए व पुलिस की टीम ने सोमवार को पूछताछ के बाद आरोपित को मंगलवार को संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत किया। उसके मोबाइल फोन को पुलिस ने जब्त कर लिया है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि मोबाइल की कॉल डिटेल्स खंगाली जा रही है। गिरफ्तार आरोपित प्रह्लाद सिंह ने कुचायकोट थाना क्षेत्र के संजीत कुमार यादव को 24 अगस्त 2023 को सेफ्टी



इंजीनियर का कार्य करने के लिए कंबोडिया भेजा था।वहां पहुंचने के बाद उसे एक पाकिस्तानी नागरिक को सौंप दिया गया। पाकिस्तानी नागरिक ने काम समझाने के बहाने संजीत को आनलाइन कार्य में लगा दिया। इस दौरान उसे प्रताड़ित करने लगा। संजीत ने जब घर लौटने की बात कही तो पाकिस्तानी नागरिक ने उससे दो हजार डॉलर की मांग की। तब संजीत ने विदेश भेजने वाले एजेंट प्रह्लाद सिंह को फोन पर जानकारी दी और भारत बुलाने की व्यवस्था करने का आग्रह किया। जैसे-तैसे वह भारत पहुंचा और नगर थाने में 26 मई को एजेंट प्रह्लाद पर प्राथमिकी करा दी। आरोप लगाया कि उसे कंबोडिया में एक पाकिस्तानी नागरिक के हाथों दो हजार डॉलर में बेच दिया था। पुलिस मामले की जांच ही कर रही थी कि इसी बीच मानव तस्करी की भनक और पाकिस्तानी कनेक्शन देख एनआइए की टीम गोपालगंज पहुंची। नगर थाने की पुलिस के साथ मिलकर प्रह्लाद सिंह को गिरफ्तार कर लिया। मानव तस्करी और साइबर ठगी के मामले में एनआइए ने महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, बिहार, गुजरात, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ में 15 स्थानों पर कार्रवाई की है। इस मामले में गोपालगंज के प्रह्लाद सिंह के अलावा वडोदरा के मनीष हिंगू, दक्षिण पश्चिम दिल्ली के नबियालम रे, गुरुग्राम के बलवंत कटारिया और चंडीगढ़ के सरताज सिंह को गिरफ्तार किया गया है। एनआईए ने सभी स्थानों पर राज्य पुलिस बलों और केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के साथ समन्वित अभियान चलाया।

## तेजस्वी के खटाखट का जवाब मांझी ने धकाधक से दिया

**पटना (नि.सं.)।** पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने राजद नेता तेजस्वी यादव की भाषा-शैली में विपक्षी दलों को जवाब दिया है। तेजस्वी के खटाखट, ठकाठक का जवाब उन्होंने धकाधक, फटाफट और चटाचट जैसे शब्दों से दिया है। हम के संरक्षक मांझी ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट किया- चार जून को आइएनडीआइए वालों के आंसू गिरेंगे, धकाधक... धकाधक... धकाधक। ईवीएम पर आरोप लगेगा, फटाफट... फटाफट... फटाफट। कइयों को मिर्गी आएगी चटाचट.चटाचट. चटाचट। मालूम हो कि तेजस्वी चुनावी रैली में कुछ इसी अंदाज में भाषण दे रहे हैं। उन्होंने कहा था कि मिजाज रखिए टनाटन, टनाटन, टनाटन, टनाटन। आइएनडीआइए की सरकार बनी तो नौकरियां मिलेंगी फटाफट फटाफट फटाफट, महिलाओं के खाते में एक लाख जाएगा खटाखट, खटाखट, खटाखट। भाजपा हो जाएगी सफाचट, सफाचट, सफाचट। उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि यह चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पक्ष में युवा मतदाताओं के एकमुश्त समर्थन के कारण भी बेहद खास है। देश के कुल मतदाताओं में 22 प्रतिशत मतदाता 18 से 29 वर्ष की आयु के हैं।

# बिहार की राजनीति में ठकाठक, फटाफट, की गूंज

निज संवाददाता

**पटना।** लोकसभा चुनावों की लंबी मियाद बीतने का समय नजदीक आ रहा है। इससे पहले देश के साथ बिहार में सातवें चरण में तमाम राजनीतिक दल अपनी जीत के लिए जोर लगा रहे हैं। पहली जून को सातवें चरण के मतदान और चार जून को मतगणना के साथ ही यह साफ हो जाएगा कि जनता ने देश के तख्तोताज पर आखिर किसे बैठने की अनुमति दी, लेकिन इससे पहले अंतिम चरण के मतदान के ऐन पहले बिहार की राजनीति में ठकाठक, फटाफट, खटाखट और सफाचट जैसे शब्द मतदाताओं का ध्यान खूब आकर्षित कर रहे हैं। पांचवे चरण के मतदान के ठीक बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी मैदान में इन शब्दों का इस्तेमाल किया। जिसके बाद बिहार में मुख्य विपक्षी दल ने तो अपने विरोधियों पर हमले के लिए इन शब्दों को हथियार की तरह इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जो लोकसभा चुनाव के दौरान अब तक करीब सवा दो सौ



से ज्यादा चुनावी सभाएं कर चुके हैं, वे इन दिनों अपनी कमोबेश हर चुनावी सभा मे ठकाठक, फटाफट, खटाखट और सफाचट जैसे शब्दों का जमकर उपयोग कर रहे हैं। तेजस्वी को उनके विरोधी जवाब भी उसी अंदाज में दे रहे हैं। मंच से नेता प्रतिपक्ष कहते हैं मिजाज रखिये टनाटन, टनाटन, टनाटन, मतदान के दिन वोट डालिये खटाखट, खटाखट, खटाखट। चार जून के बाद भाजपा हो जाएगी सफाचट, सफाचट, सफाचट। नौकरी मिलेगी फटाफट, फटाफट, फटाफट। दीदी के खाते में एक लाख जाएंगे सटासट, सटासट, सटासट। अमूमन तेजस्वी अपनी हर सभा में इन शब्दों का इस्तेमाल कर मतदाताओं से सीधा संवाद स्थापित करते हैं। तेजस्वी यादव के इस प्रकार से हमले के बाद विरोधी भी चुप नहीं बैठते। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हम नेता जीतन राम मांझी जैसे नेता तेजस्वी को उनके ही अंदाज में जवाब भी देते हैं। मांझी ने अपने विरोधियों पर चुटकी लेते हुए कहते हैं कि चार जून को इनके आंसू गिरेंगे धकाधक, धकाधक, धकाधक। ईवीएम पर आरोप लगेगा फटाफट, फटाफट, फटाफट। कइयों को आएगी मिर्गी चटाचट,चटाचट, चटाचट। मांझी अकेले नेता नहीं है जो इस प्रकार से महागठबंधन पर हमलावार होते उनके जैसे कई और नेता भी हैं जो महागठबंधन पर जुबानी हमलों के लिए फटाफट, खटाखट और सफाचट जैसे शब्द उपयोग में ला रहे हैं। यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते दिनों फतेहपुर की अपनी एक चुनावी सभा मे संबोधन के दौरान कहा कि पंजे और साइकिल के सपने टूट गए खटाखट, खटाखट। अब चार जून के बाद की प्लानिंग हो रही है कि हार का ठीकरा किस पर फोड़ा जाए, खटाखट खटाखट। मुझे तो कोई बता रहा था कि विदेश यात्रा का टिकट भी बुक हो गया है, खटाखट खटाखट। इसके पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंच से खटाखट,खटाखट शब्दों का उपयोग किया था। इन शब्दों का चुनाव में प्रयोग इंटरनेट मीडिया पर पिछले दिनों एक वीडियो तेजी से प्रचारित होने के बाद बढ़ा। वीडियो को अमेठी का बताया गया। इस वीडियो में एक बुजुर्ग मतदाता कह रहे हैं कि अमेठी में खटाखट खटाखट कांग्रेस को वोट पड़ेगा और स्मृति ईरानी फटाफट-फटाफट हारेंगी। इसके बाद से बिहार की राजनीति में इन शब्दों ने काफी जोर पकड़ा हुआ है और मतदाताओं को भी फटाफट, खटाखट और सफाचट जैसे शब्द काफी पसंद भी आ रहे हैं।

# हिंदी गजल के मूल ढांचे में रहकर, इस विधा में अभिनव प्रयोग कर रहे है चैतन्य किरण : सिद्धेश्वर

निज संवाददाता

**पटना।** चैतन्य किरण द्वारा प्रस्तुत ग़ज़लों में -सुर्ख़ आंखों में फ़साना दर्द का, ज़िंदगी है इक तराना दर्द का !/ दर्द दिल की कोई दवा करना, इश्क़ में तुम नहीं गिला करना / आग बुझ जाए न मुहब्बत की, अपने पल्लू से तुम हवा करना /दुनिया में अहिंसा का एक उन्वान है भारत,दरियादिली की आज भी पहचान है भारत /हरेक बाप-माँ की कमाई हैं बच्चे,ख़ुदा से भी बढ़कर खुदाई हैं बच्चे /पान, गुटखा तुम्हें काहे को ज़हर लगता है, इन्हें चबाने में लोहे का जिगर लगता है। जैसी गजलों ने इस काव्य महफिल को यादगार बना दिया। युवा शायर चैतन्य किरण ने एकल काव्य पाठ में अपनी एक दर्जन हिंदी गजलों का पाठ किया। कि कविताओं की बाढ़ सी आ गई है। इस बात को मैं स्वीकार नहीं करता, क्योंकि कविता के नाम पर जो कुछ आज (अधिकांशतः) परोसा जा रहा है, वह कविता है ही नहीं या तो गद्य में विचार है या सपाटबयानी छोटे आकार में कुछ भी लिख देना कविता नहीं ग़ज़ल देखने में जितना आसान लगता है, लिखना उतना




आसान नहीं है। क्योंकि ग़ज़ल का एक अपना शास्त्रीय आकार- प्रकार और स्वरूप होता है। उसमें रदीफ़ क़ाफ़िया और मात्राओं का जोड़ घटाव होता है। प्रत्येक शेर का अपना वजन होता है। और भी बहुत कुछ होता है एक ग़ज़ल में, जिसे ग़ज़ल लिखने पढ़ने वाले खूब समझते हैं। किंतु शौकिया रूप से ग़ज़ल लिखने वाले बहुत सारी भूल कर जाते हैं। वे रदीफ़ और क़ाफ़िया पर तो ध्यान देते हैं किंतु हर शेर के वजन और मात्राओं पर नहीं। गजल जैसी कोई भी छाँदिक रचना आजाद गजल या नज़्म हो सकती है गजल नहीं। चैतन्य किरण की ग़ज़लों को पढ़ते हुए लगता है कि लयात्मकता में अपनी ग़ज़ल को ढालने के अपेक्षा, विचार भाव की गहराई को मापने में वे ज्यादा सक्षम है। इसलिए वे समकालीन ग़ज़लों की भीड़ में अलग ढंग से पहचाने जाते हैं। जब वे कहते हैं- दर्द दिल की कोई दवा करना /इश्क में तुम नहीं गिला करना !/ आग बुझ जाए न मोहब्बत की, अपने पल्लू से तुम हवा करना। आज समकालीन हिंदी ग़ज़ल में दोनों तरह की ग़ज़लें देखी जा रही है। और चैतन्य किरण जैसे कई युवा शायर हिंदी गजल के मूल ढांचे में रहकर, इस विधा में अभिनव प्रयोग कर रहे हैं। भारतीय युवा साहित्यकार परिषद के तत्वावधान में, गूगल मीट के माध्यम से, फेसबुक के अवसर साहित्यधर्मी पत्रिका के पेज पर, हेलो फेसबुक कवि सम्मेलन का संचालन करते हुए संयोजक सिद्धेश्वर ने उपरोक्त उद्गार व्यक्त किया। अपने अध्यक्षीय टिप्पणी में चर्चित कवयित्री रेखा भारती मिश्रा ने कहा कि-चैतन्य जी की ग़ज़लें दुष्यंत कुमार, अदम गोंडवी, गोपाल दास नीरज आदि के ग़ज़ल लेखन परंपरा को आगे बढ़ाती है। इन्होंने अपनी ग़ज़लों में समाज का हर वर्ग और सामाजिक परिवेश को खूबसूरत तरीके से प्रस्तुत किया है। ये भारत मां पर ग़ज़लें लिखते है तो जन्म देने वाली जननी मां पर भी गजलें लिखते हैं। इन्होंने अपनी ग़ज़लों में अलग अलग भाव को विस्तार दिया है जो समाज और परिवेश की गंभीरता को भी दर्शाती है। इन्होंने ग़ज़लों में व्यंग्य भी बहुत ही नायाब तरीके से किया है। जब ये व्यंग्यात्मक तरीके से ग़ज़ल लिखते हैं तो उसमें समाज में एक जागरूकता लाने की जिम्मेदारी निभाते हैं। चैतन्य जी की गजलें समाज में एक जागरूकता भी फैलाने का काम करती है।' हेलो फेसबुक लघुकथा सम्मेलन में देश भर के चुने हुए एक दर्जन नए पुराने कवियों ने अपनी कविताओं का पाठ किया जिनमें मुख्य अतिथि चैतन्य किरण अध्यक्ष रेखा भारती मिश्रा एवं विशिष्ट अथिति डॉ मंजू सक्सेना के अतिरिक्त हजारी सिंह, ऋचा वर्मा, सरल मेहता,सुधा पांडे, सपना चंद्रा, राज प्रिया रानी, श्रीकांत गुप्त,एकलव्य केसरी, सिद्धेश्वर,पूनम कुमारी डॉ अनुज प्रभात, इंदु उपाध्याय आदि थे। ऑनलाइन कवि सम्मेलन का समापन हुआ प्रभारी एकलव्य केसरी के धन्यवाद ज्ञापन से। हेलो फेसबुक कवि सम्मेलन में ऑनलाइन काव्य पाठ करने वाले के अतिरिक्त अन्य कवियों में प्रमुख थे-अनीता मिश्रा 'सिद्धि', राश दादा राश, नीलम श्रीवास्तव, सोहेल फारुकी, विज्ञान व्रत घनश्याम कलयुगी, रजनी श्रीवास्तव अनंता, रामनारायण यादव, निवेदिता, पदमजा शर्मा, निर्मल दे, श्रीकांत, मीना कुमारी परिहार,कुमारी नवनीत आदि।

# चुनाव के बीच रामकृपाल यादव ने लोगों से कर दी अपील

निज संवाददाता

**पटना।** पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रामकृपाल यादव मंगलवार की सुबह नहा-धोकर तैयार हैं। दानापुर व दियारा क्षेत्र में जनसंपर्क कर लोगों से वोट मांगने निकल पड़ते हैं। नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट मांग रहे। उन्होंने कहा कि हर जगह कहते हैं, हम तो उनके सेवक हैं। हम तो सालों भर आप लोगों के ही बीच रहते हैं। जरा उनसे पूछिए कि पांच साल कहां थे? आज पूरा परिवार वोट मांगने आया है। किसी के कहने पर बहकावे में आने की जरूरत नहीं है। जनसंपर्क अभियान के दौरान दानापुर-खगौल रोड से विजय सिंह पथ, आनंदबाजार मुबारकपुर होते दियारा क्षेत्र के गांवों में पहुंचते हैं। कहीं चाची, कहीं चाचा कहकर हाथ जोड़ लेते हैं। नौजवानों को भाई से संबोधित करते एक ही बात, सवाल देश का है। इतना याद रखिएगा। रामकृपाल यादव का काफिला मंगलवार की सुबह 9.30 बजे दानापुर स्थित आदमपुर गांव पुहंचता है। आदमपुर मुसहरी की महिलाओं से वोट देने की अपील करते हुए कहते हैं, बचे हुए लोगों को पक्का मकान बनाने के लिए



वोट दें। आरआर बिल्डिंग पहुंचकर पंपलेट सभी को पहुंचाने का आग्रह किया। विजय सिंह पथ स्थित ओम वामिका अपार्टमेंट पहुंचे, वहां जदयू के प्रदेश महासचिव विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। यहां से रथ पर भाजपा और जदयू नेताओं के साथ उम्मीदवार भी सवार हो गए। कार्यकर्ता आगे-आगे नारे लगा रहे थे। 10.35 बजे आशोपुर पहुंचे। गलियों के ऊपरी भाग में 11केवी का खुला तार रहने के कारण सवारी से उतरकर पैदल चल दिए। गांव में भ्रमण कर 11.22 बजे सरारी गुमटी के पास शहीद सत्यनारायण सिन्हा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। 11.35 बजे शिवाला पर मुखिया पति सागर कुमार के नेतृत्व में उनका स्वागत करने को लोग खड़े थे। 12.00 बजे भगवतीपुर गांव में मतदान करने के लिए लोगों से आग्रह करते हुए उसरी चौक होते हुए 12.40 बजे जमसौत पहुंचते हैं। सड़क निर्माण के कारण रूट में बदलाव करना पड़ा। मुख्य सड़क से नरगदा होते हुए आनंदबाजार मुबारकपुर दोपहर 1.30 बजे पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं के साथ भोजन किया। गंगा में पीपापुल पार कर दियारा क्षेत्र के गांवों में भ्रमण की तैयारी हुई और काफिला निकल गया। जगह-जगह मंदिरों में माथा टेकते रहे। अकलूचक में जदयू का झंडा लिए वंचित समाज की महिलाओं ने स्वागत किया। इस बस्ती में पानी निकासी की समस्या सुनने के बाद रामकृपाल ने चार जून के बाद समाधान का आश्वासन दिया। संपर्क करते-करते शाम ढल जाती है। काफिला रात में भी दूसरे गांवों के लिए निकल रहा है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper


# विचार-मंथन

## संपादकीय

### यात्रियों की चिंता

उत्तराखंड में केदारनाथ धाम के हेलीपैड पर जिस तरह से एक हेलीकॉप्टर को आपातकालीन ढंग से उतारा गया, उससे चार धाम यात्रा को लेकर चिंताएं और बढ़ गई हैं। हेलीकॉप्टर में पायलट सहित सात लोग सवार थे और बताया जा रहा है कि यान में तकनीकी खराबी आ गई थी। यह घटना एक संकेत है कि हम यात्रा के माध्यमों और संसाधनों का जरूरत से ज्यादा उपयोग करने लगे हैं। धार्मिकता के साथ पर्यटन और पर्यटन के साथ व्यावसायिकता जब जुड़ जाती है, तब इसी तरह की अति सामने आने लगती है। बताया जा रहा है कि हेलीकॉप्टर के पिछले मोटर में तकनीकी समस्या आ गई थी, अगर यह तकनीकी समस्या रखरखाव के अभाव या यान के जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल की वजह से सामने आई है, तो यह गंभीर मामला है। जांच चल रही है, तो सच भी सामने आना चाहिए और सबसे जरूरी है, सेवा में सुधार और लोगों को ऐसी सेवाओं की गुणवत्ता के प्रति आश्वस्त करना। बहरहाल, पायलट की तारीफ करनी चाहिए कि उसने संयम बरतते हुए हादसे को टाल दिया। देश ही नहीं, पूरी दुनिया में हिमालय की गोद में बसे चार धामों का विशेष महत्व है। यह यात्रा अक्षय तृतीया के दिन 10 मई को शुरू हो चुकी है और 15 नवंबर तक चलेगी। यहां यह बहुत दुखद बात है कि शुरुआती 12 दिन में 42 लोग यात्रा के दौरान अपनी जान गंवा चुके हैं। ज्यादातर लोगों को हार्ट अटैक की वजह से जान गंवानी पड़ी है। यह एक अलग चिंता का विषय है, जिस पर तीर्थयात्रियों के साथ ही सरकार को विचार करना चाहिए। क्या स्वास्थ्य के पैमाने पर खरे लोगों को ही चार धाम यात्रा में नहीं आने देना चाहिए विशेष रूप से हृदय रोग की समस्या से ग्रस्त लोगों को ऐसी यात्रा से बचना चाहिए। पहले के समय में लोग ऐसी कठिन यात्रा से बचते थे, पर जैसे-जैसे यात्रा की सुविधाओं का विकास हुआ, वैसे-वैसे यात्रियों की संख्या बढ़ती चली गई। यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ, इन चार जगहों की यात्रा अभी भी आसान नहीं है। जो लोग बिना तैयारी या अपने को पहाड़ों के अनुरूप ढाले बिना आते हैं, उन्हें बहुत परेशानी होती है। जो लोग शरीर से मजबूत या संघर्षशील होते हैं, वे तो मुश्किलों का सामना कर लेते हैं, पर जो कमजोर होते हैं, वे यहां आकर बीमार पड़ जाते हैं। पहाड़ों में सड़कों का विकास तो हुआ है, पर चिकित्सा सुविधा पर्याप्त नहीं है। चिकित्सा सुविधाओं पर सरकार को गौर करना चाहिए और यात्रियों को भी ऐसी सुविधाओं के प्रति सचेत रहते हुए आचरण करना चाहिए।

### अंधविश्वास के फेर में जा रही हैं जान

जिस दौर में किसी भी मसले पर छाए धुंध को विज्ञान के सहारे साफ कर लिया जाता है, उसमें अंधविश्वास के चलते एक बच्चे की जान ले लेना हैरान करता है। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में एक तांत्रिक ने दो युवकों के साथ मिल कर एक आठ वर्ष के बच्चे की गला काट कर हत्या कर दी, उसके साथ तंत्र-मंत्र का कर्मकांड किया और शव को गड्ढा खोद कर छिपा दिया। इन लोगों को लगता था कि ऐसा करने से जंगल में कहीं गड़ा खजाना मिल जाएगा। एकबारगी यह अविश्वसनीय लगता है कि वैज्ञानिक चेतना के विकास के बीच भी क्या ऐसी घटनाएं हो सकती हैं! मगर आज भी ऐसे तमाम लोग हैं, जिन्हें लगता है कि जादू-टोना, तंत्र-मंत्र या कर्मकांड के सहारे कुछ मनचाहा हासिल किया जा सकता है। सवाल है कि शिक्षा-दीक्षा और वैज्ञानिक पद्धतियों के व्यापक विकास-विस्तार के बावजूद ऐसी स्थिति क्यों कायम है, जिसमें अंधविश्वास का कारोबार करने वालों और इस संजाल में लोगों को फंसा कर उनसे अपराध तक कराने वालों में कोई हिचक नहीं है। सही है कि तकनीक का विस्तार आज दूरदराज के इलाकों तक हो चुका है और इसके जरिए ज्यादातर लोगों तक कई भ्रामक वैज्ञानिक व्याख्याएं पहुंच पाती हैं। मगर जिस विज्ञान और तकनीक के सहारे अज्ञानता पर पड़े पर्दे को हटाने में मदद मिल सकती है, उसी के सहारे कुछ लोग अंधविश्वास फैलाने वाली सामग्री भी परोसते हैं। आज तकनीकी संजाल का विकास इस तरह हो गया है कि कोई व्यक्ति इंटरनेट पर अपनी रुचि से जो सामग्री देखता-पढ़ता है, उसे उसी से संबंधित चीजें ज्यादा दिखने लगती हैं। इस वजह से भी तकनीक के सहारे विज्ञान को समझने की कोशिश शुरू करने वाला कोई व्यक्ति फिर अंधविश्वास के जाल में उलझ जाता है।

## जल-संकट चुनाव जीतने का नहीं, समाधान का माध्यम बने

(ललित गर्ग)

*धरती के क्षेत्रफल का लगभग 70 प्रतिशत भाग जल से भरा हुआ है। परंतु, पीने योग्य जल मात्र तीन प्रतिशत है। इसमें से भी मात्र एक प्रतिशत मीठे जल का ही वास्तव में हम उपयोग कर पाते हैं। 2030 तक देश में पानी की मांग उपलब्ध जल वितरण की दोगुनी हो जाएगी। जिसका मतलब है कि करोड़ों लोगों के लिए पानी का गंभीर संकट पैदा हो जाएगा। स्वतंत्र संस्थाओं द्वारा जुटाए डाटा में दर्शाया गया है कि करीब 70 प्रतिशत प्रदूषित पानी के साथ भारत जल गुणवत्ता सूचकांक में 122 देशों में 120वें पायदान पर है। नीति आयोग ने कहा है।*

वास्तव में लगातार बढ़ती गर्मी के कारण जल स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है। इसके गंभीर परिणामों के चलते राजस्थान, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों में पानी की कमी ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। देश के कई भागों में भीषण गर्मी पड़ रही है, जैसे-जैसे गर्मी प्रचंड होती जा रही है, जल संकट की खबरें भी डराने लगी है। राजस्थान, दिल्ली, कर्नाटक आदि प्रांतों में पानी के लिये त्राहि-त्राहि मची है। मध्यप्रदेश के छतरपुर ज़िले महर-खुवा गांव में जल-संकट की तस्वीरें भयावह एवं डराने वाली है। इस गांव में लगभग 100 आदिवासी परिवार रहते हैं, जिनके पास अब इतना भी पानी नहीं बचा है कि ये दिन में दो वक्त का खाना बना सकें और अपनी प्यास बुझा सकें। ऐसे हजारों गांव हैं, जहां पानी के अभाव में जीवन संकट में हैं। भारत अपने इतिहास के सबसे गंभीर जल संकट का सामना कर रहा है। लोकसभा चुनाव अन्तिम चरण की ओर अग्रसर है, आज हमारे उम्मीदवार मुफ्त बिजली और पानी देने का वादा करके चुनाव तो जीत जाते हैं लेकिन भारत में जिस तरह पानी का संकट गंभीर हो रहा है, उससे उनकी कथनी और करनी की असमानता ही बार-बार उजागर होती है। जल-संकट चरम पराकाष्ठा पर है, एक दिन ऐसा भी आ सकता है, जब पैसा देकर भी पानी खरीदना मुश्किल हो जाएगा। जल-संकट चुनाव जीतने एवं राजनीतिक बयानबाजी का हिस्सा तो है, लेकिन समाधान का नहीं। जल संकट ने राजनीतिक रंग तो ले लिया है, विभिन्न राजनीतिक दल एक-दूसरे को दोषी ठहरा रहे हैं और पिस रहा आम आदमी। पैसे वालों के लिए पानी इतनी बड़ी समस्या नहीं है लेकिन जिन लोगों के पास पैसों की किल्लत है, वे पानी की किल्लत से भी जूझ रहे हैं क्योंकि टैंकर का पानी महंगा पड़ रहा है। वास्तव में लगातार बढ़ती गर्मी के कारण जल स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है। इसके गंभीर परिणामों के चलते राजस्थान, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों में पानी की कमी ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। देश का आईटी हब बेंगलुरु गंभीर जल संकट से दो-चार है। जिसका असर न केवल कृषि गतिविधियों पर पड़ रहा है बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। केंद्रीय जल आयोग के नवीनतम आंकड़े भारत में बढ़ते जल संकट की गंभीरता को ही दर्शाते हैं। आंकड़े देश भर के जलाशयों के स्तर में आई चिंताजनक गिरावट की तस्वीर उकेरते हैं। देश में प्रमुख जलाशयों में उपलब्ध पानी में उनकी भंडारण क्षमता के अनुपात में तीस प्रतिशत की गिरावट आई है। जो हाल के वर्षों की तुलना में बड़ी गिरावट है। जो सूखे जैसी स्थिति की ओर इशारा करती है। महर-खुवा गांव की ही तरह अलवर जिले के कई गांव में लोग किसी एक मौसम में नहीं, बल्कि 12 महीनें भीषण जल संकट का सामना कर रहें है। इन गांवो में पानी का स्त्रोत है ही नहीं। इन इलाकों में पानी की इतनी कमी है कि लोग उसे अपने घरों में टैंकर में छिपाकर और ताला लगाकर सुरक्षित रखने लगे हैं। भारत के गांवों में रहने वाले करीब 20 करोड़ परिवारों के घरों में नल नहीं है। इन परिवारों की औरतें पैदल चलकर, घंटों लाइन में लगकर पानी इकट्ठा करती हैं। इसी चुनौती से निपटने के लिए मोदी सरकार ने साल 2019 में हर घर में नल से पानी पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन की घोषणा की। सरकार का दावा है कि अब तक 10 करोड़ घरों में नल लग गए हैं। लेकिन अभी हजारों गांवों में जल-संकट एक बड़ी समस्या बनी हुई है। एक नागरिक के रूप में हम आत्ममंथन करें कि बढ़ते जल-संकट के समाधान की दिशा में हमने क्या कदम उठाये। क्या पानी की फिजूल खर्ची को कम करने का कोई संकल्प लिया गर्मी के आने पर हम हाय-हाय तो करने लगते हैं, लेकिन कभी हमने विचार किया कि हम इस स्थिति को दूर करने के लिये क्या योगदान देते हैं क्या हम पौधा-रोपण की ईमानदार कोशिश करते हैं हम जल के दुरुपयोग को रोकने का प्रयास करते हैं क्या वर्षा जल सहेजने का प्रयास करते हैं ताकि तापमान कम करने व भूगर्भीय जल के संरक्षण में मदद मिले सच कहें तो हमारे पूर्वजों ने प्रकृति के अनुरूप जैसी जीवन शैली विकसित की थी, वह हमें कुदरत के चरम से बचाती थी। राजस्थान में जल-संकट की संभावनाओं को देखते हुए आम नागरिक खुद के स्तर पर व्यापक प्रयत्न करता है। रेगिस्तान से जुड़े अनेक गांवों एवं शहरों में बने या बनने वाले मकानों में कुआ जरूर होता है, जहां बरसात के पानी को एकत्र किया जाता है, जो संकट के समय काम आता है। इसलिये गाँव के स्तर पर लोगों के द्वारा बरसात के पानी को इकट्ठा करने की शुरुआत करनी चाहिये। उचित रख-रखाव के साथ छोटे या बड़े तालाबों को बनाने के द्वारा बरसात के पानी को बचाया जा सकता है। हम महसूस करें कि बढ़ती जनसंख्या का संसाधनों में बढ़ता दबाव भी तापमान की वृद्धि एवं जल-संकट का कारण है। बड़ी विकास परियोजनाओं व खनन के लिये जिस तरह जंगलों को उजाड़ा गया, उसका खमियाजा हमें और आने वाली पीढ़ियों को भुगतना पड़ेगा। विलासिता के साधनों, वातानुकूलन के मोह, वाटर-पार्कों एवं होटलों में पानी के अपव्यय को रोकने के लिये जन-चेतना जागृत करने की अपेक्षा है। हमारे पुरखों ने मौसम अनुकूल खानपान, परंपरागत पेय-पदार्थों के सेवन तथा मौसम अनुकूल जीवन शैली के साथ-साथ जल-संरक्षण का ऐसा ज्ञान दिया, जो हमें मौसम के चरम में सुरक्षित रख सकता है। एक व्यक्ति के रूप में हम बहुत कुछ ऐसा कर सकते हैं जिससे जल-संकट से खुद व समाज को सुरक्षित कर सकते हैं। सरकार व समाज मिलकर जल-संकट का मुकाबला कर सकते हैं। भारत में जल-संकट की समस्या से निपटने के लिये प्राचीन समय से जो प्रयत्न किये गये है, वे दुनिया के लिये मार्गदर्शक हैं। देश के सात राज्यों के 8220 ग्राम पंचायतों में भूजल प्रबंधनों के लिए अटल भूजल योजना चल रही है। स्थानीय समुदायों के नेतृत्व में चलने वाला यह दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। साथ ही, नल से जल, नदियों की सफाई, अतिक्रमण हटाने जैसे प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उचित ही रेखांकित किया कि सभी राज्यों को मिलकर काम करना होगा तथा जल संरक्षण एवं उपयोग किये गये पानी को फिर से इस्तेमाल में लाने के उपाय करने होंगे। हमारे यहां जल बचाने के मुख्य साधन है।

## भारतीय मुसलमानों के लिए अमेरिकी चिन्ता की खतरनाक वास्तविकता

(मनोज ज्वाला)

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा है कि हम दुनिया भर में सभी के धर्म या विश्वास की स्वतंत्रता के अधिकार के लिए सार्वभौमिक सम्मान को बढ़ावा देने और उसकी रक्षा के लिए गहराई से प्रतिबद्ध हैं। खबर है कि रिलीजियस मजहबी स्वतंत्रता की स्वयंभूव ठेकेदार बनी अमेरिकी सरकार भारत में मुसलमानों की स्थिति पर बडी चिन्तित है। वह चिन्तित इसलिए नहीं है कि भारत में मुस्लिम आबादी सर्वाधिक 43 प्रतिशत की दर से बढ चुकी है और भारतीय मुसलमानों की विभिन्न जिहादी गतिविधियों से यहां के अनेक राज्यों में बहुसंख्यक हिन्दू समाज त्राहि-त्राहि कर रहा है; अपितु वह 'न्यूयॉर्क टाइम्स' नामक एक अमेरिकी अखबार की उस रिपोर्ट को ले कर चिन्तित है, जिसमें यह कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद से भारत में 'धर्मनिरपेक्ष ढांचा और मजबूत लोकतंत्र कमजोर' हुआ है। मालूम हो कि न्यूयॉर्क टाइम्स नेअपने ही देश में अजनबीः मोदी के भारत में मुसलमान होना शीर्षक से एक रिपोर्ट प्रकाशित की है, जिसमें दावा किया गया है कि भारत में मुस्लिम समाज पीड़ा और अलगाव से जूझ रहा है। वे अपने बच्चों को ऐसे देश में पालने की कोशिश कर रहे हैं, जहां उनकी पहचान पर सवाल उठा रहा है। इस अखबारी समाचार बनाम दुष्प्रचार पर प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिका ने कहा है कि वह इस मामले पर भारत सहित दुनिया भर के देशों के साथ बातचीत कर रहा है, क्योंकि वह धार्मिक स्वतंत्रता के लिए सार्वभौमिक सम्मान को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्ध है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा है कि हम दुनिया भर में सभी के धर्म या विश्वास की स्वतंत्रता के अधिकार के लिए सार्वभौमिक सम्मान को बढ़ावा देने और उसकी रक्षा के लिए गहराई से प्रतिबद्ध हैं। मिलर ने आगे यह भी कहा है कि हमने भारत समेत कई देशों के साथ धार्मिक समुदायों के लिए समान रिलीजियस व्यवहार के महत्व पर चर्चा की है। यहां यह गौरतलब है कि 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की रिपोर्ट और उस पर अमेरिकी सरकार की प्रतिक्रिया ऐसे समय पर आई है, जब भारतीय मुसलमानों की आबादी में सर्वाधि 43त्न की असामान्य वृद्धि दर्ज की गई है और सारा मुस्लिम समाज एकजुट हो कर भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरुद्ध संसदीय चुनाव को प्रभावित करने के लिए 'वोटिंग जिहाद' का संगठित अभियान चला रहा है। इससे पहले यह मजहबी समाज देश के कई राज्यों में अपनी संगठित शक्ति के बुते शासन-प्रशासन पर काबिज हो कर वहां से धार्मिक समाज के लोगों (हिन्दुओं) को विस्थापित होने को बाध्य कर चुका है और फिलवक्त अनेक राज्यों की सियासत को अपने हिसाब से संचालित करने की हैसियत प्रदर्शित कर रहा है। इतना ही नहीं, वह भारतीय संविधान से इत्तर 'मुस्लिम पर्सनल लॉ' के सहारे विशेषाधिकारों की मलाई चाभ रहा है और 'मुस्लिम वक्फ बोर्ड' की लाठी से सरकारी-गैरसरकारी भू-खण्डों पर कब्जा करते हुए लाखों हेक्टेयर भूमि का स्वामित्व हासिल कर सेना व रेलवे के बाद सबसे बडा भू-स्वामी बना हुआ है। जगजाहिर है कि भारत में मुसलमानों की हालत व हैसियत जितनी अच्छी है, उतनी मुस्लिम देशों में भी नहीं है। जबकि पडोसी पाकिस्तान में हिन्दुओं की आबादी 90त्न से भी ज्यादा घट गई है और वहां वे इस्लामिक स्टेट-संरक्षित उत्पीडन का इस कदर शिकार होते रहे हैं कि उनके मानवाधिकारों की रक्षा के लिए भारत सरकार को उन्हें भारतीय नागरिकता प्रदान करने का कानून बनाना पडा है। बावजूद इसके, अमेरिकी मीडिया इण्डस्ट्री और फॉरेन मिनिस्ट्री को भारत में ही मुसलमान आपदग्रस्त दीख रहे हैं, तो यह उनका दृष्टि-दोष नहीं है, अपितु एक सुनियोजित षड्यंत्रकारी प्रपंच है, जिसके सूत्र-समीकरण उस अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) के हाथों में हैं।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 5385

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 6 | 1 | | | 9 |
| 8 | | 5 | 4 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 4 | | | | | | |
| | | 3 | | 5 | 2 | | | |
| | | | 8 | | 7 | | | |
| | | | 9 | 3 | | 2 | | |
| | | | | | | 1 | | 2 |
| 3 | 6 | | | | 8 | 4 | | 7 |
| 2 | | | 1 | 4 | | 9 | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5384

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 8 | 2 | 7 | 4 |
| 7 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 | 1 |
| 3 | 1 | 4 | 9 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 |
| 8 | 9 | 5 | 3 | 7 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 9 | 7 | 8 | 1 | 2 |
| 9 | 2 | 7 | 8 | 4 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 6 | 8 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 9 | 7 |

### वर्ग पहेली 5385



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 8 जुलाई 1994 को शिमाकी मुकाई इस देश की प्रथम महिला अंतरिक्ष यात्री बनीं (3)
4. इस राज्य का प्राचीन नाम प्रागज्योषिपुर है (3)
7. बलिष्ठ पुरूष, बलवीर (4)
9. गहन चिंतन करने का भाव (3)
10. गमन करना, प्रस्थान करना (2)
11. वन में उत्पन्न वस्तु (3)
12. शकितवर्द्धन, संवर्धन, संपोषण (3)
13. रस्म, प्रथा, चलन, सामाजिक नियम (3)
15. दूरी नापने की एक प्राचीन इकाई जो दो कोस के बराबर होती थी (2)
16. निजका, निजी, स्वजनीय (3)
17. जिसका कोई रक्षक, मददगार या स्वामी हो (3)
19. कृत्रिम, बनावटी (2)
20. मुकाम, एड्रेस (2)
22. शरीर में मुंह से तेज हवा झटके से बाहर निकालना (3)
25. वह जो किसी के पक्ष में कानूनी रूप से समर्थक हो (3)
26. मस्तक, माथा, ललाट, माथा (3)

**ऊपर से नीचे**

1. जगह-जगह, यदा-कदा, जहां-तहां (3)
2. परपालना, परवरिश करना (6)
3. आकाश, अंबर, व्योम (2)
4. यह नाम सरोदवादन के साथ जुड़ा है (7)
5. पुत्र बेटा (अंग्रेजी)(2)
6. इच्छा होना, दिल में आना, वांछा करना (5)
8. स्त्राव, ठोस से तरलीभवन, विगलन (3)
14. बौद्ध मंदिर, शिखर, टीला, ढेर (2)
18. वह आघात जो प्रेमवश किसी के शरीर या पीठ आदि पर हथेली से धीरे-धीरे पहुंचाया जाए (3)
21. छोटा तालाब, अभिनय गति, प्राकृतिक जलाशय, संगीत से संबंधित एक शब्द (2)
23. परिषद, गोष्ठी, विधान परिषद, अंजुमन (2)
24. लोहे का अर्धचंद्राकार टुकड़ा, कमल कुमुद आदि फूलों की लंबी व खोखली डंडी (2)

### वर्ग पहेली 5384 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | हे | न्द्र | सिं | ह | धौ | नी | ■ |
| हा | ल | ■ | दू | र | ■ | लो | भ |
| न | न | सा | र | ■ | स | फ | र |
| ता | ■ | थी | ■ | ■ | त | र | ना |
| ■ | सु | ■ | शं | का | लु | ■ | ■ |
| अ | त | ल | ■ | म | ज | बू | र |
| गा | ■ | गा | ■ | चो | ■ | झ | ट |
| ध | र | म | वी | र | ■ | ना | ना |

## आज का राशिफल

**मेष**
आज का दिन काफी दौड़भाग और चिंता फिक्र वाला रहेगा। ऑफिस में हर प्रकार के विवाद से दूर रहें और अपने काम पर फोकस करें। आपको घर में अपने से छोटे सदस्यों का सहयोग मिलेगा। प्रियजन से दूरी होने पर फोन या ई मेल के जरिए उसे मिटाने का प्रयास करेंगे।। आपको अपने परिवार के लोगों को हर प्रकार का सहयोग करना चाहिए।

**वृष**
आज कारोबार में सफलता प्राप्त होगी और आपके सभी रुके कार्य पूर्ण होंगे। आज ऑफिस में आप हर तरह की रुकावटों और अड़चनों को अपने सहयोगियों की मदद से हटाते रहेंगे। आज आपको करियर से जुड़ा कोई शुभ समाचार मिलने से आपका मन प्रसन्न होगा। कोई महत्वपूर्ण खबर मिलेगी। जायदाद के बारे में किसी डॉक्यूमेन्ट पर साइन करने से पहले सोचसमझ लें।

**कर्क**
आज का दिन लाभ से भरा होगा और आज आप सोशल वर्क के जरिए कुछ उद्देश्य हासिल करेंगे। ऑफिस का माहौल काम के लिए बिल्कुल ठीक रहेगा। आप दूसरों की बातों में आ सकते हैं। जरूरी है कि आप खुद को समझदारी के साथ आगे बढ़ाएं। जीवनसाथी से सपॉर्ट मिलता रहेगा। जूनियर्स से कहासुनी हो सकती है। विवादों से दूर रहें।

**सिंह**
आज का दिन लाभ से भरा होगा और ऑफिस के वर्तमान माहौल में आपके लिए मन लगाना कुछ मुश्किल हो सकता है। माहौल को जिंदादिल बनाने की कोशिश कामयाब हो सकती है। बशर्ते आपके सहयोगी सपॉर्ट करें। आज आपको जो भी मिलेगा वह सिर्फ आपकी मेहनत का ही नतीजा होगा। आपके धन में वृद्धि होगी।

**मिथुन**
आज लाभ का दिन है। आज आपको कोई खोई हुई चीज वापस मिल सकती है। किसी को काफी समय पहले दिया गया उधार आज वापस मिल सकता है। खास बात यह है कि इसके अलावा भी आपको दिन भर और कई सरप्राईज मिलते रहेंगे।

**कन्या**
आज का दिन खुशी से भरा होगा और आज आप ऑफिस में मान सम्मान प्राप्त करेंगे। आज आप परिवार में किसी तरह का आयोजन करने के बारे में सोच सकते हैं। आपके प्रेमी को किसी बात से समझौता करना पड़ सकता है लेकिन कुछ फायदों को देखते हुए इसमें कोई नुकसान भी नहीं है।

**तुला**
आज का दिन करियर के मामले में सफलता से भरा होगा और आपके काम सरलता से पूरे हो जाएंगे। नए काम में कुछ रुकावटें आ सकती हैं। दिन बीतने के साथ साथ काम बनते नजर आएंगे। घर के छोटे सदस्यों के करियर की चिंता खत्म होगी। आज आपको रूटीन के काम में बदलाव करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक**
आज सफलता प्राप्त होगी और आपका दिन खुशी में बीतेगा। आज आपके सहयोगी कुछ रिलैक्स मूड में रहेंगे और पहले से ज्यादा काम करने की इच्छा जताएंगे। बदलाव के तौर पर आप अपने अन्दर छिपी प्रतिभा को बाहर निकालने का प्रयास करेंगे। कामयाब भी होंगे। फाइनेंशियल प्रॉब्लम का हल निकल सकता है। आपके धन में वृद्धि के योग हैं।

**मकर**
आज आपको करियर में सम्मान प्राप्त होगा। मेहनत से जो कुछ भी करेंगे वह काफी अच्छा रिजल्ट लेकर आएगा। रोमांटिक पार्टनर के साथ घूमने फिरने का मौका मिलेगा और इससे आपकी खुशी दोगुनी हो जाएगी। पिछले दिनों हुए नुकसान की भरपाई होगी और आपका मन खुश होगा। बिजनस में काफी सावधानी बरतने की जरूरत है।

**कुंभ**
आज आपका मन काफी बेचैन रहेगा। आज दिन की शुरुआत थोड़ा बेचैनी से भरी होगी। आज आपके ऊपर ऑफिस में भी काम का बोझ अधिक रहेगा और ऐसे में महसूस होगा कि आपने एक ही दिन में ढेर सारे लटके हुए काम निपटा लिए हैं। थोड़ा घूमना फिरना पड़ सकता है। आज शाम को फालतू खर्च की वजह से मन थोड़ा उदास हो सकता है।

**धनु**
आज का दिन लाभ से भरा होगा और आज आपके प्रॉपर्टी के मामले हल हो सकते हैं। कमाई में बढ़ोत्तरी होगी लेकिन साथ ही खर्च के बहाने भी मिल जाएंगे। लेखक और पत्रकार जैसे लोग लोगों की नजरों में चढ़ जाएंगे। आपका पॉजिटिव मूड खराब से खराब माहौल में खुशियां भर देगा आपका मन काफी प्रसन्?न होगा।

**मीन**
आज दिन सफलता से भरा होगा और बेहतर होगा कि आज हर मामले में टेंशन लेने से बचें। थोड़ी सी इच्छा शक्ति से सब कुछ संभव है। दोस्तों के सपॉर्ट से किसी बड़े प्रॉजेक्ट को फाइनलाइज कर सकेंगे। रोमांटिक अफेयर्स में मजबूती आएगी। आपका दिन खुशी में बीतेगा। सरकारी अधिकारियों की कमाई अच्छी होने से मन में खुशी रहेगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

# रांची में नक्सलियों ने बीएसएनएल के प्राइवेट कंटेनर को जलाया

## अंदर सो रहा बिहारी मजदूर जिंदा जला





**मैकलुस्कीगंज , एजेंसी।** रांची के मैकलुस्कीगंज-चामा मुख्य मार्ग पर बीती रात नक्सलियों ने जमकर उत्पात मचाया। यहां चार हथियारबंद नक्सलियों ने क्ब्स्हरुके लिए ऑप्टिकल फाइवर बिछा रहे सिंह इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के कंटेनर को आग के हवाले कर दिया। इसमें एक मजदूर की जिंदा जलकर मौत हो गई।

मृतक की पहचान संजय भूंइयां के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि घटना के समय वह कंटेनर के भीतर सो रहा था। मृतक संजय बिहार के औरंगाबाद जिले के छाली दोहर का रहने वाला था। घटना करमकोच्चा तिलैया टांड दुल्ली के निकट रात 11 बजे की है।

वहीं, जानकारी मिलने के बाद मौके पर रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा पहुंच गए हैं साथ ही मामले की जांच में जुट गए हैं। नक्सलियों को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, घटनास्थल वाले इलाके में सिंह इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड क्ब्स्हरुके लिए ऑप्टिकल फाइवर बिछाने का काम कर रही है। बीती रात काम कर रहे मजदूर सोए हुए थे। यहां कुल आठ मजदूर काम कर रहे थे। जिसमें एक मजदूर कंटेनर के भीतर सोया हुआ था। अन्य मजदूर कंटेनर के ऊपर सोए हुए थे।

बीते दिन यानी मंगलवार की रात 11 बजे के करीब चार हथियार बंद नक्सली आए। नक्सलियों को देखते ही कार्यरत कर्मचारी इधर-उधर भागने लगे।

इसके बाद अपने साथ पेट्रोल से भरा केन लेकर आए नक्सलियों ने कंटेनर में उसे छिड़क कर आग लगा दी और फिर फायरिंग करते हुए भाग गए। घटना में एचडीडी मशीन एवं डीजी ट्रक लोकेटर और कंटेनर जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मैकलुस्कीगंज पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और सीसीएल से दमकल मंगवा कर आग को बुझाया।

घटना की सूचना मिलने पर ग्रामीण एसपी रांची सुमित अग्रवाल घटना स्थल पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया। घटना स्थल पर खलारी डीएसपी आरएन चौधरी, खलारी इंस्पेक्टर बिजय सिंह, मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविंद कुमार भारी संख्या में पुलिस के जवान घटना स्थल पर पहुंचे और नक्सलियों को पकड़ने के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

# नामकुम में बुर्जुग से डेढ़ु लाख की छिनतई

**रांची, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के सदाबहार चौक पर अज्ञात अपराधियों द्वारा 70 वर्षीय बुर्जुग से डेढ़ लाख रुपए छिनकर फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। घटना सोमवार दोपहर लगभग 12 बजे की है। पीड़ित जॉन लकड़ा ने बताया कि वे पलांडु नयाटोली में घर बना रहे हैं। उसके लेबर पेमेंट के लिए उन्होंने सदाबहार चौक स्थित बैंक ऑफ इंडिया से डेढ़ लाख रुपए की निकासी कर प्लास्टिक के थैले में रखकर अपने घर जा रहे थे। उसी दौरान पीछे से काले रंग की पल्सर बाइक पर सवार दो युवकों ने उनका थैला छीन कर नामकुम बाजार की ओर भाग निकले। मामले की जानकारी मिलते ही नामकुम थानेदार ब्रह्मदेव प्रसाद सदलबल मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू कर दी। पीड़ित जॉन लकड़ा ने बताया कि वे रेलवे से सेवानिवृत्त हुए हैं।

**पुलिस खंगाल रही बैंक सहित आसपास की सीसीटीवी फुटेज:** घटना के बाद मौके पर पहुंचे थानेदार ब्रह्मदेव प्रसाद ने बैंक जाकर सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। इस दौरान पीड़ित जॉन लकड़ा भी पुलिस के साथ थे। बताया जा रहा है कि पीड़ित ने बैंक के अंदर ही संदिग्धों की पहचान की है। अपराधियों के द्वारा बैंक के अंदर जाकर ज्यादा पेमेंट लेने वाले बुर्जुग और महिलाओं को टारगेट कर उसकी जानकारी बैंक के बाहर खड़े अपने साथियों को दी जाती है। इसके बाद टारगेट के बाहर निकलते ही अपराधी उसके पीछे लग कर उसका बैग या थैला आदि छीनकर फरार हो जाते हैं।

**क्षेत्र के झपटमारों का आतंक:** नामकुम के विभिन्न क्षेत्रों में बैंक से रुपए निकालकर घर जाने वालों में अब असुरक्षा का महौल बन गया है। लोग पैसा निकालने में काफी सर्तकता बरत रहे हैं, पर अपराधी भोले-भाले ग्रामीणों को लगातार आपना निशाना बना रहे हैं। इससे पूर्व स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से रुपए लेकर बाहर निकलने वाले चार लोगों और बैंक ऑफ इंडिया नामकुम शाखा से रुपए लेकर बाहर आने वाले यह तीसरे ग्राहक है, जिनकी मेहनत की कमाई आराधियों ने छीन ली। लोगों ने पुलिस प्रशासन से रुपए और सोने की चेन छीनकर भागने वाले अपराधियों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### महिलाओं को दिया गया सिलाई प्रशिक्षण

**रांची/कांके, एजेंसी।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बाढ़ु आरसेटी द्वारा 30 दिवसीय ड्रेऊस डिजाइनिंग सिलाई का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सुरेश कुमार बैठा विशेष रुप से उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि नाबार्ड द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना है। यहां से ड्रेऊस डिजाइनिंग सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने आप को सशक्त बनाएं। साथ ही स्वरोजगार अपनाकर अपने परिवार का आय वृद्धि कर सकते हैं। आरसेटी के संचालक समीर कुमार सुरेन ने अतिथियों को कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, आत्मविश्वास जागृत करना, तथा स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों ने भी अपना अनुभव साझा किया। इसके पूर्व प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली 30 महिलाओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। मौके पर बिरबल कुमार, इंद्रजीत कुमार, अशोक कुमार महतो, अफजल अंसारी, मुशताक अंसारी सहित मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

### बीएयू: डॉ शैलेश शोध सलाहकार समिति के सदस्य मनोनीत

**रांची, एजेंसी।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के वैज्ञानिक डॉ शैलेश चट्टोपाध्याय को भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय की संस्था केंद्रीय रेशम उत्पादन, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, बहरामपुर, पश्चिम बंगाल की शोध सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। डॉ चट्टोपाध्याय बीएयू के वानिकी संकाय में फॉरेस्ट बायोलॉजी एवं वृक्ष सुधार विभाग के प्रोफेसर-सह-मुख्य वैज्ञानिक व विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं ढ्ढ

केंद्रीय सिल्क बोर्ड के तहत कार्यरत इस संस्थान की शोध सलाहकार समिति का कार्यकाल तीन वर्षों का होगा और प्रत्येक 6 महीने में इसकी बैठक दो दिनों के लिए संस्थान परिसर में होगी। समिति संस्थान और इसकी संबद्ध इकाइयों की अनुसंधान व विकास गतिविधियों की समीक्षा करेगी। साथ ही, संस्थान के लिए अधिदेशित क्षेत्रों में फील्ड और उद्योग की समस्याओं से निबटने के लिए आवश्यक दिशानिदेश प्रदान करेगी। शोध परियोजनाओं की प्राथमिकता तय करना भी समिति के कार्यक्षेत्र में शामिल है।

यह समिति हितधारकों के लिए गुणवत्तायुक्त सिल्क उत्पादन के उद्देश्य से पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं के निष्कर्षों के प्रयोग के तौर-तरीके भी बताएगी। समिति का अध्यक्ष जैव प्रौद्योगिकीविद और उत्तरबंग कृषि विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल के पूर्व कुलपति डॉ स्वरूप कुमार चक्रवर्ती को बनाया गया है।

### बागबेड़ा रिवरव्यू कॉलोनी में नाला की जमीन कब्जा से बाढ़ का खतरा




**जमशेदपुर, एजेंसी।** बागबेड़ा रिवरव्यू कॉलोनी में मनीष झा द्वारा बीएनआर नाला में मिट्टी डालकर नाला का जमीन का अतिक्रमण किया जा रहा है। रिवरभ्यू सोसायटी एवं नया बस्ती के लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को बागबेड़ा के पूर्व पार्षद किशोर यादव के नेतृत्व में अंचल अधिकारी मनोज कुमार से मिलकर यह जानकारी दी और नाला की जमीन घेरने से बारिश में बाढ़ का खतरे की आशंका जताई है। रिवरभ्यू सोसायटी के अध्यक्ष प्रवीण सिंह एवं महासचिव सुनील मिश्रा ने अंचल अधिकारी से तत्काल नाला की जमीन पर कब्जा रोकने की मांग पर ज्ञापन सौंपा है। मालूम होगी नाला की जमीन कब्जा को लेकर बागबेड़ा रिवरव्यू कॉलोनी के निवासियों में दो दिनों से हंगामे का माहौल है। क्योंकि नाला की चौडाई कम होने से बारिश का पानी आसपास की आधा दर्जन बस्तियों में घुसेगा। प्रतिनिधि मंडल में विपिन तिवारी, कुली सिंह, पवन सिंह, किशोर यादव, श्रीमन मिश्रा, मदन सिंह ,गणेश सिंह, आरबी राय, राजकुमार, संजय कुमार शामिल थे।



# श्रमिकों ने ठेका कंपनी के खिलाफ निकाला जुलूस

**चाईबासा/नोवामुंडी, एजेंसी।** नोवामुंडी संग्रामसाई कैंप में कर्मचारी क्वाटर निर्माण कार्य की जिम्मेवारी लिए महिला वेंडर से दुर्व्यहार कर उससे धक्कामुक्की करने का मामला तूल पकड़ने लगा है। चेबरोक्स इंजीनियरिंग ठेका कंपनी अधिकारियों से नाराज श्रमिकों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल के तीसरे दिन मंगलवार को भी काम ठप कर सड़क पर उतरे। मजदूर नेता हसीलुद्दीन खान उर्फ मोटू, चन्द्रमोहन ग़ोप, पुतल पूर्ति, जयराम गोप, मनोज लागुरी के संयुक्त नेतृत्व में जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल श्रमिकों ने हाथ में श्लोगन लिखे तख्ती लेकर चेबरोक्स इंजीनियरिंग ठेका कंपनी की मनमानी नहीं चलेगी,आदिवासी श्रमिकों को शोषण करना बंद करो,स्थानीय बेरोजगारों पर जुल्म करने और बाहरियों को काम पर रखने वाले अधिकारियों को नोवामुंडी से जाना होगा आदि नारेबाजी कर रहे थे। जुलूस संग्रामसाई कैंप से निकलकर मुख्य सड़क होते हुये न्यू टाउनशिप निकट स्थित मुख्य कार्यालय के निकट पहुंचा। महिला वेंडर पुतुल पूर्ति व वेंडर जयराम ग़ोप ने कार्यालय में मौजूद वरीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर लौंट गये। ज्ञापन सौंपने के दौरान मामले को गंभीरता से लेने का आश्वासन मिला है। यहां से लौटने के बाद वेंडर व श्रमिकों की एक प्रतिनिधिमंडल जगन्नाथपुर एसडीओ कार्यालय व नोवामुंडी अंचल कार्यालय में एक-एक प्रति ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई है।

# शिव मंदिर के सामने नाग-नागिन का हैरतंगेज कारनामा, 45 मिनट तक करते रहे अठखेलियां

## ग्रामीणों ने लगाया यह अनुमान

**बरही, एजेंसी।** बरही के हरिला गांव के शिवमंदिर के पास जीवलाल यादव व पप्पू यादव घर के पीछे रविवार दोपहर में करीब 45 मिनट तक मस्ती करते नाग-नागिन का जोड़ा लोगों के बीच कौतूहल का विषय बना रहा। यह खबर हरिला गांव व आसपास के क्षेत्र में जैसे ही फैली कि नाग- नागिन के जोड़े को देखने के लिए महिला-पुरुष ग्रामीण उमड़ पड़े। ग्रामीणों ने बताया कि नाग-नागिन लगभग 5 से 6 फीट लंबा थे, जो करीब 45 मिनट तक एक-दूसरे से लिपटकर आपस में अठखेलियां करते रहे। जिसे ग्रामीण कुछ दूर पर एक जगह खड़े होकर देख रहे थे। कुछ लोग उन्हें देख कर प्रणाम भी कर रहे थे तो मौके पर मौजूद कई लोगों ने यह दृश्य अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर रहे थे। नाग-नागिन सांप का यह जोड़ा बाद में वहां से निकल कर पास के झाड़ी की तरफ चला गया। वहीं कुछ बुजुर्गों ने बताया कि नाग-नागिन की अठखेलियों से अनुमान लगाया जाता है कि इस बार मानसून अच्छा होगा और इस वर्ष खेती बारी अच्छी होगी।

# बिल्डरों पर रेरा का एक्शन! दो अपार्टमेंट किए सील, 6 पर कार्रवाई की तैयारी

**चास, एजेंसी।** चास नगर निगम ने झारखंड रियल एस्टेट रेगुलेटरी अर्थॉरिटी के आदेश पर कार्रवाई करते हुए दो अपार्टमेंट को सील कर दिया। रेरा ने चीरा चास में छह अपार्टमेंट को सील करने का निर्देश दिया था। सोमवार को दंडाधिकारी व पुलिस बल की उपस्थिति में गोल्डेन कास्टेल लग्जरी अपार्टमेंट शारदा एनक्लेव व मां सरस्वती प्लाजा को सील कर दिया। यहां पहली बार बड़ी कार्रवाई से बिल्डरों में हड़कंप है।

झारखंड रियल एस्टेट रेगुलेटरी अर्थॉरिटी के सचिव चंदन कुमार ने नगर निगम के अपर नगर आयुक्त को कार्रवाई का आदेश दिया था। इनके अलावा चार अपार्टमेंट गंगा हाईट्स, मां लक्ष्मी अपार्टमेंट फेज चार और मां दुर्गा अपार्टमेंट को भी सील किया जाएगा। मौके पर दंडाधिकारी सहायक अभियंता अरिन्दम दे, चीरा चास की पुलिस, सिटी मैनेजर संतोष कुमार, के अलावा कनीय अभियंता पवन पांडेय, अनिल रजवार, मनीष हाजरा आदि थे। केंद्र सरकार ने सभी रियल एस्टेट प्रोजेक्ट को रेरा के अधीन लाकर फ्लैट खरीदारों को बड़ी राहत दी है। रेरा लागू होने के पहले बिल्डरों के जरिए खरीदारों के साथ की जाने वाली धोखाधड़ी के मामले कोर्ट में जाते थे। वर्षों तक सुनवाई के बाद खरीदारों को न्याय मिलता था।

# आमने-सामने बैठे आलमगीर और आईएएस मनीष रंजन, फिर शुरू हुआ सवालों का सिलसिला; ईडी ने ऐसे समझा कमीशन का पूरा खेल





**रांची, एजेंसी।** राज्य में तीन हजार करोड़ से अधिक के टेंडर कमीशन घोटाले में मंगलवार को ईडी ने ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व सचिव मनीष रंजन और मंत्री आलमगीर आलम को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की। आईएएस अधिकारी मनीष रंजन मंगलवार को ईडी के दूसरे समन पर पूछताछ के लिए उपस्थित हुए थे। ईडी ने सुबह 11 बजे से देर शाम तक उनसे पूछताछ की। हालांकि उनसे पूछताछ पूरी नहीं हुई है। अब उन्हें अगले दिन फिर पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। ईडी ने आलमगीर आलम और मनीष रंजन दोनों को आमने-सामने बैठाकर दोनों के बीच मोबाइल पर हुए वार्तालाप तथा वाट्सएप चैट आदि के प्रमाण दिखाए और सत्यापन कराया। दोनों में टेंडर कमीशन के बंटवारे तथा कमीशन की राशि के बंटवारे से संबंधित चैट पर ईडी ने देर तक पूछताछ की।

ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम से पूछताछ में ही आईएएस मनीष रंजन की संदिग्ध भूमिका सामने आ गई थी। वीरेंद्र राम गत वर्ष 23 फरवरी को गिरफ्तार किए गए थे। उस वक्त ईडी की रिमांड पर वीरेंद्र राम ने टेंडर कमीशन में मोटी रकम वसूलने के मामले में आइएएस मनीष रंजन की भूमिका को उजागर किया था। उस वक्त से ही मनीष रंजन ईडी की रडार पर थे। इसी बीच मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल तथा संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के घर छापामारी में मिले कमीशन की राशि के बंटवारे से संबंधित दस्तावेज व अन्य डिजिटल साक्ष्य के तार भी मनीष रंजन से जुड़े। इसी आधार पर ईडी ने उन्हें समन किया था। मनीष रंजन को ईडी ने पहला समन 24 मई के लिए था, जिसपर मनीष रंजन ईडी के सामने उपस्थित नहीं हुए थे और उन्होंने ईडी से वक्त मांगा था। इसके बाद ईडी ने दूसरा समन कर मनीष रंजन को 28 मई को उपस्थित होने को कहा। माना जा रहा है कि भविष्य में आइएएस अधिकारी मनीष रंजन की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम, उनका भतीजा आलोक रंजन, वीरेंद्र राम के चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश मित्तल के सहयोगी हरीश याव, उनके सहयोगी नीरज मित्तल, रामप्रकाश भाटिया, तारा चंद, मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल, संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम व मंत्री आलमगीर आलम।



# वरिष्ठ भाजपा नेता सह पूर्व आईजी ने किया ग्रामीणों से जनसंपर्क

**देवघर, एजेंसी।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के सातवें चरण व अंतिम चरण में होने वाले मतदान की तिथि मात्र तीन दिन शेष बचा हुआ है। गोड्डा लोकसभा में 1 जून को निर्धारित है। जिसे लेकर प्रत्याशियों सहित प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों द्वारा जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में मंगलवार को वरिष्ठ भाजपा नेता सह पूर्व आईजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह द्वारा गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के मधुपुर प्रखंड स्थित पढ़जोरी, मडकियारी, कजरा, कोलवा, गोबिंदपुर,गोबिंदपुर शाही सहित विभिन्न पंचायतों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा नेता ने ग्रामीणों से कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री ने देश के लिए नए- नए आयाम स्थापित किए हैं। भारत ही नहीं अपितु विश्व में भारत का परचम लहराया है । गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के देवघर में एम्स, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन एवं रोड का कार्य सांसद डॉ.निशिकांत दुबे के कार्यकाल में पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि आगामी 1 जून को कमल फूल पर जनता वोट कर भारी मतों से गोड्डा लोकसभा भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ. निशिकांत दुबे को विजयी बनाएगी और मोदीजी के हाथ को मजबूत करेगी। इस अवसर पर उदय सिंह , नकुल राय , लोकेश कुमार, अमर सिंह , भारत भैया, अवध भोक्ता एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

# 40.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा रांची का तापमान

**रांची, एजेंसी।** रांची में सुबह से ही तपिश बढ़ने लगी है। गर्मी बढ़ने से लोग पसीने से तर–बतर हो जा रहे हैं। उमस से बेचैनी भी बढ़ी है। पिछले तीन दिनों से तापमान लगातार बढ रहा है। मंगलवार को रांची का तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि बुधवार और गुरुवार को तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान लगाया गया है।

तीन दिन से तप रहे सूरज का असर अब रात के मौसम में भी दिखाई देने लगा है। रात का न्यूनतम तापमान भी धीरे–धीरे बढ़ रहा है, वर्तमान में 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह रहा है। सोमवार को सुबह से ही सूरज की तपिश बढ़ने लगी। दिन में सात बजे ही शहर का तापमान 34.7 डिग्री सेल्सियस डिग्री दर्ज हुआ। सुबह नौ बजे तक तापमान बढ़कर 35.4 डिग्री हो गया। इससे घर से बाहर निकले लोगों को खासी परेशानी हुई। सड़कों पर भी इसका असर देखने को मिला। दोपहर शहर में ट्रैफिक स्मूथ रहा। मौसम विभाग के निदेशक व मौसम विज्ञानी ने बताया कि अगले दो दिनों रांची का पारा अधिक रहेगा। मौसम शुष्क रहेगा। एक जून को बारिश के आसार हैं। इसके बाद तापमान थोड़ी गिरावट दर्ज होगी। मंगलवार को तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

# भरी सड़क पर तीन ऑटो चालक लगा रहे थे रेस, बेकाबू होकर एक ने मारी स्कूटी को टक्कर; मासूम की हुई मौत

**जमशेदपुर, एजेंसी।** सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एमजीएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में क्लर्क के पद में कार्यरत पिंकी कुमारी की बुधवार प्रातः पांच बजे टाटा मुख्य अस्पताल में मौत हो गई।

पिंकी कुमारी की बड़ी बहन और उनके बहनोई जो बेंगलुरु में रहते हैं उन्होंने बताया कि 25 मई को मतदान के दिन पिंकी को चुनाव कार्य में लगाया गया था। रविवार को साप्ताहिक छुट्टी थी।

उस दिन शाम 7¬20 बजे अपने मंगेतर के साथ पिंकी मानगो समता नगर से डिमना चौक जा रही थी। एन एच 33 स्थित महिंद्रा शोरूम के समीप तीन ऑटो चालक आपस में रेस लगा रहे थे उसी में से एक ऑटो ने पिंकी की स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे पिंकी बीच सड़क पर गिर गई। गंभीर चोटें आईं।

स्कूटी चला रहे मंगेतर ने घायल पिंकी को टाटा मुख्य अस्पताल में दाखिल कराया। चिकित्सकों ने उसकी हालत को चिंताजनक बताया। पिंकी के पिताजी की मानसिक हालत ठीक नहीं है। इस कारण मंगेतर ने इसकी सूचना उसकी बड़ी बहन जो बेंगलुरु में कार्यरत है, उन्हें दी। जिसके बाद बेंगलुरु से बहन और बहनोई जमशेदपुर पहुंचे। स्वजन ने मामले की जानकारी भाजपा नेता विकास सिंह को दी। विकाश सिंह ने टाटा मुख्य अस्पताल जाकर मामले की जानकारी ली। मानगो थाना को फोन कर मामले में उचित कार्रवाई करने की बात कहीं।

**ऑटो चालक के खिलाफ अब होगी कार्रवाई:** अस्पताल का बकाया करीब एक लाख रुपये प्रबंधन द्वारा मांगा जा रहा है विकास सिंह ने कहा कि पिंकी एमजीएम अस्पताल में क्लर्क के पद में पदस्थापित थी इसलिए उपायुक्त एवं एमजीएम अस्पताल प्रबंधन को मामले में हस्तक्षेप कर टाटा मुख्य अस्पताल में लगने वाली इलाज की राशि को माफ करवाते हुए ऑटो चालक के ऊपर कानूनी कार्रवाई करवानी चाहिए। मानगो थाना की पुलिस सीसीटीवी की मदद ऑटो चालक की पहचान करें।





## संक्षिप्त समाचार

### जामिया के अपदस्थ कार्यवाहक कुलपति ने नई नियुक्ति को हाईकोर्ट में दी चुनौती




**नई दिल्ली, एजेंसी।** जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कार्यवाहक कुलपति पद से हाल में हटाए गए प्रोफेसर इकबाल हुसैन ने उनके स्थान पर नियुक्त प्रोफेसर मोहम्मद शकील की नियुक्ति को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। उन्होंने प्रोफेसर मोहम्मद शकील की नियुक्ति को अवैध और मनमाना करार देते हुए मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया है। विश्वविद्यालय ने प्रोफेसर शकील को 22 मई को कार्यवाहक कुलपति नियुक्त किया था। प्रोफेसर मोहम्मद शकील की नियुक्ति दिल्ली हाईकोर्ट की ओर से प्रोफेसर इकबाल हुसैन की नियुक्ति को रद्द किए जाने के कुछ घंटे के बाद की गई थी। प्रोफेसर इकबाल हुसैन ने अपनी याचिका में कहा है कि नयी नियुक्ति हाईकोर्ट के आदेश का उल्लंघन है। हाईकोर्ट ने राष्ट्रपति से कार्यवाहक कुलपति की नियुक्ति करने को कहा था। न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला ने मामले को सुनवाई के लिए 30 मई को सूचीबद्ध किया। अदालत को सूचित किया गया कि यह मामला विजिटर के पास विचाराधीन है। न्यायमूर्ति गेडेला ने कहा कि 22 मई के उनके आदेश में स्पष्ट है कि नियुक्ति विजिटर द्वारा की जानी चाहिए। फिर विश्वविद्यालय ने कैसे नियुक्ति की। बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को प्रोफेसर इकबाल हुसैन की उस अपील को 29 मई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया था। लेकिन अपील पर सुनवाई 30 मई तक टाल दी गई क्योंकि खंडपीठ की अध्यक्षता कर रहीं न्यायमूर्ति रेखा पल्ली ने खुद को सुनवाई से अलग कर लिया। बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट की एकल न्यायाधीश की पीठ ने ने 22 मई को मोहम्मद शामी अहमद अंसारी और अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए हुसैन को उप कुलपति बनाये जाने और बाद में विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति के तौर पर नियुक्ति को यह कहते हुए रद्द कर दिया था कि नियुक्तियां संबंधित कानून के अनुरूप नहीं थीं। अदालत ने जामिया विश्वविद्यालय के विजिटर (राष्ट्रपति) को एक नियमित कुलपति की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करने का आदेश जारी करने को कहा था।

### बीजापुर में जवानों ने किया दो नक्सली को ढेर, सुकमा में माओवादी डॉक्टर टीम का कमांडर गिरफ्तार



**रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान का तेजी से असर देखने को मिल रहा है। जहां बीजापुर में जवानों ने मुठभेड़ के दौरान हुई गोलीबारी में दो नक्सलियों को ढेर किया है। वहीं दूसरी तरफ सुकमा में सर्चिंग में निकले जवानों ने एक नक्सली डॉक्टर कमांडर को गिरफ्तार किया है।? जानकारी के मुताबिक सुकमा से डीआरजी के जवान सर्चिंग पर निकले हुए थे। जहां नक्सलियों की मलांगिर एरिया कमेटी की डॉक्टर टीम की कमांडर महिला नक्सली को गिरफ़्तार किया गया है। जब महिला नक्सली को गिरफ़्तार किया गया इस दौरान वह नक्सलियों की काली वर्दी पहने हुए थी। जवानों ने महिला नक्सली को सुरक्षित केरलापाल थाने लाया और अब उसे उसी नक्सली वर्दी में जेल भेजा जा रहा है। आपको बता दें की यह पहली ऐसा मामला है जब नक्सली को वर्दी पहने गिरफ़्तार कर जेल भी वही वर्दी पहने भेजा जा रहा है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया सर्चिंग पर निकले जवानों ने उक्त नक्सली को मुठभेड़ के दौरान गिरफ़्तार किया है। महिला नक्सली बारसे मुये पर पाँच लाख रूपये का इनाम भी घोषित था।

# निजी संस्थान दिव्यांगों को आरक्षण से मना नहीं कर सकते, हाईकोर्ट से छात्र को राहत; आईपीयू ने एडमिशन से किया था इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि कोई भी निजी शैक्षणिक संस्थान दिव्यांगों को आरक्षण से वंचित नहीं कर सकता है। सभी निजी संस्थान दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम-2016 के दायरे में आते हैं। हाईकार्ट का यह फैसला 21 वर्षीय एक छात्र के हक में आया है। न्यायमूर्ति सी हरीशंकर की पीठ ने गुरु गोविंद सिंह इन्द्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपीयू) को निर्देश दिया है कि बौद्धिक मंदता से पीड़ित छात्र को दिव्यांगता आरक्षण के तहत दाखिला दिया जाए। छात्र ने बीए-एलएलबी कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन किया था, लेकिन आईपीयू ने कई कारण बताते हुए छात्र को दाखिला देने से इनकार कर दिया था।

खासतौर से छात्र की दिव्यांगता श्रेणी को लेकर सवाल उठाया गया था। इसके बाद पीड़ित ने अपने पिता के माध्यम से उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। विश्वविद्यालय का कहना था कि छात्र की तरफ से पहले कमजोर आय निजी वर्ग के तहत दाखिले के लिए आवेदन किया गया था।






बाद में इसे बदलकर दिव्यांगता आरक्षण श्रेणी के तहत आवेदन किया किया। हाईकोर्ट ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि छात्र बौद्धिक मंदता का शिकार है। इस लिहाज से वह दिव्यांगता आरक्षण के तहत दाखिले का आवेदन करने का हकदार है। पीठ ने कहा कि आईपीयू छात्र को वह तमाम लाभ दे, जो दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम-2016 उसे मिलने चाहिए। अपीलीय प्राधिकरण की तरह काम नहीं कर सकता

विश्वविद्यालय विश्वविद्यालय ने छात्र के दिव्यांगता प्रमाणपत्र पर सवाल खड़ा किया था। पीठ ने इस पर विश्वविद्यालय को कहा है कि वह अपीलीय प्राधिकरण की तरह काम नहीं कर सकता। छात्र का दिव्यांगता प्रमाणपत्र डॉक्टर बाबा साहेब अम्बेडकर हॉस्पिटल द्वारा जारी किया गया है। इस पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। छात्र का 12 साल सात महीने की उम्र में मानसिक परीक्षण मनोचिकित्सक से कराया गया था। मनोचिकित्सक ने छात्र को हल्की मानसिक मंदता का शिकार बताया था। इसके बाद छात्र का मानसिक मंदता का प्रमाणपत्र जारी किया गया था। दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम- 2016 के तहत सरकारी व निजी शैक्षणिक संस्थानों में दिव्यांग छात्रों के लिए पांच फीसदी का आरक्षण निर्धारित है। उच्च न्यायालय ने कहा कि इसके तहत प्रत्येक निजी और सरकारी संस्थान को यह आरक्षण देना ही होगा। पिता की तरफ से अधिवक्ता खगेश झा ने याचिका में कहा कि याचिकाकर्ता ने अपने बौद्धिक रूप से मंद बेटे को पांच वर्षीय बीए-एलएलबी कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन किया था, लेकिन विश्वविद्यालय ने संस्थान के स्व-पोषित होने का हवाला देते हुए दिव्यांग श्रेणी में दाखिला देने से इनकार कर दिया था। साथ ही छात्र की दिव्यांगता श्रेणी को लेकर भी मुद्दा उठा। पीठ ने कहा कि छात्र बेशक बौद्धिक रूप से मंद है, लेकिन उसके चिकित्सा दस्तावेज बताते हैं कि वह शैक्षणिक स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करता रहा है। छात्र ने 12 कक्षा सीबीएसई बोर्ड से उर्तीण की है।

### नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं क्योंकि भारतीय जनता पार्टी भारी मतों से विजयी होने वाली है : अनिल विज

**चण्डीगढ, एजेंसी।** हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं क्योंकि भारतीय जनता पार्टी भारी मतों से विजयी होने वाली है और नरेन्द्र मोदी ''इस बार 400 पार'' के नारे के अंतर्गत आसानी से 400 सांसदों के साथ प्रधानमंत्री बनेंगें। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है और डंके की चोट पर हम हरियाणा में भी तीसरी बार सरकार बनाएंगें।

विपक्ष के नेता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के कांग्रेस के विजयी होने के ब्यान के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अपने कार्यकर्ताओं का हौसला बनाए रखने के लिए कई नेता झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने भूपेन्द्र सिंह हुडडा पर तंज कसते हुए कहा कि इस बारे में 4 जून को पता चल जाएगा और ज्यादा इंतजार भी नहीं हैं लेकिन 4 जून को आपने (भूपेन्द्र सिंह हुडडा) कहां जाकर छुप ना यह आप (हुड्डा) देख लों। पोलिंग कम होने के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पोलिंग में अभी बैलेट पोलिंग भी जुडनी है।

## नाबालिग के पिता ने सैंपल बदलवाने को डॉक्टर को 14 बार किया फोन, पुणे पोर्श कांड में पुलिस का नया खुलासा





**पुणे , एजेंसी।** पुणे के बहुचर्चित पोर्श कांड में सोमवार को सासून जनरल अस्पताल के दो डॉक्टरों और अस्पताल के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस रिमांड पर लेकर उनसे पूछताछ की तैयारी रही है। गिरफ्तारी के अगले दिन पुलिस ने कहा कि अस्पताल के फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ अजय तावरे ने नाबालिग के सैंपल संग्रह के दौरान करीब दो घंटों में नाबालिग के पिता के साथ 14 बार फोन पर बात किया था। आपको बता दें कि दोनों डॉक्टरों को ब्लड सैंपल बदलने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट ने रिमांड की मांग करते हुए कोर्ट को इसकी जानकारी दी है। पुलिस ने एक स्थानीय अदालत को बताया कि उन्हें पता चला है कि आरोपियों ने नाबालिग के ब्लड सैंपल को बदलने के लिए रिश्वत ली थी। पुलिस जांच के अनुसार, नाबालिग के नमूने को कूड़ेदान में फेंक दिया गया था। शराब की मौजूदगी का पता लगाने के लिए उसकी जगह किसी अन्य व्यक्ति के रक्त के नमूने को जांच के लिए भेजा गया था। पुलिस ने डॉ तावरे के साथ-साथ कैजुअल्टी मेडिकल ऑफिसर डॉ श्रीहरि हल्नोर और अस्पताल के मुर्दाघर में काम करने वाले अतुल घाटकांबले के परिसरों की तलाशी ली। उन्होंने डॉ. हलनोर से 2.5 लाख रुपये और घाटकांबले से 50,000 रुपये बरामद किए।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा, जांच का मुख्य फोकस अब डॉ. तावरे के वित्तीय लेन-देन पर है। उन्हें कितना पैसा मिला या कितने का वादा किया गया था। किसने पैसे देने की बात कही थी।

# चार जून को केंद्र में इंडिया गठबंधन बनाएगा सरकार - शशि थरूर

**शिमला, एजेंसी।**
कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने शिमला में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि 4 जून को केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने वाली है। देश की जनता इस बार बदलाव के मूड में है।

शशि थरूर ने कहा कि पीएम मोदी ने 2014 में देश की जनता से कई वादे किए थे, लेकिन, आज तक एक भी वादा पूरा नहीं कर पाए हैं। दो करोड़ नौकरी प्रतिवर्ष देने का वादा किया था, आज देश में बेरोजगारी और महंगाई अपने चरम पर है। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई है। आज किसान अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर है। भाजपा मुद्दों की बात नहीं करती बल्कि देश को धर्म-जाति के नाम पर बांटने का काम करती है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आते ही देश की जनता को सामाजिक न्याय देगी। कांग्रेस ने 5 न्याय और 25 गारंटी मेनिफेस्टो में दी है, उसे पूरा किया जाएगा। हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, युवा न्याय और श्रमिक न्याय




के साथ 25 गारंटियां दी गई हैं। जिसे पूरा कर देश की जनता को समृद्ध और सशक्त किया जाएगा।

थरूर ने कहा कि इस बार कांग्रेस और इंडिया गठबंधन बहुत आगे निकल गया है। इस बार हरियाणा में 5-7 सीटें, राजस्थान में 10-12 सीटें, कर्नाटक में 12-15 सीटें, केरल 15-17 सीटें, तेलंगाना में 10-12 सीटें कांग्रेस को मिलने जा रही है। जबकि, भाजपा पिछले बहुमत से बहुत नीचे जा रही है। इंडिया गठबंधन बिहार में तेजस्वी यादव के साथ आगे बढ़ रहा है। महाराष्ट्र में भी इंडिया गठबंधन को अच्छी सीटें मिलने जा रही है।

थरूर ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही यूएपीए कानून में संशोधन किया जाएगा। बिना अपराध के जनता को जेल के अंदर भेजा जाता है, जिससे लोगों को समय पर न्याय नहीं मिलता है। दूसरी तरफ भीमराव अंबेडकर के संविधान को खतरे में डाला जा रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि जो कांग्रेस के मेनिफेस्टो में नहीं लिखा है, वह भी पीएम मोदी बोलते हैं। पीएम मोदी ओबीसी आरक्षण पर देश की जनता को गुमराह कर रहे हैं।

## मासूम से किया था दुष्कर्मः पॉक्सो कोर्ट ने पहली बार सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**देहरादून, एजेंसी।** झ देहरादून की पॉक्सो कोर्ट ने एक मासूम के साथ हुई दरिंदगी को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। संभवतः ये पहला मौका है जब किसी पॉक्सो अदालत ने दरिंदे को आजीवन कारावास की सुजाई सुनाई हो। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) अपर जिला जज अर्चना सागर की अदालत ने छह साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोपित को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा दोषी पर 20 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर एक महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। देहरादून में यह पहला मामला है, जब पॉक्सो कोर्ट में किसी दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।

सजा के दौरान न्यायाधीश ने कहा कि दोषी ने 12 साल से कम आयु की बालिका के साथ दुष्कर्म कर उसे गंभीर स्थिति तक पहुंचा दिया। जोखिम में डालने की धाराओं के तहत उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।राज्य की ओर से नियुक्त सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अल्पना थापा के अनुसार, एक व्यक्ति ने मसूरी कोतवाली में तहरीर दी थी कि दो मार्च 2021 को वह मजदूरी करके शाम साढ़े छह बजे घर आया तो पत्नी ने बताया कि उनकी छह साल की बच्ची के साथ मदन शाही निवासी नेपाल ने कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया।

## छत्तीसगढ़ शराब मामलाः ईडी ने होटल कारोबारी गुरुचरण होरा के घर मारा छापा, पूछताछ के बाद उठा ले गई टीम

**रायपुरएजेंसी।** छत्तीसगढ़ में आज परिवर्तन निदेशालय की टीम ने होटल व्यवसायी गुरुचरण सिंह होरा के ठिकाने पर दबिश दी है। रेड की इस कार्रवाई के बाद ईडी की टीम ने गुरुचरण होरा से पूछताछ की है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने पूछताछ करने के बाद होरा को अपने साथ ले गई है। हालांकि गुरुचरण होरा से पूछताछ किए जाने और उसे अपने साथ ले जाने को लेकर प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों और प्रशासन की ओर से अब तक कोई भी आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। जानकारी के मुताबिक यह पूरी कार्रवाई शराब घोटाले मामले से जुड़ी हुई है।? बताया जा रहा है कि गुरुचरण होरा के रायपुर स्थित देवेंद्र नगर घर पर ईडी की टीम ने पूछताछ की है। हालांकि पूछताछ को लेकर अधिकारियों की तरफ से अब तक कोई भी आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। जानकारी के मुताबिक गुरुचरण होरा के निलंबित आईएएस अनिल टुटेजा के साथ बेहद गरीबी संबंध थे। ऐसा आरोप लग रहा है कि करीबी संबंध होने के कारण उनसे शराब घोटाले मामले में पूछताछ की गई है। वही बता दे की शराब कारोबारी अनवर ढेबर की गिरफ्तारी भी गुरुचरण होरा के होटल ग्रैंड इंपीरिया से हुई थी। यही वजह है कि ईडी की टीम ने गुरुचरण होरा के निवास पर छापा मारने के बाद उनसे पूछताछ की है। छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाले मामले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने केस को तीन हिस्सों में बांटकर नए सिरे से जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक शुरुआती जांच में एक क्रम में कई लोगों की गिरफ्तारी ईडी की टीम पहले भी कर चुकी है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में एसीबी की टीम इस मामले को लेकर अलग से जांच कर रही है।

## अब बेफिक्र होकर करें सफर, गेट में कपड़ा भी फंसा तो नहीं चलेगी मेट्रो; किन-किन लाइनों की ट्रेन में लगेगा एंटी ड्रैग फीचर

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन पर ट्रेन में फंसकर घसीटने से हुई महिला की मौत के बाद दिल्ली मेट्रो प्रबंधन ने सुरक्षा को लेकर अहम फैसला लिया है। इसके तहत मेट्रो ट्रेन में एंटी ड्रैग फीचर लगाए जाएंगे। इसके लगने से मेट्रो के दरवाजे में कपड़े जैसी पतली वस्तु फंसने के बाद भी अगर दरवाजा बंद हो जाए तो भी ट्रेन नहीं चलेगी। इस नए फीचर को लगाने में 15 महीने का समय लगेगा। पांच ट्रेनों में लगाने के लिए इसमें करीब 3.55 करोड़ की लागत आएगी।

दिल्ली मेट्रो के अधिकारियों के मुताबिक यात्रियों की सुरक्षा के लिए हम पहली बार ट्रेनों में एंटी ड्रैग फीचर लगाने जा रहे हैं। मौजूदा ट्रेनों में रेट्रोफिटमेंट कराने के लिए निविदा भी जारी कर दी गई है। पायलट योजना के तहत इसे आठ कोच वाली पांच ट्रेनों यानि कुल 40 कोच के दरवाजे में यह फीचर लगाए जाएंगे। अगर प्रयोग सफल रहा तो आगे सभी ट्रेनों में इसे लगाने का फैसला किया जाएगा। अभी रेड लाइन (दिलशाद गार्डन से रिठाला) के तीन ट्रेन और यलो लाइन (गुरुग्राम से समयपुर बादली) पर चलने वाली दो ट्रेनों में यह एंटी ड्रैग फीचर लगाया जाएगा। मेट्रो के मुताबिक एंटी-ड्रैग सिस्टम को यात्रियों या उनके सामान के बंद दरवाजों के अंदर फंसने के बाद भी चलती ट्रेन में घसीटे जाने से होने वाली चोटों को रोकने के लिए डिजाइन किया गया है। यह खतरनाक स्थितियों (बेल्ट, कपड़ा, साड़ी, बैग की पट्टियां जैसी वस्तु) की पहचान करने में मदद करता है। वर्तमान में मेट्रो के दरवाजों में 15 एमएम पतला सामान को चिह्नित करके दरवाजा बंद करने से रोकता है। मगर एंटी ड्रैग सिस्टम



इससे पतली वस्तु की भी पहचान कर सकता है। एंटी ड्रैगिंग सिस्टम के अलावा दिल्ली मेट्रो रेल निगम अपने पुराने ट्रेनों के कोच के दरवाजे के सिस्टम का भी नवीनीकरण (रिफर्बिशमेंट) करेगा। पहले चरण में कुल 72 कोच के दरवाजों का नवीनीकरण होगा। इसमें उसके सेंसर्स से लेकर डिटेक्टिंग सिस्टम की जांच होगी। इसमें दो साल का समय लगने के साथ कुल 65 लाख रुपये से अधिक की लागत आएगी।

# दिल्ली में 340 नर्सिंग होम बिना लाइसेंस के, घटनाओं से हैं बेपरवाह, दांव पर है लोगों की जान

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में जिस बेबी केयर न्यू बोर्न अस्पताल में भीषण आग लगने से छह नवजात शिशुओं की मौत हो गई थी, उसका लाइसेंस 31 मार्च को ही समाप्त हो गया था। लेकिन दिल्ली का यह एकमात्र ऐसा नर्सिंग होम या अस्पताल नहीं है, जिसका लाइसेंस खत्म हो चुका है और वे धड़ल्ले से चल रहे हैं। यहां करीब 29 प्रतिशत नर्सिंग होम बिना लाइसेंस के चल रहे हैं।

दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों से पता चलता है कि राजधानी में पंजीकृत 1183 नर्सिंग होम में से 340 (28.74त्न) का पंजीकरण छह साल पहले ही खत्म हो चुका है। ऐसे नर्सिंग होम सबसे अधिक संख्या पश्चिम और उत्तर-पश्चिम दिल्ली में है। विवेक विहार में भी जहां यह त्रासदी हुई, उसके करीब ही दो ऐसे नर्सिंग होम हैं, जिनके लाइसेंस खत्म हो चुके हैं। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, मुंडका में अर्डेंट गणपति अस्पताल और पटेल नगर में इंद्र



क्लिनिक और टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर का लाइसेंस मार्च 2018 में समाप्त हो चुका है। जब यहां ??संपर्क किया गया तो पता चला कि उनके पास फायर एनओसी का अभाव था, जो लाइसेंस प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण शर्त है।

पश्चिमी दिल्ली में 288 नर्सिंग होम हैं, जिनमें से 96 का लाइसेंस समाप्त हो चुका है। उत्तर-पश्चिम दिल्ली में 194 नर्सिंग होम हैं, जिनमें 48 के लाइसेंस समाप्त हो चुके हैं। पूर्वी दिल्ली में 25 और दक्षिण पश्चिम दिल्ली में 29 नर्सिंग होम के लाइसेंस समाप्त हो चुके हैं। दक्षिणी दिल्ली में 94 नर्सिंग होम हैं, जिनमें से 25 के लाइसेंस समाप्त हो चुके हैं। हिंदुस्तान टाइम्स ने दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग की स्थिति रिपोर्ट की एक प्रति देखी है जो इस संबंध में जो डेटा प्रदान करती है। स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर डेटा की पुष्टि की है।

दिल्ली सरकार का स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय दिल्ली नर्सिंग होम पंजीकरण अधिनियम, 1953 के अनुसार शहर में चल रहे नर्सिंग होम को पंजीकृत और नियंत्रित करता है। प्रत्येक तीन वर्ष के बाद इन इकाइयों का पंजीकरण किया जाता है।

## चाय सिगरेट के पैसे मांगने पर पिटाई करने वाला 10 महीने बाद पकड़ाया

**रायपुर एजेंसी।** रायपुर की सरस्वती नगर पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जो मात्र दुकानदार को चाय सिगरेट के पैसे मांगने पर जमकर पीट दिया था और 10 महीनों से फरार चल रहा था। आरोपी ने दुकानदार को पैसे मांगने पर अपने साथियों के साथ घसीटकर पीटते हुए सिर तक फोड़ दिया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी पवन यादव को गिरफ्तार कर लिया है। मामला बीते साल 17 जुलाई 2023 का है। जहां सरस्वती नगर थाना अंतर्गत टीचर्स कालोनी में दुकानदार आदित्य राजपूत जो कि चाय सिगरेट और नाश्ते का टी मीटिंग पॉइंट नाम से कैफे चलाता है। यहां रात लगभग 8 बजे विकास नगर गुढ़ियारी के रहने वाले बदमाश पहुंचे और चाय नाश्ता और सिगरेट लिया। जब दुकानदार आदित्य ने उनसे पेमेंट करने बात कही तो आरोपी भड़क गए और दुकानदार को पीट दिया। आरोपियों में विशू यादव, पवन यादव और निशांत साहू नाम के युवक हैं। आरोपियों ने दुकानदार को ने केवल पीटा बल्कि उसे घसीटा भी। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी आया जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपी घटना के बाद से ही फरार हो गए थे और शहर भी छोड़ दिया था। 10 माह से पुलिस की गिरफ्त से फरार आरोपियों को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे थे। जिसके बाद पुलिस ने पूर्व में जहां एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था तो, आज मंगलवर को आरोपियों में शामिल पवन यादव को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अभी भी अन्य आरोपी इस मामले में अब तक पकड़े नहीं गए हैं जिनकी तलाश पुलिस कर रही है।

मोहम्मद कैफ ने बताया

## इस बार विराट कोहली और रोहित शर्मा के लिए क्यों जीतना जरूरी है टी-20 वर्ल्डकप



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप का आगाज होने में अब कुछ ही दिन बचे हैं. भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट का सबसे पहला खिताब अपने नाम किया था और इसके बाद से अब तक वह इस फॉर्मेट का दूसरा वर्ल्ड कप खिताब नहीं जीत पाई है. साल 2014 में भारत के पास दूसरा खिताब जीतने का मौका आया था, लेकिन वहां वह फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ हार गया. इस बीच टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद कैफ को भरोसा है कि इस बार भारतीय टीम यह खिताब जरूर अपने नाम करेगी और इस टूर्नामेंट में सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली भारत के लिए तुरुप का इक्का साबित होंगे.

कैफ ने कहा कि यह दोनों खिलाड़ी बखूबी जानते हैं कि इस बार यह टूर्नामेंट उनके टी20 करियर का आखिरी वर्ल्ड कप साबित हो सकता है. ऐसे में वह खिताब जीतने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इन दोनों खिलाड़ियों पर यूटर्न लिया है. इस साल की शुरुआत से पहले ये दोनों बल्लेबाज इस फॉर्मेट में भारतीय टीम का हिस्सा नहीं बन रहे थे.

भारतीय टीम जब पिछली बार टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड से हारकर बाहर हो गई. इसके बाद चयनकर्ताओं ने इस फॉर्मेट में युवा खिलाड़ियों के दम पर खुद का आजमाना शुरू कर दिया था. लेकिन इन दोनों बल्लेबाजों की वनडे वर्ल्ड कप में बेहतरीन फॉर्म देखकर चयनकर्ताओं ने क्रिकेट के इस सबसे छोटे फॉर्मेट में उन्हें एक बार फिर वापसी का मौका दिया और जनवरी में अफगानिस्तान के खिलाफ खेली गई टी20 सीरीज में उतारा.

इसके बाद अब रोहित शर्मा के नेतृत्व में टी20 वर्ल्ड कप टीम उतारी है. ऐसे में पूर्व भारतीय बल्लेबाज मोहम्मद कैफ को इन दोनों बल्लेबाजों से इस वर्ल्ड कप में कमाल करने की उम्मीद है.

कैफ टी20 वर्ल्ड कप के प्रसारणकर्ता चैनल स्टार स्पोर्ट्स पर एक खास चर्चा में शामिल थे. उन्होंने इस मौके पर कहा, 'रोहित शर्मा यह बखूबी जानते हैं कि वह अब बहुत लंबा नहीं खेलने वाले हैं. ज्यादा से ज्यादा 2 या 3 साल और. यही विराट कोहली के भी साथा है.'

उन्होंने कहा, 'तो रोहित और विराट के लिए यह आखिरी मौका है. वे अहमदाबाद में वर्ल्ड कप फाइनल हार गए थे. वे ऐसा खेले थे जैसे उनका कप छीन लिया गया हो तब सभी के दिल टूट गए थे और फैन्स भी निराश थे.' कैफ ने आगे कहा, 'भारत इस वर्ल्ड कप में आसान ग्रुप में है और उसके सामने कोई बड़ी चुनौती है नहीं. तो ऐसे में उनके सामने सिर्फ 2 मुख्य मैच हैं- सेमीफाइनल और फाइनल. तो क्या आप उन दो दिनों के लिए तैयार हैं? यही रोहित शर्मा के लिए बड़ा टेस्ट है.'

# गंभीर का टीम इंडिया का हेड कोच बनना लगभग तय

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोमवार (27 मई) को कोच पद के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख थी। संभावना जताई जा रही है कि गंभीर ने इस पद के लिए आवेदन कर दिया है। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। राहुल द्रविड़ फिलहाल टीम इंडिया के हेड कोच हैं। उनका कार्यकाल अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के बाद खत्म हो जाएगा।

### गंभीर की मेंटरशिप में केकेआर चैंपियन बनी

कोलकाता की टीम आईपीएल 2024 की चैंपियन बनी। गंभीर इस सीजन कोलकाता के मेंटर की भूमिका में थे। रविवार को खेले गए फाइनल मैच के बाद गंभीर जय शाह से मिलने पहुंचे, जिससे उनके भारत के हेड कोच बनने की अटकलें तेज हो गई थीं।

### गंभीर ने बतौर प्लेयर 2 वर्ल्ड कप और कप्तानी में आईपीएल जीते, कोचिंग का अनुभव नहीं



42 साल के गंभीर को इंटरनेशनल या डोमेस्टिक लेवल पर कोचिंग का कोई अनुभव नहीं है। वे दो आईपीएल फ्रेंचाइजी में कोचिंग स्टाफ के इंचार्ज रहे हैं। आईपीएल 2022 और 2023 में वे लखनऊ सुपर जाइंट्स के मेंटर थे। वहीं। 2024 सीजन में केकेआर के साथ जुड़े। गंभीर ने एलएलजी में रहते पहले दोनों सीजन में टीम को प्लेऑफ तक पहुंचाया। वहीं, इस सीजन केकेआर खिताब जीत चुकी है। गंभीर बतौर खिलाड़ी 2007 में भारत की टी-20 वर्ल्ड कप और 2011 में वनडे वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे।

उन्होंने 2011 से 2017 तक सात आईपीएल सीजन के लिए चयक्रकी कप्तानी की। उन्होंने पांच बार प्लेऑफ के लिए भी क्वालिफाई किया। बतौर कप्तान उन्होंने साल 2012 और 2014 में दो खिताब जीते।

### 2021 में हेड कोच बने थे द्रविड़

बीसीसीआई ने राहुल द्रविड़ को नवंबर 2021 में भारत का हेड कोच बनाया गया। तब टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई थी। 2022 के टी-20 वर्ल्ड कप में टीम सेमीफाइनल तक पहुंची थी। 2023 में वनडे वर्ल्ड कप के बाद द्रविड़ का कार्यकाल खत्म हो गया था, लेकिन टीम इंडिया के फाइनल में पहुंचने के कारण उनका कार्यकाल टी-20 वर्ल्ड कप तक बढ़ा दिया गया। द्रविड़ की कोचिंग में टीम इंडिया की एकमात्र कामयाबी 2023 में एशिया कप के रूप में आई। भारत ने मेजबान श्रीलंका को हराकर खिताब जीता था।

टी20 विश्व कप

## सचिन तेंदुलकर के भारत-पाक मैच में मौजूद रहने की संभावना



**नईदिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय क्रिकेट टीम को एक बहुत ही खास व्यक्ति का समर्थन मिलेगा, क्योंकि दिग्गज सचिन तेंदुलकर के 9 जून को न्यूयॉर्क में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के मैच के दौरान मौजूद रहने की उम्मीद है। आईसीसी के साथ मिलकर काम करने वाले एक सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर बताया, हां, अगर सब कुछ ठीक रहा, तो सचिन न्यूयॉर्क में मैच देखेंगे और भारतीय टीम का उत्साहवर्धन करेंगे। यह अभी भी ज्ञात नहीं है कि वह खेल से पहले खिलाड़ियों से मिलेंगे या नहीं, लेकिन स्टैंड में उनकी मौजूदगी रोहित शर्मा और उनकी टीम के लिए मनोबल बढ़ाने वाली होगी, जो कि सबसे महत्वपूर्ण ग्रुप लीग मैच होगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अब तक के सबसे महान भारतीय क्रिकेटर तेंदुलकर अभी भी टेस्ट और वनडे क्रिकेट दोनों में रन बनाने के मामले में शीर्ष पर हैं। उन्होंने 1992 से 2011 के बीच छह 50 ओवर के विश्व कप खेले हैं।

टी-20 वर्ल्डकप 2024

## वार्मअप मैच में ऑस्ट्रेलिया ने दिखाई क्लास



**पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 के वॉर्मअप मैचों की शुरुआत हो गई है। त्रिनिदाद के क्वींस पार्क ओवल पर ऑस्ट्रेलिया की टीम अपना पहला वार्मअप मैच खेलने उतरी। टूर्नामेंट के इस छठे वॉर्मअप मैच में मिचेल की टीम के सामने नामीबिया की चुनौती थी। 2021 की वर्ल्ड कप विजेता ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच में दिखा दिया की क्यों उसे इस बार प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

ऑस्ट्रेलिया वनडे और टेस्ट में अभी वर्ल्ड चैंपियन है। नामीबिया के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया को 7 विकेट से जीत मिली।

### लय में दिखे ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज

ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। आईपीएल में नहीं खेलने वाले जोश हेडलवुड ने दूसरी ही गेंद पर ओपनर माइकल वान लिंगन को आउट कर दिया। उन्होंने ओवर में एक भी रन नहीं दिया। उन्होंने अपने स्पेल के पहले तीन ओवर मेडन डाले और इसमें दो विकेट लिए। हेजलवुड का स्पेल खत्म होने के बाद एडम जम्पा आ गए। उन्होंने भी बल्लेबाजों को बांधकर रखा।

20 ओवर में नामीबिया की टीम 9 विकेट पर 119 रन ही बना सकी। पार्ट टाइम स्पिनर टिम डेविड को 4 ओवर में 39 रन पड़े। हेजलवुड ने 4 ओवर में 5 रन देकर 2 विकेट लिए। जम्पा ने चार ओवर में 3 विकेट झटके। नामीबिया की बात करें तो विकेटकीपर बल्लेबाज जान ग्रीन ने 30 गेंदों पर 38 रनों की सबसे बड़ी पारी खेली।

### 10 ओवर में चेज कर लिया टारगेट

ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने आते ही गेंदबाजों की कुटाई शुरू कर दी। पावरप्ले के बाद ही टीम का स्कोर 61 रन हो गया था। मिचेल मार्श 14 गेंद पर 18 जबकि जोश इंग्लिश 4 गेंद पर 5 रन बनाकर आउट हुए। टिम डेविड ने 16 गेंद पर 3 चौके और एक छक्का लगाकर 23 रन बनाए। वही वॉर्नर ने अटैक जारी रखा।

10वें ओवर में छक्का मारकर उन्होंने 20 गेंदों पर फिफ्टी पूरी की। फिर अगली गेंद पर चौका जड़कर टीम को जीत दिला दी। उनके बल्ले से 21 गेंदों पर 6 चौके और 3 छक्कों की मदद से 54 रन निकले।

टेबल-टेनिस

## भारत ने श्रीलंका को 3-0 से फाइनल में हराया दोनों वर्गों में दक्षिण एशियाई टीम खिताब सुरक्षित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंडर-15 के फाइनल में भी भारत ने श्रीलंका को 3-0 से शिकस्त दी जबकि अंडर-15 लड़कों के फाइनल में भी सार्थक आर्या ने श्रीलंका के खिलाफ अपने दोनों मैच जीतकर भारत की 3-1 से जीत सुनिश्चित की। सोहम मुखर्जी ने भी अपना मैच जीता।

भारत की लड़कियों की अंडर-19 टीम ने कैंडी में मेजबान श्रीलंका को फाइनल में 3-0 से हराकर दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अपना खिताब बरकरार रखा। भारत ने इससे पहले नेपाल को सेमीफाइनल में 3-0 से हराया। फाइनल में भारत की सयाली वानी ने बिमांदी बंडारा को 11-6, 12-10, 11-8, प्रिथा वर्तिकर ने तमादी कविंदया को 7-11, 11-3, 11-7, 6-11, 11-8 जबकि तनीषा कोटेचा ने दिव्या धरानी को 11-8, 11-7, 11-7 से हराकर खिताब जीता।

अंडर-15 पुरुषों के फाइनल में भारत की जीत

अंडर-15 के फाइनल में भी भारत ने श्रीलंका को 3-0 से शिकस्त दी जबकि अंडर-15 लड़कों के फाइनल में भी सार्थक आर्या ने श्रीलंका के खिलाफ अपने दोनों मैच जीतकर भारत की 3-1 से जीत सुनिश्चित की। सोहम मुखर्जी ने भी अपना मैच जीता। हालांकि साहिल रावत को अगस्तया आनंदिथा से हार का सामना करना पड़ा था।



## ऋषभ पंत टी20 विश्व कप में बड़ा प्रभाव डालेंगे: पोंटिंग

**दुबई, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग को उम्मीद है कि भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप में बड़ा प्रभाव डालेंगे। ऋषभ पंत ने आईपीएल 2024 में 14 महीने से अधिक के अंतराल के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की, और अब चंद दिन बाद विश्व कप जैसे बड़े मंच पर एक बार फिर अपना जलवा बिखरने के लिए तैयार हैं।

एक भयानक कार दुर्घटना में कई चोटों से उबरने के बाद उन्होंने न केवल सीजन में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी की, बल्कि अपनी फिटनेस पर सस्पेंस बने रहने के बावजूद पूरे सीजन शानदार विकेटकीपिंग भी की। टी20 विश्व कप के लिए पंत का नाम भारत की टीम शामिल है। इस पर पोंटिंग ने कहा कि उनकी शानदार वापसी के बाद उनका विश्व कप टीम में शामिल होना तय था। पोंटिंग को यह भी लगता है कि मेगा इवेंट में ऋषभ अच्छा इम्पैक्ट डालेंगे। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा, जब मैं वहां था तो मुझसे पूछा गया कि मैं उसके बारे में क्या सोचता हूं। उसे भारतीय टीम में चुना गया था, और मैंने कहा था कि वह चुने गए पहले खिलाड़ियों में से एक होगा, और निश्चित रूप से वह था। इसलिए, उसे दोबारा वहां खेलते हुए देखना बहुत अच्छा है।

मैंने उनके साथ काम करने के हर पल का आनंद लिया है। उन्होंने आगे कहा, लेकिन यह एक उल्लेखनीय वापसी रही है और उम्मीद है कि इस विश्व कप पर उनका बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। पंत, जो चोटों के कारण आईपीएल के पिछले संस्करण में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने आईपीएल 2024 में 446 रन बनाए, जो इस संस्करण में फ्रेंचाइजी के लिए सबसे अधिक है। उन्होंने तीन अर्धशतक भी बनाए और 155.40 की शानदार स्ट्राइक रेट के साथ खेले। पोंटिंग ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो यह किसी चमत्कार से कम नहीं है। मैंने पिछले साल आईपीएल के बीच में उनके साथ कुछ महीने बिताए थे। उनकी चोट काफी गंभीर थी और मुझे तब डर था कि वह फिर कभी यह खेल पाएंगे या नहीं।मुझे याद है कि मैंने उनसे कहा था, आप अगले सीजन के बारे में क्या सोचते हैं? उसने बस मेरी तरफ देखा और कहा, चिंता मत करो, मैं सही हो जाऊंगा। दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी ने उनकी देखरेख में बहुत अच्छा काम किया है। पैट्रिक फरहार्ट उनके फिजियो रहे हैं। उन्होंने उसके साथ भी बहुत अच्छा काम किया है। पोंटिंग ने कहा कि टूर्नामेंट में लगातार 14 मैचों तक उनकी कीपिंग को लेकर सभी को संदेह था लेकिन पंत ने उन्हें गलत साबित कर दिया।

पेरिस ओलंम्पिक

## ओलंपिक में भाग लेने वाले निशानेबाज म्यूनिख विश्व कप में खेलेंगे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरआई) ने मंगलवार को बताया कि ओलंपिक में भाग लेने वाले सभी निशानेबाज म्यूनिख में होने वाले आगामी विश्व कप में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं। इस टूर्नामेंट के जरिये खिलाड़ियों की तैयारियों की परीक्षा होगी।

पेरिस ओलंपिक जुलाई में होना है, उससे पहले यह एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट होगा। कई निशानेबाजों ने एनआरआई से 31 मई से छह जून तक होने वाले विश्व कप (पिस्तौल और राइफल) से छूट देने का आग्रह किया था क्योंकि उन्हें अप्रैल और मई में नई दिल्ली और भोपाल में हुए कड़े ओलंपिक चयन ट्रायल्स के बाद थोड़ा विश्राम की जरूरत है। ओलंपिक चयन ट्रायल में भाग लेने वाले निशानेबाज और अधिकारियों ने महासंघ के पदाधिकारियों से मुलाकात की।

इसमें एनआरआई ने निशानेबाजों को विश्व कप के महत्व के बारे में बताया। पेरिस ओलंपिक में अब केवल दो महीने का समय बचा है।

एनआरएआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कलिकेश सिंहदेव ने कहा- हमने निशानेबाजों से बात की और वे सभी विश्व कप में भाग लेने के लिए तैयार हैं। हमने उन्हें अपनी स्पर्धा चुनने और उसमें वे किस तरह से भाग लेना चाहते हैं, इसकी छूट दी है। अगर वे केवल फाइनल्स में खेलना चाहते हैं तो ऐसा कर सकते हैं। या फिर वे केवल रैंकिंग अंकों (आरपीओ) के लिए खेल सकते हैं।

मोटो जीपी चैंम्पियनशिप

## इस साल भारत में मोटो जीपी का आयोजन नहीं, अब 2025 में होगी रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस साल भारत में होने वाला मोटो जीपी चैंपियनशिप सितंबर में नहीं होगा। अब इसे मार्च 2025 के लिए स्थगित कर दिया गया है। ऐसा कहा जा रहा था पिछले साल हुई रेस में रेस प्रमोटरों ने अधिकार रखने वालों को बकाया भुगतान नहीं किया था।



इसके बाद 20 से 22 सितंबर के बीच होने वाले दूसरे सत्र पर अनिश्चितता मंडराने लगी थी। मंगलवार को सभी संबंधित पक्षों और उत्तर प्रदेश सरकार की बैठक में यह तय हुआ कि रेस का अगला सत्र 2025 में मार्च में कराया जाए। इसे मार्च के पहले या दूसरे सप्ताह में आयोजित किया जा सकता है। एक अधिकारी ने कहा कि सभी भुगतान कर दिए गए हैं और जो बचे हैं, वे अगले साल हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमने नवंबर में भी रेस कराने के बारे में सोचा, लेकिन फिर चार लगातार रेस टीमों और राइडर्स के लिए मुश्किल होती।

पहले सत्र में बुद्ध अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर हुई रेस में 50 हजार से अधिक फैंस जुटे थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## एक नजर

### पूर्व विधायक सुरेश मेहता ने इंडी गठबंधन प्रत्याशी के लिए किया जनसंपर्क

**हसपुरा (औरंगाबाद) (का.सं.)।** राजद नेता सह पूर्व विधायक सुरेश मेहता ने काराकाट लोकसभा क्षेत्र में गोह विधानसभा क्षेत्र के हसपुरा, इटवां, देवकुंड, अहियापुर, धमनी, डिहुरी सहित दर्जनों गांवों का दौरा करते हुए आम नागरिकों से अपील किया कि इस बार का चुनाव संविधान बचाने और लोकतंत्र की गरिमा को बरकरार रखने के लिए लड़ा जा रहा है। महंगाई, बेरोज़गारी, किसानों, मजदू रों की समस्याओं से निजात दिलाने के लिए काराकाट लोकसभा क्षेत्र से भाकपा माले के उम्मीदवार राजाराम सिंह को झंडा पर तीन तारा निशान पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाकर लोकसभा में भेजें। गरीबों, दलितों, अल्पसंख्यको, छात्र, बेरोजगार, किसान, मजदूरों की समस्याओं को लोकसभा में उठाकर इस क्षेत्र की समस्याओं से लोगों को निजात दिलवाने का कार्य करेंगे।

### वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अंबा (औरंगाबाद) (का.सं.)।** रिसियप पुलिस ने थाना क्षेत्र के विशुनपुर निवासी आनंद सिंह, दिनेश सिंह व रमेश सिंह को गिरफ्तार पर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि उनके विरुद्ध कोर्ट से वारंट निर्गत था। पिछले दिनों से ये फरार चल रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर इन्हें गिरफ्तार किया गया है।

### युवती को किया गया गया बरामद

**टंडवा (औरंगाबाद) (का.सं.)।** टंडवा थाना पुलिस ने डेढ़ माह पूर्व अपहृत युवती को अपहर्ता के साथ औरंगाबाद से बरामद कर लिया है। टंडवा थानाध्यक्ष रामजी प्रसाद ने बताया कि मुंगिया गांव निवासी मो. इसहाक ने गांव के ही सनोज राम पर पुत्री के अपहरण करने का आरोप लगाते हुए टंडवा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस के द्वारा अपहृत युवती की बरामदगी को लेकर छापेमारी की जा रही थी। औरंगाबाद के रामाबांध बस स्टैंड के समीप से पुलिस ने दोनों को बरामद किया।

### शराब के साथ तस्कर धराया, गया जेल

**अंबा (औरंगाबाद) (का.सं.)।** कुटुंबा पुलिस ने थाना क्षेत्र के महुआ धाम मोड़ के समीप से 110 बोतल देशी शराब के साथ तस्कर रविरंजन कुमार को गिरफ्तार किया है। वह झारखंड प्रदेश के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के अररूआ गांव का निवासी है।। यह कार्रवाई पुलिस पदाधिकारी प्रशांत त्रिवेदी ने की है। उन्होंने बताया कि वह बाइक से शराब की खेप लेकर आ रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर उसे पकड़ा गया है। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है और गिरफ्तार तस्कर को जेल भेज दिया गया है।

### स्वीप कार्यक्रम के तहत चलाया जा रहा जागरुकता अभियान

**औरंगाबाद (का.सं.)।** जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसर हर विधान सभा क्षेत्र में बूथवाइज टीमें बना दी गई हैं। टीमों में आशा, जीविका दीदी, टोला सेवक एवं आंगनवाड़ी सेविका शामिल हैं। ये टीमें घर-घर जाकर जागरूकता फैला रही हैं और सभी को अपने मतदान के अधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित कर रही हैं। निर्वाचन से पूर्व के कुछ दिनों में स्वीप के कार्यक्रम और तेजी पर है। इसी क्रम में आज नबीनगर ब्लॉक में बीडीओ, सीडीपीओ, बीईओ एवं आम जानो द्वार कैंडल मार्च निकाला गया और लोगो तक ये संदेश पहुंचाएं कि 1 जून को सब अपना वोट दें। चुनावी जिंगल एवं घर-घर दस्तक के माध्यम से लोगो के बीच चुनाव का उत्साह बढ़ रहा है। दाउदनगर पीएचसी के अंतर्गत सभी आशा , फैसिलिटेटर और एएनएम के द्वारा रंगोली कार्यक्रम तथा पहले मतदान तब जलपान हेतु शपथ ग्रहण का कार्यक्रम सभी पंचायत में मनाया गया।

### बीएड कोर्स : दाखिले के लिए पिछले चार साल से अधिक आवेदन आए

**पटना (का.सं.)।** राज्य के सरकारी और निजी बीएड कॉलेजों के लिए अभ्यर्थी चार जून तक विलंब शुल्क के साथ आवेदन कर सकते हैं। विलंब शुल्क पांच सौ रुपये अतिरिक्त देना होगा। इस बार अब तक एक लाख 98 हजार 101 अभ्यर्थियों ने सीईटी-बीएड-2024 के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। पिछले चार वर्षों की तुलना में यह सबसे ज्यादा है। इसबार मोबाइल से भी आवेदकों ने बड़ी संख्या में ऑनलाइन आवेदन किया है।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव, प्रेम-प्रसंग में हत्या की आशंका जता रहे परिजन

निज संवाददाता




**हसपुरा( औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना क्षेत्र के टाल तोलें रामजीवन बिगहा गांव में एक 21 वर्षीय युवक का शव पेड़ से टंगा हुआ मिला जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। युवक की पहचान थाना क्षेत्र के ही चनहट गांव निवासी लालमोहन चौधरी के पुत्र रूपेश कुमार के रूप में हुई है, जो सोमवार की शाम से ही लापता था। मृतक के परिजन घटना के पीछे की वजह प्रेम-प्रसंग के विवाद को बता रहे हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। बुधवार की सुबह सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि रुपेश सोमवार की शाम से लापता था। इधर-उधर काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। अचानक मंगलवार की देर शाम चौकीदार द्वारा परिजनों को घटना की जानकारी मिली। परिजनों ने बताया कि जिस इलाके में रूपेश का शव पेड़ से टंगा हुआ बरामद हुआ है, उसी इलाके की एक लड़की से रूपेश प्रेम करता था। दोनों के बीच कई वर्षों से प्रेम-प्रसंग का मामला चल रहा था। हालांकि स्पष्ट रूप से परिजनों को इसकी जानकारी नहीं थी। हालांकि मामले की हकीकत पुलिस जांच के बाद ही सामने आएगी। रूपेश की मौत संदेश के घेरे में है और पुलिस इसकी गुत्थी सुलझाएगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम युवक की हत्या कर रामजीवन बिगहा गांव के एक बगीचे में फंदे के सहारे पेड़ से लटका दिया गया। जब ग्रामीण निकले तो देखा कि एक युवक का शव पेड़ से टंगा हुआ है। शोरगुल की आवाज सुनकर भारी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति रही। वहीं शव मिलने की जानकारी फैलने के बाद आसपास के इलाकों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना हसपुरा थाना की पुलिस को दी। सूचना के बाद हसपुरा थानाध्यक्ष दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और युवक के शव को फंदे से नीचे उतारा। इसके बाद शव की पहचान कर घटना की सूचना परिजनों को दी।

पुलिस से मिली सूचना पर बदहवास परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और शव देख चीत्कार उठे। हसपुरा थाना की पुलिस ने मामले की तहकीकात करते हुए परिजनों से फर्द बयान कराया और सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। हालांकि युवक की हत्या किसने की और उसके शव को फंदे से किस समय लटकाया गया। इसकी जानकारी किसी को नहीं है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

हसपुरा थानाध्यक्ष नरोत्तम ने बताया कि युवक का पोस्टमार्टम करा कर दाह संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल परिजनों द्वारा आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इधर घटना के बाद से परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है तो वहीं गांव में मातम पसरा हुआ है। जिस इलाके से युवक का शव बरामद हुआ है उस इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। इस घटना से लोग काफी भयभीत हैं।

# बिहार के पांच जिलों में लू का अलर्ट, औरंगाबाद सबसे गर्म, गया में 54 साल का टूटा रिकॉर्ड

निज संवाददाता

**पटना।** बिहार में मई महीने के अंत में झुलसाने वाली गर्मी से जीना बेहाल हो गया है। खासकर दक्षिण बिहार में तापमान बढ़ने से आसमान से आग बरसने जैसा एहसास हो रहा है। बीते 24 घंटे के भीतर 47.7 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ औरंगाबाद सबसे गर्म रहा। वहीं, गया में भी पारा 46 डिग्री के पार हो गया और 54 सालों का रिकॉर्ड टूट गया। मौसम विभाग ने बुधवार को पांच जिलों में लू (हीटवेव) और 7 में हॉट नाइट (गर्म रात्रि) की चेतावनी जारी की है।



मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक बुधवार को बक्सर, औरंगाबाद, गया, कैमूर और रोहतास जिले में हीटवेव का असर देखने को मिलेगा। वहीं, सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा, भभुआ, रोहतास, औरंगाबाद और नवादा में गर्म रात्रि यानी हॉट नाइट का अलर्ट है। यानी कि इन जिलों में दोपहर के साथ रात के समय भी पसीने छूटने वाले हैं। मंगलवार को बक्सर में 46.4, गया में 46.8, छपरा में 41, डेहरी में 47, शेखपुरा में 42.9, जमुई में 42.5, भोजपुर में 45.6, वैशाली में 43.9 और राजगीर में 44.1 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। मौसम विभाग के अनुसार बिहार में हवा के अंदर आर्द्रता की मात्रा 60 से 70 प्रतिशत के बीच है। वायुमंडल में आर्द्रता की मात्रा अधिक होने के कारण लोगों को वास्तविक तापमान से अधिक गर्मी का एहसास होता है। मंगलवार को पटना का अधिकतम तापमान 42.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया या। मगर लोगों को 55 डिग्री सेल्सियस जैसी गर्मी का एहसास हुआ। इसी तरह बिहार के अन्य जिलों में भी लोगों को वास्तविक तापमान से अधिक 57 डिग्री जैसी गर्मी का एहसास हुआ। मौसम विभाग की मानें तो दक्षिण बिहार में पछुआ हवा का प्रवाह शुरू हो गया है, फिलहाल भीषण गर्मी और लू से राहत के आसार नहीं नजर आ रहे हैं।

## केवाईसी नहीं करवाने पर खाद्यान्न से वंचित रहेंगे लाभुक

**औरंगाबाद (का.सं.)।** जनवितरण प्रणाली दुकानों पर खाद्यान्न लेने वाले लाभुक अगर जल्द केवाईसी नहीं करवाते हैं तो लाभुकों को खाद्यान्न लेने से वंचित रहना पड़ेगा। प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा जारी पत्र के आलोक में जांच की जा रही है कि राशन कार्ड में जितने उपभोक्ता हैं, उसमें कितने जीवित हैं और कितने की मौत हो गयी है। कहा कि जिन उपभोक्ताओं का केवाईसी नहीं होगा, सरकार द्वारा यह समझा जाएगा कि उक्त लाभुकों की मौत हो गयी है और वैसे लाभुक को खाद्यान्न लेने से वंचित रहना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में जनवितरण प्रणाली विक्रेता भी कुछ नहीं कर सकते हैं। आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि खाद्य उपभोक्ता संरक्षण विभाग एवं एसडीओ के निर्देश पर सभी जनवितरण प्रणाली दुकानों पर केवाईसी किया जा रहा है।

## भाजपा सांसद गोपाल जी मंडल ने उपेंद्र कुशवाहा के समर्थन में किया जनसंपर्क



निज संवाददाता

**ओबरा( औरंगाबाद)।** दरभंगा के भाजपा सांसद गोपाल जी ठाकुर ने बुधवार को ओबरा विधानसभा क्षेत्र में ओबरा, मनोरा ऊब, दाउदनगर, भखरुआ, तिवारी बीघा आदि गांवों में काराकाट से एनडीए समर्थित राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा के समर्थन में जनसंपर्क किया। इस दौरान सांसद ने कहा कि अबकी बार 400 पार करना है। इसके लिए उपेंद्र कुशवाहा को सिलेंडर छाप पर वोट देना है। काराकाट में एनडीए की आंधी चल रही है। मोदी जी का जलवा प्रदेश में एवं पूरे देश में दिख रहा है। आने वाले समय में दो तिहाई बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी तो देश विकसित भारत बन जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामकुमार झा, सरवन कुमार चौधरी, ओबरा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार उर्फ पप्पू अग्रवाल, संजय मालाकार, शिव शंकर प्रसाद, अश्विनी तिवारी, सुनील सिंह, विनोद पटेल, डॉ. रामेश्वर सिंह समेल दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलिस ने धोखाधड़ी और चेक बाउंस में अभियुक्त किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद नगर थाना पुलिस ने धोखाधड़ी और चेक बाउंस के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 27 के शाहपुर कृष्णापुरी मुहल्ला निवासी भगवती प्रसाद के पुत्र उग्र संजीत कुमार सिंह को पुलिस ने धोखाधड़ी और चेक बाउंस के मामले में बुधवार को गिरफ्तार किया। नगर थाना के सब इंस्पेक्टर अनित कुमार ने यह कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि एक अगस्त 2023 को औरंगाबाद के राजू कुमार सिंह ने नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उन्होंने उग्र संजीत कुमार सिंह से जमीन खरीदने की बातचीत की थी। उक्त जमीन के बदले उन्होंने साढ़े चार लाख रुपए उसे दिए थे। बाद में उग्र संजीत कुमार सिंह ने जमीन देने से मना कर दिया तो राजू कुमार सिंह ने पैसों की मांग की। उसने पैसों के बदले साढ़े चार लाख रुपए का एक चेक उन्हें दे दिया। राजू कुमार सिंह ने चेक को बैंक में जमा किया तो वह बाउंस कर गया। इस मामले में नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसी प्राथमिकी के आलोक में अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि काफी समय से उक्त अभियुक्त फरार चल रहा था। गुप्त सूचना पर उसे गिरफ्तार किया गया और पूछताछ के बाद जेल भेजा गया है।

## निगम तीन सौ जगहों पर कराएगा समरसेबल बोरिंग

**पटना(नि.सं.)।** नगर निगम क्षेत्र में तीन सौ जगहों पर सरमसेबल बोरिंग होगी। जून में बोरिंग के लिए टेंडर जारी किया जाएगा और महीने के अंत में बोरिंग का काम शुरू कर दिया जाएगा। जलापूर्ति व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम ने प्रत्येक वार्ड में पांच-पांच जगहों पर समरसेबल बोरिंग करने का निर्णय लिया है। सभी अंचलों से नगर निगम को स्थल चयन का प्रस्ताव मिल गया है। जिन इलाकों में जलापूर्ति पाइप लाइन की व्यवस्था सही नहीं है वहां विशेष तौर पर यह सुविधा दी जा रही है। नगर निगम ने अप्रैल माह में यह निर्णय लिया था कि गर्मी में पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए समरसेबल बोरिंग की जाएगी।

## काराकाट लोस क्षेत्र में चुनाव को लेकर डीएम-एसपी ने की एएसएल मीटिंग



निज संवाददाता

**नबीनगर (औरंगाबाद)।** काराकाट संसदीय सीट के लोकसभा चुनाव को लेकर औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम ने बुधवार को एडवांस सिक्योरिटी लाइजनिंग (एएसएल) से संबंधित सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं के सिलसिले में नवीनगर स्थित सभाकक्ष में बैठक की। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात), पुलिस उपाधीक्षक(साइबर), प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक अन्य पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहें।

# सेंटर फॉर कैटेलाईजिंग चेंज से जुड़ी पंचायत प्रतिनिधियों ने महिलाओं को किया जागरूक

निज संवाददाता



**ओबरा (औरंगाबाद)।** सेंटर फॉर कैटेलाईजिंग चेंज के द्वारा विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर औरंगाबाद जिला के ओबरा प्रखंड में संचालित पहल प्लस परियोजना के तहत कारा, सोनहुली, डिहरा एवं करसाव पंचायत में जनप्रतिनिधि गीता देवी मुखिया, तबस्सुम आरा मुखिया, वार्ड सदस्य कलावती देवी एवं सोनी देवी के द्वारा अपने क्षेत्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य इस विषय पर समझ विकसित करना व ग्राम स्तर पर एक माहौल तैयार करना था ताकि खुल कर इन विषयों पर बातचीत हो सके। कार्यक्रम के दौरान महिला पंचायत प्रतिनिधियों ने इन विषयों पर अपने स्वयं के अनुभव साझा करते हुए लोगों को संदेश देने का कार्य किया। पंचायत जनप्रतिनिधियों ने बताया की आधुनिकता एवं शिक्षा के बाबजूद आज भी इन मुद्दों पर बात करना सहज नहीं हैं। परिवार में अपने बच्चों के साथ जानकारी बांटने में भी लोगों को कोई झिझक महसूस होती है। समाज में अभी भी बहुत लोग हैं जिनको लगता है की मासिक धर्म अपराध से कम नहीं है एवं बहुत सारे परिवार में माहवारी के दौरान लड़कियों, महिलाओं को अलग थलग किये जाने का प्रचलन बहुत जगह विद्यमान है। जिसकी वजह से किशोरियो एवं महिलाओं के लिए भी यह प्राकृतिक शारीरिक प्रक्रिया को लेकर शर्म और झिझक बनी रहती है बताएं ताकि उनकी बेटी को भी किसी के सामने शर्मिंदा नहीं होना पड़े। जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं के अलाबा समाज के अन्य तबको को भी शामिल किया गया एवं उनको यह बात समझाई गई की माहवारी कोई हसने का विषय नहीं है। यह प्राकृतिक एवं अत्यंत जरुरी प्रक्रिया है। अगर यह नहीं होती तो आज वे भी नहीं होते। इंसान की उत्पत्ति का आधार माहवारी ही है। इस विषय पर पुरुषों एवं लडकों को भागीदार बनाने का उद्देश्य लड़कियों की इस विषय पर होने वाली हिचकिचाहट को दूर करना और उन्हें भी इन मुद्दों पर सहज बनाना था। इस दौरान समुदाय के लोगों के अपने अपने हाथों में 'रेड डॉट' (लाल बिंदी) बनाकर एवं जागरूकता भरे नारों के माध्यम से विभिन्न भ्रांतियों को दूर करने एवं इस विषय पर समाज को जागृत एवं संवेदनशील करने का कार्य किया। कार्यक्रम के दौरान कुछ किशोरियों को वार्ड सदस्यों के द्वारा बिना काली पोलीथीन या अखबार में लपेटे सेनिटरी पैड का भी वितरण किया गया और उनको इस बात का एहसास कराया गया की यह उनका अधिकार है जो छुपा कर नहीं बल्कि खुल कर लिया जाता है।

महिला पंचायत जनप्रतिनिधियों को आशा है की इस दिवस के माध्यम से माहवारी संबंधित भ्रम एवं भ्रांतियों को दूर कर एक आदर्श और समझदार समाज बनाने में सहायता मिलेगी। इस कार्यक्रम में सेविका गुड़िया कुमारी,गीता कुमारी एवं आशा प्रिती कुमारी,भगमती देवी, सीएचओ पूजा शर्मा मौजूद रहें। इस दौरान सी3 के ज़िला समन्वयक कमलेश राज एवम् प्रखंड समन्वयक ब्रज किशोर मंडल मौजूद रहे।

## करोड़ों लोगों को मुफ्त में राशन दे रही मोदी सरकार : चिराग




निज संवाददाता

**गोह( औरंगाबाद)।** गोह के गांधी मैदान में बुधवार को चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे चिराग पासवान ने बिहार के काराकाट लोक सभा सीट से एनडीए के उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि पहली बार देश में ऐसे प्रधानमंत्री बने हैं, जिनके प्रयास से आपके लिए शौचालय, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, पक्का मकान, आयुष्मान कार्ड बनवाया और गरीब कल्याण योजना के तहत 81 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग आप लोगों के बीच भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं। यह वही लोग हैं जो 1990 के दशक लाठी में तेल पिलाने का काम करते थे। यह वही लोग हैं जो अब विरासत टैक्स लगाने की बात कर रहे हैं। आप लोगों का जितना जेवर होगा उसका 55 प्रतिशत कांग्रेस और आरजेडी विरासत टैक्स लगाकर जब्त कर लेगी।

वहीं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सांसद संजय जसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने कार्यकाल में जो देश का विकास किया है। उसको भुलाया नही जा सकता। मौके पर विधायक रणविजय शर्मा,पूर्व विधायक मनोज शर्मा, जिला प्रवक्ता सुनील शर्मा गोह मंडल अध्यक्ष उमेश पासवान सहित सैकडों कार्यकर्ता मौजूद थे। मंच संचालन लोजपा के जिला अध्यक्ष सोनू सिंह ने किया।

## मोबाइल झपटकर भाग रहे बदमाश को दबोचा

**पटना(नि.सं.)।** पटना जंक्शन के बुकिंग काउंटर के पास मंगलवार की शाम बैठे एक परीक्षार्थी का मोबाइल झपटकर भाग रहे बदमाश को अन्य यात्रियों ने पकड़ लिया। उसकी जमकर पिटाई करने के बाद रेल पुलिस को सौंप दिया। रेल पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध केस दर्ज कर उसे रेल न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया। पश्चिम बंगाल के बिरमुम जिला निवासी सादिम दास पटना में परीक्षा देने के बाद घर जाने के लिए अपने अन्य दोस्तों के साथ प्रतीक्षालय में बैठे हुए थे। इसी दौरान एक बदमाश उनका मोबाइल झपटकर भागने लगा। शोर मचाने पर अन्य यात्रियों ने आरोपित राहुल को पकड़ लिया और पिटाई शुरू कर दी। इसकी सूचना मिलते ही रेल पुलिस भी वहां पहुंच गई। यात्रियों ने पिटाई करने के बाद आरोपित को रेल पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने उसके पास से मोबाइल बरामद कर लिया। आरोपित शास्त्रीनगर का रहने वाला है। पीड़ित की शिकायत पर रेल थाना में केस दर्ज किया गया है।

## बच्चियों को लघु फिल्म दिखाकर माहवारी स्वच्छता के प्रति किया गया जागरूक

निज संवाददाता

**कुटुंबा (औरंगाबाद)।** विश्व माहवारी स्वच्छता सप्ताह के मौके पर कुटुंबा के मिडिल स्कूल में कार्यक्रम चलाकर बच्चियों को जागरूक किया गया। उन्हें इससे जुड़ी लघु फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम का आयोजन पिरामल फाउंडेशन के नवीन कुमार और गुलाम रसूल की देखरेख में हुआ। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से बच्चियों को माहवारी से जुड़ी विभिन्न प्रकार की जानकारी दी। शिक्षिका संगीता कुमारी ने बताया कि महावारी किशोरियों व महिलाओं में होने वाला एक प्राकृतिक चक्र है जो प्रत्येक माह होता है। इसमें विशेष साफ-सफाई एवं स्वच्छता की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि इसमें हमें भय, संकोच या लज्जा नहीं करनी चाहिए और सैनिटरी पैड का इस्तेमाल करना चाहिए। छात्रा शिवानी, निभा, रितिका रितु, अंशु, प्रिया, पल्लवी, रेशमा आदि ने इससे जुड़े पेंटिंग बनाई। कई बच्चियों ने इस विषय पर लेख भी लिखा। इस संबंध में प्रश्नोत्तरी गतिविधि भी आयोजित की गई। बच्चियों ने अपनी हथेलियों पर रेड डॉट का निशान बनाया। प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर प्रसाद साहू ने बताया कि समग्र शिक्षा के डीपीओ के पत्र के निर्देशानुसार विद्यालय में यह गतिविधि आयोजित की गई। कार्यक्रम में मीना मंच की बालिकाओं सहित अन्य बच्चियों ने भाग लिया।

## पर्यावरण संरक्षण पर वाद-विवाद प्रतियोगिता संपन्न, सफल प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** भूमि संरक्षण विभाग, औरंगाबाद द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (जलछाजन विकास) 2.0 परियोजना के दुलारे पंचायत के कर्मा मध्य विधालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस -2024 पखवाड़ा के तहत शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में पल्लवी कुमारी, प्रथम स्थान प्रिंस कुमार, द्वितिय स्थान अर्चना कुमारी, तृतीय स्थान का पुरस्कार प्राप्त किया। पर्यावरण संरक्षण विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता में अनिश कुमार, प्रथम स्थान सुगंधा कुमारी, द्वितिय स्थान प्रियांशु कुमारी, तृतीय स्थान का पुरस्कार प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रभा कुमारी, प्रथम. स्थान सुजीत कुमार, द्वितिय स्थान अनु कुमारी, तृतीय स्थान का पुरस्कार प्राप्त किया। इस मौके पर सहायक निदेशक शस्य रवि शंकर राम, मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष दुलारे पंचायत बिजेंद्र कुमार यादव, सहायक निदेशक कृषि अभियंत्रण मंटू कुमार, परियोजना प्रबंधक शितिज नारायण झा, जल छाजन विकास दल विश्वास कुमार, अनिल पोदार, रेखा रानी, सोनू कुमार, सरपंच रामशीष यादव, सुमित कुमार, नीलम कुमारी, पंकज कुमार, मोहम्मद आलमगिर सहित अन्य मौजूद रहे।

## विद्युत बिल : 5 करोड़ की जगह मात्र 1.25 करोड़ की मासिक वसूली

निज संवाददाता

**कुटुंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड के विद्युत बिल कलेक्शन की स्थिति बेहद बुरी है। इस बात को लेकर विभाग चिंतित है। जेई प्रियकंचन कुमार निराला ने बताया कि प्रखंड में कुल 35620 उपभोक्ता है जिसमें मासिक भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या मात्र 12-13 हजार ही है। उन्होंने बताया कि जितनी बिजली की खपत होती है, उसके हिसाब से प्रतिमाह पांच करोड़ रुपए का बिजली बिल वसूल होना चाहिए। इस दिशा में काफी प्रयास करने के बाद भी मात्र 1.25 करोड़ के आस-पास ही वसूली हो पाती है। बिजली बिल जमा नहीं होने की स्थिति में कई बार कार्रवाई भी करनी पड़ती है। उपभोक्ताओं का ध्यान उन्होंने इस ओर आकृष्ट कराया है और कहा है कि नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान करें। इसमें यदि कहीं कोई परेशानी आती है तो कार्यालय से संपर्क स्थापित करें। प्रतिमाह भुगतान करने से पैसे भी कम लगते हैं और उपभोक्ताओं को सुविधा भी होती है। बिल अधिक हो जाने की स्थिति में उपभोक्ताओं के लिए यह बोझ बन जाता है और ब्याज की रकम से बिल बढ़ता जाता है। शहरों की तरह अब गांव में भी स्मार्ट मीटर लगने वाला है। जितने भी नए कनेक्शनधारी होंगे, उन्हें स्मार्ट मीटर ही जारी किया जाएगा।

# गर्मी में हांफ रहे सूबे के सब-स्टेशन और फीडर

निज संवाददाता

**पटना।** राज्य में बिजली आपूर्ति की हालत खराब है। अचानक से बिजली की मांग में वृद्धि के कारण फीडर व सब-स्टेशन हांफ रहे हैं। इस कारण बिजली कंपनी को न चाहते हुए भी पटना सहित पूरे राज्य में फीडर व सब-स्टेशनों को बंद करना पड़ रहा है। इस कारण राजधानी सहित पूरे राज्य में घंटों लोडशेडिंग हो रही है। जानकारी के अनुसार सर्दी के मौसम में राज्य के सभी फीडर, पावर सब-स्टेशन और ग्रिड सब-स्टेशनों की क्षमता का आकलन करना होता है। इसके तहत वास्तविक खपत से 20 फीसदी अधिक का आकलन करते हुए उसकी पूरी रिपोर्ट मुख्यालय को भेजनी होती है। इसी रिपोर्ट के आधार पर फीडर, सब-स्टेशनों की क्षमता में वृद्धि की जाती है। अतिरिक्त क्षमता के पावर ट्रांसफॉर्मर लगाए जाते हैं। तात्कालिक व्यवस्था में इलाके के लोड को अलग-अलग फीडर में बांट दिये जाते हैं। लेकिन मुख्यालय की ओर से बार-बार कहे जाने के बाद भी स्थानीय इंजीनियरों की ओर से सही रिपोर्ट नहीं भेजी जाती है। इस कारण जब गर्मी में फीडर या सब-स्टेशन पर लोड बढ़ जाते हैं तो बिजली की उपलब्धता होने के बावजूद फीडर व सब-स्टेशनों को बंद करना पड़ता है। इंजीनियरों की गलती का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ता है। भीषण गर्मी में लोग बिना बिजली के ही जीने को विवश हो जाते हैं।

## प्रचंड गर्मी ने बिजली की खपत में बनाया नया रिकॉर्ड

निज संवाददाता

पटना। आसमन से बरस रहे आग के बीच उमस भरी बेबर्दाश्त गर्मी ने लोगों को बेहाल कर रखा है। शहर में हालत यह हो गई कि दिन के 12 बजे से एसी और कूलर चलने लगे और लगातार शाम चार बजे तक चला। जिसका असर यह हुआ कि बिजली की खपत में एक और नया रिकॉर्ड बन गया। बुधवार को इतना गर्म दिन रहा कि दोपहर 12 बजे ही 739 मेगावाट बिजली की मांग पहुंच गई। शाम चार बजे तक 814 मेगावाट पर पहुंचकर अबतक का रिकॉर्ड तोड़ दिया। पेसू को अनुमान है कि यह मांग बढ़कर 850 मेगावाट तक जा सकती है। शहर के सभी फ्यूजकॉल सेंटर को 24 घंटे अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। पेसू जीएम श्रीराम सिंह ने निर्देश दिया है कि शिकायत को अविलंब दूर किया जाए। इसकी निगरानी रात में विद्युत कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता और कनीय अभियंता करेंगे। शिकायतें को दूर करने में देर होने पर जिम्मेदर कर्मियों पर कार्रवाई होगी।गर्मी के तेवर ने बिजली की खपत के आकलन को ही बदल डाला है। बिजली विभाग के अनुसार बिजली की खपत पीक आवर में रात के समय 11 बजे अधिक होती है।